3 राजधानी
पिछली सीट पर बेल्ट नहीं बांधने पर चालान

6 अभिमत
कांग्रेस विजय की संभावनाएं क्षीण

10 विदेश
एससीओ सम्मेलन में मोदी शी और पुतिन होंगे शामिल

12 स्पोर्ट्स
कोहली टी-20 रैंकिंग में 15वें स्थान पर पहुंचे



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 305
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 15 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




ममता राज में कानूनविहीन हुआ बंगाल

राष्ट्रीय-9

# गोवा में कांग्रेस को झटका, आठ विधायक भाजपा में

- भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पाला बदल को कांग्रेस ने सत्ता और पैसे का दुरुपयोग करार दिया
- खुद भाजपा में आना चाहते थे कांग्रेस के विधायक, हमने कुछ नहीं किया: सीएम प्रमोद सावंत



पणजी में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सदानंद शेत तानवड़े की उपस्थिति में कांग्रेस के आठ विधायकों ने थामा भगवा दल का दामन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पणजी

**भारत** जोड़ो यात्रा से दक्षिणी राज्यों में हलचल पैदा करने वाली कांग्रेस को बुधवार को उस समय तगड़ा झटका लगा जब गोवा में पार्टी के 11 में से 8 विधायक सत्ताधारी भाजपा में शामिल हो गए। पाला बदलने वाले विधायकों में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत भी हैं।


चालीस सदस्यीय गोवा विधानसभा में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या घटकर अब केवल तीन रह गई है। कांग्रेस ने इस कदम को विधायकों की ओर से विश्वासघात तथा बेशर्मी की हद करार दिया है। विधायकों ने विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी और जनता के प्रति वफादार रहने का संकल्प जताया था। उन्होंने जनवरी में चुनाव से पहले गोवा में एक मंदिर, गिरजाघर और दरगाह में निष्ठावान होने की शपथ ली थी। शपथ तोड़े जाने के बारे में पूछने पर कामत ने कहा कि भाजपा में शामिल होने से पहले वह दोबारा मंदिर गए और भगवान से पूछा कि क्या करूं। भगवान ने मुझसे कहा कि जो तुम्हारे लिए सही है, वही करो। इसी प्रकार विधायक माइकल लोबो ने कहा कि विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सावंत के हाथ मजबूत करने के लिए यह फैसला किया है।

इससे पहले जुलाई 2019 में भी गोवा में कांग्रेस के 10 विधायकों ने भाजपा का दामन थाम लिया था। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सदानंद शेत तानवड़े की मौजूदगी में बुधवार को जिन विधायकों ने भाजपा का दामन थामा है, उनमें कामत, माइकल लोबो के अलावा डेलिला लोबो, राजेश फलदेसाई, केदार नाइक, संकल्प अमोनकर, एलेक्सियो सिक्वेरा और रूडोल्फ फर्नांडिस शामिल हैं। कांग्रेस विधायकों को भाजपा में शामिल कराने के बाद गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि ये विधायक उनके साथ आना चाहते थे। हमने इसके लिए कुछ नहीं किया। वर्ष 2024 में पीएम मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपा के 400 से ज्यादा सांसद होंगे। कांग्रेस ने गोवा में अपने आठ विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद आरोप लगाया कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से भाजपा हताश है और इस यात्रा से ध्यान भटकाने के लिए ऑपरेशन कीचड़ चलाया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के इन तुच्छ हथकंडों से कांग्रेस पार पा लेगी। उन्होंने ट्वीट किया कि भारत जोड़ो यात्रा की जो सफलता दिखाई दे रही है, उसके कारण गोवा में भाजपा का ऑपरेशन कीचड़ तेजी से चलाया गया। यात्रा को कमजोर दिखाने के लिए रोजाना ध्यान भटकाने का प्रयास और दुष्प्रचार किया जा रहा है। हम रुकने वाले नहीं हैं। हम भाजपा के इन तुच्छ हथकंडों से पार पाएंगे। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि फिर साबित हो गया कि भाजपा सिर्फ तोड़ ही सकती है।

भाजपा ने इस साल मार्च में हुए विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर अपनी सत्ता बरकरार रखी थी। भाजपा के अब तक 20 विधायक थे। अब कांग्रेस विधायकों की संख्या 11 से गिरकर तीन रह गई है। लोबो ने कहा कि इससे पहले यहां कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाजपा के साथ विलय का प्रस्ताव पारित किया गया। कांग्रेस के तीन अन्य विधायक युरी अलेमाओ, एल्टोन डि कोस्टा और कार्लोस एल्वेयर्स फरेरा प्रस्ताव पारित किए जाते समय उपस्थित नहीं थे। सावंत ने पत्रकारों से कहा कि सदन में भाजपा विधायकों की संख्या बढ़कर 28 हो जाने की पृष्ठभूमि में मंत्रिमंडल में फेरबदल पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सावंत ने कहा कि विधानसभा में अब भाजपा को कुल मिलाकर 33 विधायकों का समर्थन प्राप्त है।

# पाक को एफ-16 बेड़े के लिए अमेरिकी पैकेज पर भारत चिंतित

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने अमेरिकी समकक्ष से फोन पर की बात



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से बातचीत में पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान बेड़े के रख-रखाव के लिए पैकेज देने के अमेरिका के फैसले पर भारत की ओर से चिंता प्रकट की। सिंह ने ऑस्टिन से फोन पर बातचीत की और इस मुद्दे पर चिंता प्रकट की। बातचीत के बाद रक्षा मंत्री ने ट्विटर पर लिखा, पाकिस्तान के एफ-16 विमानों के बेड़े के लिए पैकेज प्रदान करने के अमेरिका के हालिया फैसले पर भारत की ओर से चिंता प्रकट की।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले को पलटते हुए पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान के बेड़े के रखरखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है। राजनाथ सिंह ने कहा, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से टेलीफोन पर अच्छी और लाभप्रद बातचीत हुई। हमने रणनीतिक हितों और विस्तृत रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के बढ़ते तालमेल पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमने तकनीकी और औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने के तरीकों एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में सहयोग की संभावना पर भी चर्चा की। सिंह ने कहा कि वह भारत-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत करने के लिहाज से अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन के साथ बातचीत जारी रखने के लिए आशान्वित हैं।

बताया जाता है कि पिछले हफ्ते विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के उप विदेश मंत्री डोनाल्ड लू के साथ बैठक में इस मुद्दे पर चिंता प्रकट की थी। वे क्वाड के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में भाग लेने के लिए यहां आएं थे। भारत ने तब अमेरिका की 45 करोड़ डॉलर की विदेश सैन्य बिक्री योजना पर ऐतराज जताया था। इसके तहत अमेरिका पाकिस्तान के साथ एफ-16 जेट कार्यक्रम में उसे हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर तथा कलपुर्जे उपलब्ध कराएगा।

# दिल्ली में अब मांगने पर ही मिलेगी बिजली सब्सिडी



- केजरीवाल का ऐलान एक अक्टूबर से सब्सिडी लेने या छोड़ने का दिया जाएगा विकल्प
- 7011311111 नंबर पर मिस्ड कॉल कर या व्हाट्सएप के जरिये प्राप्त कर सकते हैं फार्म

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में अब उन्हीं लोगों को बिजली सब्सिडी मिलेगी जो इसके लिए आवेदन करेंगे। 30 सितंबर तक पुरानी योजना के तहत सबको बिजली पर सब्सिडी मिलेगी लेकिन एक अक्टूबर से उन्हीं को सब्सिडी मिलेगी जो इच्छुक होंगे। उपभोक्ता 7011311111 नंबर पर मिस्ड कॉल कर या व्हाट्सएप पर भेजकर फार्म प्राप्त कर सकते हैं और उसे भर कर सब्सिडी की मांग कर सकते हैं।

31 अक्टूबर तक आवेदन करने वालों को एक अक्टूबर से सब्सिडी जारी रहेगी, जो जिस महीने में आवेदन करेगा, उसको उसी महीने से सब्सिडी मिलेगी। इसकी जानकारी एसएमएस या ई-मेल के जरिए उपभोक्ताओं को दी जाएगी कि वे पंजीकृत हो गए हैं और उनकी सब्सिडी जारी रहेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि कुछ लोगों की मांग थी कि वह बिजली का बिल देने में सक्षम है तो उन्हें सब्सिडी क्यों सब्सिडी दी जा रही है।

उन्हें सब्सिडी लेने या छोड़ने का विकल्प दिया जाए। बिजली पर सब्सिडी के लिए बुधवार से आवेदन चालू हो रहा है। साथ ही, सबको हर साल एक (शेष पेज 8)

# एयर इंडिया के विमान में आग, यात्री सुरक्षित



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मस्कट** में बुधवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के एक इंजन से आग और धुआं उठते हुए नजर आने के बाद 151 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) इस घटना की जांच कर रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना उस समय हुई जब कोच्चि जाने वाला बोइंग 737-800 विमान हवाई अड्डे पर उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। अधिकारियों का कहना है कि विमान से बाहर निकालने के दौरान कुछ यात्रियों को खरोंच आई। उनके अनुसार विमान में कुल 141 यात्री, चार शिशु एवं चालकदल के छह सदस्य थे। सोशल मीडिया पर वीडियो एवं (शेष पेज 8)

# विपक्ष को एक मंच पर लाने के लिए पीके को साधेंगे नीतीश

- पूर्व नौकरशाह पवन कुमार वर्मा ने प्रशांत किशोर और बिहार के मुख्यमंत्री की कराई मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वर्ष** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने व सभी को एक मंच पर लाने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर से मुलाकात की। इससे पूर्व जदयू प्रमुख और किशोर के रिश्ते काफी तल्ख चल रहे थे। बिहार के मुख्यमंत्री और प्रशांत किशोर की मंगलवार रात नीतीश के आधिकारिक आवास पर एक घंटे मुलाकात चली।

इस अवसर पर पूर्व राजनयिक और जदयू से निष्कासित नेता पवन कुमार वर्मा भी मौजूद थे। सूत्र ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्मा को पीके को मदद करने के लिए मनाने और विपक्षी दलों को एकजुट करने में मध्यस्थ की भूमिका निभाने को कहा है। विपक्षी दलों के नेताओं को अपनी सेवाओं देने और उनको जीत दिलवाने में पीके का शानदार रिकॉर्ड रहा है। जिसमें के. चंद्रशेखर राव, एमके स्टालिन, ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे और अरविंद केजरीवाल व अन्य शामिल हैं। सूत्र ने बताया कि वर्मा ने इस संबंध में दो दिन पहले पटना से उड़ान भरी थी, ताकि पीके और नीतीश कुमार के बीच वार्ता हो सके। इसके बाद बिहार के मुख्यमंत्री ने चुनाव रणनीतिकार को फोन कर बुलाया था।

जहां नीतीश कुमार ने पीके के साथ बैठक की पुष्टि की है। वहीं बुधवार को उत्तरी बिहार के चंपारण में पीके दो अक्टूबर को निकलने वाली अपनी पदयात्रा की तैयारी में जुटे हैं। नीतीश कुमार से मिलने और जदयू फिर से ज्वाइन करने के पत्रकारों के (शेष पेज 8)

# पुंछ में मिनी बस खाई में गिरी, 11 की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ जिले में बुधवार को एक मिनी बस के गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मरने वालों में चार महिलाएं शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, बस गली मैदान से पुंछ की तरफ जा रही थी और सुबह 8.30 बजे सावजियान के सीमावर्ती इलाके में बरारी नाले के पास यह हादसे की शिकार हो गई। उन्होंने बताया कि सेना, पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्र में तत्काल एक संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि नौ यात्री घटनास्थल पर ही मृत पाए गए थे, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के (शेष पेज 8)

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर होगी उपहारों की नीलामी

- 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा मनाएगी भाजपा, 2 अक्टूबर तक चलेगी नीलामी प्रक्रिया
- भाजपा प्रदर्शनी, रक्तदान व चिकित्सा शिविर समेत आयोजित करेगी अनेक कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को विभिन्न अवसरों पर मिले उपहार उनके 72वें जन्मदिन पर 17 सितंबर को नीलाम किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी जन्मदिन समारोह को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। अमूमन जन्मदिन पर लोगों को उपहार दिए जाते हैं, लेकिन पीएम मोदी इसके उलट उन सभी उपहारों को त्याग देंगे जो उन्हें पहले दिए गए। इनमें त्रिशूल, शतरंज, मूर्तियां, महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता एवं उन्हें राष्ट्र के बेटे के रूप में दर्शाती पेंटिंग शामिल हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 2019 में परम्परा से हटकर शुरू की गई इस अभिनव पहल को चौथी बार पेश किया जा रहा है। नीलामी प्रक्रिया संस्कृति मंत्रालय द्वारा अंजाम दी जाएगी और यह 2 अक्टूबर तक चलेगी। पीएम मोदी को चेन्नई चेस ओलंपिक्स द्वारा उपहार स्वरूप दिए गए शतरंज सेट की नीलामी 55,000 से प्रारंभ होगी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा दिया गया त्रिशूल भी नीलामी का हिस्सा होगा। आयुष्मान भारत योजना द्वारा परिलक्षित बदलावों को दिखाती एक पेंटिंग यहां रखी जाएगी।

नीलामी से मिली रकम पवित्र गंगा नदी को साफ करने में खर्च करने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम को दे दी जाएगी। इस साल अपने जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में होंगे जहां वह नामीबिया से (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,346 | ↓ 224 | |
| निफ्टी | 18,003 | ↓ 66 | |
| सोना | 50,616 | ↓ 265 | /10g |
| चांदी | 57,244 | ↓ 786 | /kg |

## क्विक न्यूज

### तीन मौलवियों के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज

**मथुरा।** मथुरा में पुलिस ने तीन मौलवियों के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया है। सदर पुलिस थाने के प्रभारी अजय किशोर ने बताया कि एक महिला की शिकायत पर सदोल्ला मस्जिद के तीन मौलवियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि मौलवी राशिद ने विवाह का झांसा देकर उसके के साथ बलात्कार किया। बाद में दो अन्य मौलवियों ने भी उसके साथ बलात्कार किया। किशोर ने बताया, महिला ने आरोप लगाया कि राशिद ने उसे विवाह का झांसा दिया और बाद में मुकर गया। महिला के परिजनों ने जब मस्जिद के सचिव से शिकायत की, तो उसने एक अन्य व्यक्ति की मदद से तीनों मौलवियों को भागने में मदद की। मस्जिद का सचिव और पांचवा आरोपी भी फरार है।

# दो सौ करोड़ के ड्रग्स बरामद छह पाक नागरिक गिरफ्तार



दो सौ करोड़ के ड्रग्स के साथ पकड़े गए छह पाकिस्तानी नागरिक

- गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते व तटरक्षक बल के अभियान में अरब सागर में पकड़ी गई नौका

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

**गुजरात** आतंकवाद रोधी दस्ते ने बुधवार को भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक संयुक्त अभियान के दौरान राज्य के तट पर अरब सागर में एक मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौका से 200 करोड़ रुपए मूल्य की 40 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नौका चालक दल के सदस्य छह पाकिस्तानी नागरिकों को भी हिरासत में ले (शेष पेज 8)

# गांगुली-जय शाह पद पर बने रहेंगे, बीसीसीआई को मिली संविधान संशोधन की मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के संविधान में संशोधन की अनुमति दी जिससे इसके अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह के अनिवार्य ब्रेक (कूलिंग ऑफ पीरियड) पर जाए बगैर पद पर बने रहने का रास्ता साफ हो गया। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की पीठ ने कहा कि एक पदाधिकारी का लगातार 12 साल का कार्यकाल हो सकता है जिसमें राज्य संघ में छह साल और बीसीसीआई में छह साल शामिल हैं लेकिन इसके बाद तीन साल के ब्रेक पर जाना होगा। पीठ ने कहा कि एक पदाधिकारी बीसीसीआई और राज्य संघ दोनों स्तरों पर लगातार दो कार्यकाल के लिए एक विशेष पद पर काम कर (शेष पेज 8)

# गाजियाबाद में बनेंगे लड़ाकू विमान सुखोई के कलपुर्जे

- केंद्र सरकार के दो मंत्रालयों ने किया करार, टैंक के वॉल्व की भी यही से होगी आपूर्ति

**रिंकू यादव।** गाजियाबाद



**भारत** सरकार के टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट बोर्ड और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने गाजियाबाद के प्रिसिजन प्रॉडक्ट प्राइवेट लिमिटेड से सुरक्षा करार किया है। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई के कलपुर्जों का निर्माण अब गाजियाबाद की इस कंपनी में होगा। ये कंपनी सुखोई के रोटरी पाइप यूनियन और कवर के अलावा 1500 एचपी युद्धक इंजन टैंक के वॉल्व, बीईएमएल इंजन के उपकरणों के वॉल्व आदि बनाएगी। सुखोई के उपकरणों की आपूर्ति हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक लिमिटेड और आर्म्ड फाइटिंग व्हीकल के डीजल इंजन वॉल्व की आपूर्ति भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड को होगी। टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट बोर्ड ने कुल परियोजना लागत के 14.2 करोड़ में से 5.5 करोड़ रुपए की सहायता को मंजूरी दी है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के सचिव राजेश कुमार पाठक ने कहा, भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के तहत स्वदेशी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में मदद करने के उद्देश्य से रक्षा, फार्मा, ऑटोमोबाइल, ड्रोन निर्माण के लिए लगातार करार कर रहा है। यह परियोजना रक्षा क्षेत्र के लिए ऐसी पहल है, जिसमें गाजियाबाद प्रिसिजन प्रॉडक्ट कंपनी भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की रीढ़ कहे जाने वाले सुखोई विमान के लिए महत्वपूर्ण कलपुर्जों एवं घटकों का निर्माण करेगी। भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में रक्षा उपकरणों के आयात पर निर्भरता कम की है। स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्रालय ने सृजन पोर्टल शुरू किया है। अभी तक जो 19509 रक्षा मदें आयात की जा चुकी थीं, उन्हें अब स्वदेशीकरण के लिए इस पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। भारतीय उद्योग ने इनमें से 4006 रक्षा वस्तुओं के स्वदेशीकरण के लिए रुचि दिखाई है।

# ईडी ने लॉकर से जब्त किए 431 किग्रा सोना और चांदी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को मुंबई की एक बुलियन (सर्राफा) कंपनी के गुप्त लॉकर से 47 करोड़ रुपये मूल्य का 431 किलो सोना और चांदी जब्त किया है। ईडी को यह सफलता मनी लॉड्रिंग और बैंक लोन धोखाधड़ी में आरोपी एक कंपनी के ठिकानों पर छापा मारने के दौरान मिली। ईडी ने बुधवार को जारी एक बयान में (शेष पेज 8)

# 'पशु जनित बीमारियों से निपटने के लिए शोध जरूरी'

## पशुओं से मानव और मानव से पशुओं में बीमारी स्थानांतरित होती है: मांडविया


केंद्रीय स्वास्थ्य मनसुख मांडविया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित विश्व डेरी शिखर सम्मेलन में कहा, पशुओं से मानव और मानव से पशुओं में बीमारी स्थानांतरित होती है। कोरोनाकाल में भी यह देखने को मिला है। इसलिए बीमारी से निपटने के लिए शोध जरूरी है।

मांडविया ने कहा, शोध के आधार पर एकत्र किया गया डाटा आगे चलकर बीमारी की रोकथाम और नियंत्रण में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि डेयरी उद्योग तभी सफल है, जब तक पशु हैं और इसके लिए स्वास्थ्य दृष्टिकोण को बढ़ावा देना होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मनुष्य और मवेशियों में स्थानांतरित होने वाली संक्रामक बीमारियों के प्रति विश्वभर में बड़े स्तर पर शोध की आवश्यकता है। इसके लिए देश में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की ओर से एक शोध प्रयोगशाला भी शुरू की जा रही है। उन्होंने सम्मेलन के आयोजकों से कहा कि वे सत्र में निकलने वाले निष्कर्षों से जुड़ी रिपोर्ट मंत्रालय से भी साझा करें, ताकि इस दिशा में अधिक गंभीरता से काम हो सके।

वहीं, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरूगन ने डेयरी क्षेत्र में सहकारी समितियों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के कार्य से डेयरी क्षेत्र में भारत छह प्रतिशत की निरंतर वृद्धि कर रहा है। वहीं, केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन राज्य मंत्री संजीव बालियान ने कहा, देश में करीब 10 करोड़ मवेशी हैं और इनमें से लगभग 10 लाख लंपी रोग की चपेट में आए हैं। 75 हजार मवेशी लंपी रोग से दम तोड़ चुके हैं। यानी मौतों की दर महज एक प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि गुजरात से शुरू हुआ लंपी रोग राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत कई अन्य राज्यों में फैल चुका है, लेकिन अब यह खत्म होने को है।

### दुधारू पशुओं के टीकाकरण पर मदद करेगी केंद्र सरकार: गिरिराज सिंह



**नोएडा।** केंद्र सरकार दुग्ध व दुग्ध उत्पाद को वित्तीय लाभ दिलाने के साथ मवेशियों के मल-मूत्र के माध्यम से किसानों की आमदनी बढ़ाने के स्रोत को मजबूत बनाएगी। इससे छोटे और सीमांत किसानों को लाभ मिलेगा। साथ ही दुधारू पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान और उनके टीकाकरण पर बल दिया गया। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आज मवेशियों के कचरे का उपयोग बायोगैस, उर्वरक प्लास्टर या पेंट आदि बनाने के लिए किया जा रहा है। यह एक अच्छी बात है। इससे किसानों की आय का साधन और मजबूत होगा। सिंह इवोल्यूशन ऑफ डेरी, लाइवलीहुड पर्सपेक्टिव नामक सत्र में बोल रहे थे। सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देकर गाय और भैंस की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

### राज्य सरकार और दुग्ध सहकारी समितियों मजबूत ढांचा बनाएं: बालियान



**नोएडा।** डॉ संजीव बालियान ने डेयरी क्षेत्र के सामने चुनौतियों से निपटने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि भारत अपने सभी मवेशियों का टीकाकरण करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हालांकि यह एक कठिन काम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि इस टीकाकरण कार्यक्रम का उद्देश्य मवेशियों की आबादी को पैर और मुंह की बीमारी से मुक्त करना है। बालियान ने कहा कि हमें यह सोचना होगा कि हम पशुओं की बीमारियों को एक देश से दूसरे देश में कैसे रोक सकते हैं। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और दुग्ध सहकारी समितियों को स्थिति से उबरने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक साथ आना होगा। मदर डेयरी सहित सहकारी समितियों से आग्रह करते हुए डॉ बालियान ने कहा कि सभी सहकारी समितियों को पशु सेवाओं के अमूल मॉडल को दोहराना चाहिए। उन्होंने बताया कि एनएडीसीपी का लक्ष्य आने वाले वर्षों में एफएमडी और ब्रूसेलोसिस को नियंत्रित करना है।

## संक्षिप्त समाचार


जनसुनवाई के दौरान शिकायतों का निस्ताकरण करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

### वेंडर्स को पीटकर भगाया, प्राधिकरण से कीं शिकायत

**नोएडा।** दुकानदारों व फैक्ट्री मालिकों द्वारा वेंडर्स को मारपीट कर वेंडिंग जोन से भगाने के खिलाफपथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के महामंत्री गंगेश्वर दत्त शर्मा, टीवीसी सदस्य गणेश कुमार व विनोद, बाइक रिपेयरिंग वेंडर्स के प्रतिनिधि रामकुमार, उपदेश श्रीवास्तव, इकराम, रामपाल, मुकेश चंद, सूरज, पंकज, मनोज आदि ने नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्किल वन के वरिष्ठ प्रबंधक डोरीलाल से मिला। वर्क सर्किल वन के वरिष्ठ प्रबंधक को सौंपी गई शिकायत में कहा गया है कि नोएडा वेंडिंग जोन संख्या.9 से दुकानदारों व फैक्ट्री मालिकों द्वारा अपने निजी फायदे के लिए अवैध कब्जा कर रखा है और वेंडर्स को वेंडिंग जोन में बैठने नहीं देते हैं। वेंडिंग जोन में समान व गाडियां खड़ी कर दी जाती है।

### सितंबर के अंत तक मिलेगा सरकारी राशन

**नोएडा।** अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों से संबद्ध प्रत्येक यूनिट पर जुलाई 2022 के सापेक्ष 14 सितंबर से 20 सितंबर 2022 के मध्य 5 किलोग्राम प्रति यूनिट चावल का निशुल्क वितरण किया जाएगा। यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के तहत चावल प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी पोर्टेबिलिटी चालान जारी करने की सुविधा 17 सितंबर से 18 सितंबर 2022 को उपलब्ध रहेगी तथा 20 सितंबर 2022 वितरण की अंतिम तिथि होगी। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण संपन्न किया जाएगा। उन्होंने उचित दर विक्रेताओं को सचेत करते हुए यह भी कहा कि घटतोली की शिकायत की जांच व पुष्टि होने पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बाइक सवार तीन बदमाशों ने बुजुर्ग से की लूट

**गाजियाबाद।** लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की इंद्रापुरी पुलिस चौकी के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने सुबह टहलने निकले बुजुर्ग पूर्व प्रधान से हथियारों के बल पर अंगुठी और नकदी लूट ली। पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आसपास के सीसीवीटी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। बुधवार सुबह पुलिस ने पीड़ित को थाने बुलाकर बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी। इंद्रापुरी कॉलोनी में मंगतेराम परिवार के साथ रहते थे। वह ग्राम खरखड़ी से वर्ष 1990 में प्रधान चुने गए थे। उनका गांव के जंगल में एक ईंट भट्ठा है। कुछ वर्ष पूर्व वह परिवार के साथ इंद्रापुरी कॉलोनी में रहने आ गए थे। उनके पोते विनित ने बताया कि दादा मंगतेराम सुबह करीब साढ़े 4 बजे इंद्रापुरी पुलिस चौकी के पास घुम रहे थे। वापस आने के दौरान बी.ब्लाक के पार्क के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनसे समय पूछा। वह अपने फोन पर समय देखने लगे। तभी एक बदमाश ने उतर कर उनके हथियार लगा दिया। अन्य बदमाशों उनसे लूटपाट करने लगे।

# ग्रुप डी परीक्षा के दौरान पकड़े गए 8 नकलची

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


परीक्षा में नकल करते पकड़े गए आरोपी।

नोएडा में सेक्टर-62 स्थित आईओन डिजिटल जोन में आरआरबी ग्रुप डी की परीक्षा में सात नकलचियों और एक मददगार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस से परीक्षा में नकल कर रहे थे।

इनके पास से 6 इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस जिसमें सिम कार्ड, वायरलेस ब्लू टूथ, ईयरबड्स के साथ 3 ब्लू टूथ डिवाइस एक मोबाइल फ ोन व आधार कार्ड बरामद किया गया है। इसमे उनकी मदद आईओन में काम करने वाला एक कर्मचारी कर रहा था। उसे भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान प्रवेश बंसल, रवि कुमार, पवन कुमार, दीपक कुमार, मोनू, रजत, प्रमिन्दर, प्रवीन कुमार हुई है।

# पेपर लीक: प्रिंटिंग प्रेस मालिक का भाई गिरफ्तार

- ऊधमसिंह नगर से अभ्यर्थियों को गाजियाबाद में फ्लैट पर लाकर कराई थी नकल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तराखंड राज्य अधीनस्थ सेवा चयन परीक्षा आयोग और सचिवालय रक्षक दल पेपर लीक मामले में गाजियाबाद जिले से संजीव कुमार चौहान नामक शख्स को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया है। जिस कंपनी को पेपर कराने का जिम्मा मिला था, उसी के मालिक राजेश चौहान का भाई संजीव है।

संजीव ने जिला ऊधमसिंह नगर के कई अभ्यर्थियों को गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन स्थित फ्लैट में ले जाकर नकल कराई थी। संजीव मूल रूप से मुरादाबाद जिले में ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव ताराबाद नारायण का रहने वाला है। इस पूरे केस में अब तक 39 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। यह परीक्षा 4.5 दिसंबर-2021 में कराई थी।

इसके बाद परीक्षा में नकल कराने की शिकायतें आईं। बेरोजगार संघ ने इस बाबत सीएम पुष्कर धामी को ज्ञापन सौंपा और जांच की मांग की। सीएम धामी के निर्देश पर केस की जांच उत्तराखंड एसटीएफ को सौंपी गई। 22 जुलाई.2022 को उत्तराखंड के रायपुर थाने में इस केस से जुड़ी पहली एफ आई आर हुई। इसके बाद कुल तीन मुकदमे दर्ज हुए और सभी की जांच उत्तराखंड को सौंपी गई। अब तक गिरफ्तार हुए 39 में से 10 आरोपी उत्तर प्रदेश में लखनऊ, बिजनौर, गाजीपुर, गाजियाबाद, बाराबंकी के रहने वाले हैं। लखनऊ की कंपनी को इस पेपर की तकनीकि और छपाई का जिम्मा मिला था। पता चला कि प्रिंटिंग प्रेस पेपर मालिक ने कुछ चहेतों को पेपर पहले ही मुहैया कराया और फिर इस तरह से वो तमाम अभ्यर्थियों तक पहुंचता चला गया।

इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड सैयद सादिक मूसा है, जो उत्तर प्रदेश में जिला अंबेडकर नगर का रहने वाला है। वो फरार है। आशंका है कि वह नेपाल भाग चुका है।

उत्तराखंड पुलिस ने उस पर 2 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया हुआ है। मूसा की गिरफ्तारी के लिए उत्तराखंड एसटीएफ ने यूपी एसटीएफ की भी मदद ली है।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राज पाल धीमान, राज रानी, रमेश मलिक, वी.के. टेक्स इडिया, एच. नंबर 22, मलिक एन्क्लेव, निकट लक्ष्मी गार्डन, पानीपत, हरियाणाखाता नंबर :- LBPNP00002275932 | लैट नंबर टी152003, 20वां तल, सरे क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, सेक्टर-92, गुरूग्राम, हरियाणा | 02-07-2022 रू. 10,28,668/- | 06-04-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 15-09-2022
स्थान : गुरूग्राम

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोज कुमार/आशा देवी/ LBDEL00005440452 | फ्लैट नंबर 2174, 17वां तल, प्लॉट नंबर जीएच 11 ए, सेक्टर 1, सीआरसी सब्लीमिस टावर 2, नोएडा - 201307 / 09 सितम्बर, 2022 | 16-04-2022 रू. 42,02,826/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 2. | समीना अहमद/कामरान अहमद, LBDEL00002411969 | फ्लैट नंबर 05151, 15वां तल, टावर 5, एटीएस अल्योर, प्लॉट नंबर पी 7/टीएस-02 ए, सेक्टर-22 डी, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, नोएडा / 09 सितम्बर, 2022 | 28-04-2022 रू. 35,96,777/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 3. | सतवंत कौर/अमरजीत सिंह भाटिया, LBFDB00002636119 | फ्लैट नंबर 1802, 18वां तल, टावर एस 3, ईको विलेज-1, प्लॉट नंबर 8, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201307 / 09 सितम्बर, 2022 | 16-04-2022 रू. 25,99,584/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 4. | इप्सिता बहुगुणा/राजीव बहुगुणा, LBGHZ00002277222 | फ्लैट नंबर आर-17142, 16वां तल, टावर-आर, 16वां पार्क व्यू टाउनशिप, गौड़ यमुनासिटी सेक्टर-19, जेपी स्पोर्ट्स सिटी, यीडा, यमुना एक्सप्रेसवे, नोएडा, उत्तर प्रदेश -201307 / 09 सितम्बर, 2022 | 16-04-2022 रू. 24,93,206/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 5. | मनोज मिश्रा/निशा मिश्रा, LBDEL00002045300 | यूनिट नंबर सी जीएफ 17, भू तल, टावर सी, गार्डेनिया गेटवे प्लॉट नंबर 9, सेक्टर-75, उत्तरप्रदेश, नोएडा / 09 सितम्बर, 2022 | 28-04-2022 रू. 30,14,568/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 6. | माया देवी/नरेश कुमार, LBGHZ00004406478 | फ्लैट नंबर 2002, 20वां तल, टावर-2, प्लॉट नंबर 3 सी, व्हाइट आर्चिड, सेक्टर-16 सी, गौड़ सिटी-2, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश -201307 / 09 सितम्बर, 2022 | 16-04-2022 रू. 26,06,374/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 7. | सुभाष कुमार/ राखी सैनी/ LBDEL00002259664 | फ्लैट नंबर 1601, 16वां तल, टावर बी, गायत्री ऑरा, प्लॉट नंबर जीएच-11, सेक्टर-1, नोएडा एक्सटेंशन, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा / 09 सितम्बर, 2022 | 06-07-2021 रू. 21,89,348/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 8. | राजेश कुमार/ रेखा/ LBNOD00002351926 | फ्लैट नंबर 1601, 16वां तल, टावर ए , प्लॉट नंबर जीएच-11, सेक्टर-1, गायत्री ऑरा, ग्रेटर नोएडा, नोएडा / 09 सितम्बर, 2022 | 06-07-2021 रू. 19,27,394/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 9. | सच्चिदानंद/वंदना तिवारी/ LBGUR00002302549 | फ्लैट नंबर बी 1607, 16वां तल, ब्लॉक बी, गायत्री ऑरा, प्लॉट नंबर जीएच-11, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा / 09 सितम्बर, 2022 | 06-07-2021 रू. 19,16,629/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 10. | राजीव धर प्रसाद/प्रीति प्रसाद/ज्योति पांडे, LBNOD00002062810 | फ्लैट नंबर सी-जीएफ 04, भू तल, टावर सी, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर 09, सेक्टर-75, नोएडा / 09 सितम्बर, 2022 | 28-04-2022 रू. 33,79,973/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 11. | उमा गौड़/ सुधीर कुमार/ LBDEL00004353303 | फ्लैट नंबर ए-11004, 11वां तल, टावर ए, ग्राम बसंतपुर लैंड क्राफ्ट मेट्रो होम्स, टावर-ए, एनएच-58, एचएलएम कालेज के सामने, मेरठ रोड, सेंतली तहसील, मोदी नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश -201001 / 09 सितम्बर, 2022 | 14-03-2022 रू. 19,42,569/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 12. | नेहा शर्मा/शरद कुमार, LBNOD00003669332 | फ्लैट नंबर ए-604, छठा तल, टावर-ए, क्वांटम होम्स, खसरा नंबर 1116 तथा 1123, नूर नगर, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201004 / 09 सितम्बर, 2022 | 25-04-2022 रू. 12,87,073/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 13. | पुनीत शर्मा/बलदेव राज शर्मा, LBNOD00001205027 | फ्लैट नंबर यूजी 1, 357, नीति खंड- इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201010 / 09 सितम्बर, 2022 | 16-04-2022 रू. 7,82,380/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 14. | अशोक अग्रवाल/नरेश बंसल/ LBGHZ00001026489 | फ्लैट नंबर 210, द्वितीय तल, सुपरटेक अवंत गार्डन ग्रुप हाउसिंग, प्लॉट-1, सेक्टर-5, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश -201307 / 09 सितम्बर, 2022 | 06-07-2021 रू. 9,66,024/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 15. | महेन्द्र यादव/ द्रोपती/ LBDEL00001983023 | फ्लैट नंबर 401, चतुर्थ तल, टावर बी-8, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर - 16 बी, सुपरटेक ईको विल-2, ग्रेटर नोएडा-201307 / 09 सितम्बर, 2022 | 14-03-2022 रू. 14,55,577/- | दिल्ली/एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 15 सितम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## सार्वजनिक सूचना

सर्वप्रिय महाजन कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड,202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,एल.एस.सी, सी-ब्लाक मार्केट,सरस्वती विहार,पीतमपुरा,दिल्ली-110034

डी.सी.एस. नियम 2007 की धारा 19(2) का अनुसरण करते हुए जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वप्रिय महाजन सी.जी.एच.एस. लिमिटेड (पंजि न०1384) के निम्न सदस्यों ने सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है 1. श्री विनोद आनंद (सदस्य सं. 528) 2.श्री वरून आनंद(सदस्य सं.535) 3. सुश्री निलिमा राणा (सदस्य सं.648). इन तीनों को इनकी सभी जमा राशी account payee चैक द्वारा लौटा दी गयी हैं,यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो आर.सी.एस, संसद मार्ग, नई दिल्ली या सोसायटी आफिस 202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,एल.एस.सी, सी-ब्लाक मार्केट,सरस्वती विहार,पीतमपुरा,दिल्ली-110034 में इस नोटिस के छपने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराए।

सचिव-सर्वप्रिय महाजन सी.जी.एच.एस लिमिटेड

## सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचित करना है कि भूखण्ड संख्या-9, ब्लॉक-A, सेक्टर-40 नोएडा गौतमबुद्धनगर (एरिया 166.04 Sq.mtr) जिसके मूल आंवटी श्री गुरू बंचन सिंह निवासी N.E-105D, विष्णु गार्डेन, न्यू दिल्ली IP है। ओ.पी. राय पुत्र स्वर्गीय श्री महातम राय, निवासी-पूर्वांचल हाईटस, टावर नंबर -6, फलैट नंबर A1/01 ग्रेटर नोएडा के पक्ष में GPA करायी गयी थी, जो उप-निबन्धक कार्यालय नोएडा में AD Book No.-IV जिल्द संख्या-83 के पृष्ठ संख्या-197-208 दिनांक 06 फरवरी 1997, को रजिस्टर्ड है तथा विक्रय संविदा AD Book No.-5 जिल्द संख्या-136 के पृष्ठ संख्या-523-534 दिनांक 06 फरवरी 1997, पर श्रीमती आशा राय पत्नी ओ.पी. राय निवासी- Opposite DIG Banglow Civil Line, Bilandpur Gorakhpur के नाम पंजीकृत है। Paradise View Co-Op. H.B. Society Limited द्वारा शेयर सर्टिफिकेट श्रीमती आशा राय के नाम ट्रांसफर किया जा चुका है। अतः अब उपरोक्त भूखण्ड का नामान्तरण GPA के आधार पर श्रीमती आशा राय पत्नी ओ.पी. राय निवासी- Opposite DIG Banglow Civil Line, Bilandpur Gorakhpur के नाम के पक्ष में अंतरण (Transfer) होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण के भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर दाखिल कर दें।

ओ.पी. राय

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि पूनम एच थापा/विष्णुमाया थापा (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00003923735 तथा पता फ्लैट नंबर -3-1208, 12वां तल, दि सेरेनास टावर 3 सेक्टर 36, गुरूग्राम के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है।

कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 06 सितम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि स्टरनल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 15 सितम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
हस्ता./-

H&RA NORTHERN INDIA
होटल ऍंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ नार्दर्न इंडिया
सीआईएन नंबर : यू55101डीएल1952एनपीएल002161
पंजी. कार्यालय : 406/75-76, मनीषा बिल्डिंग, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
फोन : 011-26468103, 26433590, फैक्स : 011-26236201
वेबसाइट : www.hrani.net.in, ई-मेल : hrani.1950/gmail.com

**71वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना, रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी**

कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20(3) (ट) के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि होटल ऍंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ नार्दर्न इंडिया के सदस्यों की 71वीं वार्षिक सामान्य बैठक शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को 1200 बजे रैडिसन ब्लू प्लाजा दिल्ली एयरपोर्ट, एनएच-8, ब्लॉक-आर, महीपालपुर ग्राम, महीपालपुर, नई दिल्ली-110037 (फोन : 011 4250 0500) में आयोजित की जाएगी। वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना एचआरएएनआई के सभी सदस्यों को 14 सितम्बर, 2022 को भेजी जा चुकी है तथा कम्पनी की वेबसाइट www.hrani.net.in पर उपलब्ध है।
वार्षिक सामान्य बैठक में निम्नलिखित व्यवसाय निष्पादित किए जाएंगे :

- 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु वार्षिक लेखा का अंगीकरण
- लेखापरीक्षकों की नियुक्ति
- 2022-24 के लिए प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन।

सदस्यगण एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों पर अपना वोट "राइट2वोट इन्फोटेक प्रा. लि." के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम के स्थान से इतर किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक रूप में डाल सकते हैं ("रिमोट ई-वोटिंग")। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

i. एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों का निष्पादन डाक मतपत्र/रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम में व्यक्तिगत वोटिंग के माध्यम से किया जा सकता है।
ii. सदस्यता के नवीकरण हेतु सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने और तद्द्वारा रिमोट ई-वोटिंग तथा वार्षिक सामान्य बैठक में वोटिंग के लिए ग्राह्य होने के प्रयोजनार्थ कट-ऑफ तिथि 22 सितम्बर, 2022 है।
iii. रिमोट ई-वोटिंग 26 सितम्बर, 2022 (पूर्वा. 9.30 बजे आईएसटी) आरंभ होगी तथा 29 सितम्बर, 2022 (अप. 5.00 बजे आईएसटी) समाप्त होगी ;
iv. डाक मतपत्र के माध्यम से वोटिंग का लाभ प्राप्त करने के लिए मतपत्र सचिवालय में एजीएम से पहले अर्थात बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 अप. 2.00 बजे आईएसटी तक पहुंच जाना चाहिए।
v. सदस्यगण नोट करें कि : क) राइट2वोट इन्फोटेक प्रा. लि. द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल 29 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे आईएसटी के बाद वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी; ख) 29 सितम्बर, 2022 अप. 2.00 बजे आईएसटी के सचिवालय में पहुंचने वाला डाक मतपत्र वोटिंग हेतु अमान्य होगा ; ग) सदस्यगण जो रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम से पहले डाक मतपत्र द्वारा अपना वोट डाल चुके होंगे, वे भी बैठक में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।
vi. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के संबंध में किसी भी संदेह की स्थिति में, सदस्यगण राइट2वोट इन्फोटेक प्रा. लि., बी-406, हिल साइड, रहेजा विहार, चांदीवली, मुम्बई-400072 फोन +91 9920591306, ई-मेल contact@right2vote.in से सम्पर्क कर सकते हैं।

नई दिल्ली, भारत
14 सितम्बर, 2022

वास्ते होटल ऍंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ नार्दर्न इंडिया
हस्ता./-
रेणु थपलियाल, सेक्रेटरी जनरल


# बकाया नहीं मिला तो मर्सिडीज में लगाई आग

- टाइल्स लगवाने के बाद नहीं दिए थे 2.60 लाख, वेंडर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में घर के सामने खड़ी मर्सिडीज कार में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का वीडियो सामने आया है। फुटेज के मुताबिक, एक बाइक सवार ने यह हरकत की। मर्सिडीज के मालिक आयुष चौहान ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की है।

चौहान ने बताया, यह आग उसके घर में टाइल्स लगाने वाले एक वेंडर ने लगाई है। क्योंकि उसके करीब ढाई लाख रुपए चौहान के पास बकाया थे। पुलिस ने वेंडर रणवीर को गिरफ्तार कर लिया है। आयुष चौहान ने कोतवाली सेक्टर.39 नोएडा पुलिस को सबूत के तौर पर फुटेज भी उपलब्ध करवाया। फुटे में साफ देखा जा सकता है कि हेलमेट लगाए एक बाइक सवार बोतल में भरी पेट्रोल को कार पर छिड़ककर आग लगा रहा है। इसके बाद वह वहां से फौरन भागता दिखता है। हालांकि, इससे कार को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, क्योंकि आग कुछ ही देर में अपने-आप बुझ गई। फुटेज के आधार पर आयुष चौहान ने यह पुष्टि की है कि आरोपी उसके घर में टाइल्स लगाने वाला वेंडर है। उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### क्रॉसिंग रिपब्लिक और वेव सिटी में बनेंगे नए थाने

**गाजियाबाद।** शासन ने जिला पुलिस प्रशासन को वेव सिटी व क्रॉसिंग रिपब्लिक के रूप में दो नये थानों के सृजन की अनुमति दे दी है। शासन की अनुमति मिलते ही जिला पुलिस के मुखिया मुनिराज की अगुवाई में अफसरों ने नवसृजित होने वाले इन दोनों थानों को धरातल पर खड़ा करने की कवायद शुरू कर दी है।

बता दें कि एसएसपी रहे धर्मेंद्र सिंह व कलानिधि नैथानी से लेकर वर्तमान कप्तान मुनिराज शासन को कई बार नए थानों का सृजन करने की संस्तुति भेज चुके थे। अब जाकर जनपद को दो और नए थाने मिलने की राह आसान हुई है।

# प्राधिकरण ने सील किया प्ले स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए सेक्टर.93 गेझा विलेज के पास एक गाई प्ले स्कूल को सील किया है। जमीन का आवंटन प्रज्ञावतरण एजूकेशनल सोसाइटी के नाम से किया गया था। नोटिस सोसाइटी की सचिव अदिति जैन अनिल के नाम भेजा गया था।

जुलाई 2004 में प्राधिकरण ने 1950 वर्गमीटर जमीन का आवंटन कर 31 जुलाई 2004 को जमीन पर कब्जा दे दिया। आवंटी को 2013 तक भूखंड का बकाया किस्त जमा करनी थी। वह जमा नहीं की गई। साथ ही भवन का निर्माण कर कार्यशील सर्टिफि केट नहीं लिया गया। आवंटी पर जनवरी 2022 तक ब्याज लगाकर करीब 10.39 करोड़ रुपए बकाया हो गया।

प्राधिकरण ने बताया कि बकाया जमा करने के लिए आवंटी को 2019 में दो बार, 2021 और 2022 को कुल चार बार नोटिस जारी किया गया। लेकिन आवंटी ने पैसा जमा नहीं किया गया। स्कूल प्रबंधक अदिति जैन अनिल ने बताया कि प्राधिकरण में हमने एप्लीकेशन दी थी कि हम इतने पैसा देने सक्षम नहीं है। ऐसे में हमे किस्तों में छूट दी जाए और समय दिया जाए। प्राधिकरण ने स्कूल के सभी कमरों को सील कर दिया।

# जीडीए बोर्ड बैठक में पेश होगा मास्टर प्लान ड्राफ्ट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




मास्टर प्लान 2031 का रास्ता साफ होने जा रहा है। हाल ही में आई आपत्तियों के निस्तारण के बाद इस मास्टर प्लान के फाइनल ड्राफ्ट को जीडीए बोर्ड की बैठक में पेश किया जाएगा। माना जा रहा है कि बोर्ड की मुहर लगने के बाद शासन की स्वीकृति के लिए मास्टर प्लान को भेजा जाएगा। नियोजन विभाग के सूत्रों का कहना है कि जीडीए की कोशिश है कि मास्टर प्लान को दीवाली से पहले ही फाइनल कर दिया जाए। मास्टर प्लान 2031 को लेकर जीडीए वीसी आरके सिंह और शासन गंभीर हैं। मास्टर प्लान को लेकर वीसी कितने गंभीर हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह आपत्तियों की सुनवाई में खुद मौजूद रहे हैं ताकि मास्टर प्लान फाइनल करते हुए किसी तरह की कोई चूक नहीं रह जाए। यह तब है जबकि आरके सिंह पहली बार किसी प्राधिकरण के प्रभारी है।

जीडीए वीसी चाहते हैं कि जल्दी से जल्द मास्टर प्लान पर आई आपत्तियों की सुनवाई के बाद अब इस चेप्टर को क्लोज किया जाए। मास्टर प्लान पर सदस्यों की राय के हिसाब से उसे फाइनल किया जाए।

### जीडीए ने निगम को दिए एक करोड़ रुपये

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कॉलोनी में चल रही कचरे की समस्या का निस्तारण अब और स्पीड से होगा। जीडीए ने नगर निगम को संबंधित कंपनी के भुगतान के लिए एक करोड़ रुपये रिलीज कर दिए हैं। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने इसकी पुष्टि की है। इंदिरापुरम के शक्ति खंड में कूड़े के लगे ढेर को निस्तारित किया जा रहा है। एनजीटी के आदेश के मुताबिक यहां नगर निगम ने कूड़ा निस्तारण का ठेका एक कंपनी को दिया था। आदेश के मुताबिक इस पर खर्च होने वाला पैसा जीडीए को देना था। यहां करीब एक लाख टन कूड़ा कंपनी को निस्तारित करना था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पिछली सीट पर बेल्ट नहीं बांधी, 17 का चालान

## पुलिस ने बाराखंबा रोड पर चलाया चेकिंग अभियान, नियम उल्लघंन करने पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

चार-पहिया वाहनों में पीछे बैठने वाले यात्री अगर सीट बेल्ट नहीं लगाते हैं तो उन्हें महंगा पड़ सकता है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कार में पीछे बैठकर सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले 17 लोगों के चालान किए। उल्लंघनकर्ताओं पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने यह मुहिम क्नॉट प्लेस के पास बाराखंबा रोड पर चलाया।



वाहन चालकों को यातायात नियम के बारे में जागरूक करता पुलिसकर्मी।

यातायात पुलिस ने कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए मध्य दिल्ली में कनॉट प्लेस के निकट बाराखंभा रोड पर अभियान चलाया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान बुधवार सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच मोटर वाहन अधिनियम की धारा 194बी के तहत कुल 17 चालान काटे गए। उल्लंघनकर्ताओं पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। पुलिस उपायुक्त आलाप पटेल के अनुसार कानूनी प्रावधान तो पहले से ही मौजूद हैं, लेकिन हाल ही में साइरस मिस्री की मौत के बाद यह चर्चा का विषय बन गया है।

यातायात पुलिस सीट बेल्ट पहनने के महत्व के बारे में लोगों को जागरुकता करने का अधियान पहले से ही चला रही है। नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

चार सितंबर को महाराष्ट्र के पालघर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्री की मौत के बाद इस तरह के अभियान की शुरुआत की गई है।

### सीट बेल्ट और एयरबैग से बनता है सुरक्षा कवच

दुर्घटना की स्थिति में सीट बेल्ट और एयरबैग से बनता सुरक्षा कवच दुर्घटना की स्थिति में कारों में सुरक्षा की दो अहम व्यवस्थाएं हैं सीट बेल्ट और एयरबैग। इनमें से सीट बेल्ट को प्राइमरी और एयरबैग को सेकेंडरी सिस्टम कहा जाता है। सीट बेल्ट में भौतिक विज्ञान का प्रयोग होता है और एयरबैग में रसायन विज्ञान का। दरअसल, जब हम किसी गाड़ी में सवार होते हैं, तो हमारा शरीर गाड़ी की दिशा में उसी गति से चल रहा होता है। दुर्घटना की स्थिति में गाड़ी तो रुक जाती है, लेकिन हमारा शरीर उसी गति से आगे की ओर जाता है, जिससे कार में बैठक व्यक्ति को जोरदार झटका लगता है। अचानक ब्रेक लगने पर कार में सवार का शरीर को आगे टकराने से रोक ले।

कार में लगे हुए सेंसर की मदद से किसी भी टक्कर की स्थिति में एयरबैग सिस्टम को एक्टिवेट होने का सिग्नल मिलता है।

उसमें सोडियम एजाइड नाम का केमिकल कंपाउंड होता है। सिग्नल मिलते ही उसमें छोटा सा विस्फोट होता है और नायलान के बने एयरबैग में नाइट्रोजन भर जाती है और सामने एयरबैग खुल जाता है। यह सब कुछ मात्र 30 मिलीसेकेंड यानी 0.03 सेकेंड में हो जाता है। एयरबैग खुलने से व्यक्ति का सिर ठोस डैशबोर्ड या स्टीयरिंग पर टकराने के बजाय उस एयरबैग से टकराता है और चालक या उसमें बैठे लोग गंभीर चोट से बच जाते हैं। सीट बेल्ट और एयरबैग का यह सिस्टम मिलकर ही सुरक्षा के चक्र को पूरा करते हैं।

# पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● एलजी ने ड्यूटी में कोताही और कदाचार पर दिए आदेश


उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 2018 में ड्यूटी के निर्वहन में गंभीर चूक और कदाचार के एक प्रकरण में दो थाना प्रभारी सहित दिल्ली पुलिस के पांच कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस शिकायत प्राधिकरण (पीसीए) ने मामले की गहन जांच के बाद पुलिस कर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई सिफारिश की थी। जिन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी उनमें एक सहायक उप-निरीक्षक और दो उप-निरीक्षक शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि उक्त पुलिस कर्मियों ने पीसीए के समक्ष अपने बयान में स्वयं अपनी चूक और कदाचार को स्वीकार किया है।

गौरतलब है कि आठ दिसंबर, 2018 को पीड़ित मूसा पर दो व्यक्तियों फरीद और शान अली ने हमला किया था। 30 दिसंबर 2018 को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अधिकारी ने बताया, असमा बीबी (मूसा की बहन) द्वारा 15 जनवरी, 2019 को पुलिस शिकायत प्राधिकरण (पीसीए) में एक शिकायत दर्ज की गई। शिकायत में कहा गया कि उनके बेटे हसरत द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष में की गई फोन कॉल को पुलिसकर्मी ने अनसुना किया था। पुलिसकर्मी ने न तो पीड़ित की चिकित्सकीय जांच की और न ही आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले के संबध में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इसके अलावा उक्त घटना से संबंधित मामले को देखने वाले पुलिसकर्मियों ने इसे पूरी तरह से नज़रअंदाज किया।

# अग्निपथ योजना का समर्थन करेगी आप : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार अग्निपथ योजना का पूरा समर्थन करेगी।

पंजाब सरकार द्वारा भर्ती का समर्थन नहीं करने की खबरों के बीच केजरीवाल ने यह स्पष्टीकरण दिया है। गौरतलब है कि आप ने पहले अग्निपथ योजना की आलोचना की थी और केंद्र सरकार से अपील की थी कि वह सेना में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को सिर्फ चार साल नहीं बल्कि जीवन भर देश की सेवा करने का मौका दें। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अग्निपथ योजना पर केंद्र के साथ हमारे मतभेद थे, लेकिन चूंकि केंद्र ने इसे लागू किया है, इसलिए हम योजना का पूरा समर्थन करेंगे।

हम योजना और सेना के साथ पूरा सहयोग करेंगे। बाद में, उनके पंजाब समकक्ष भगवंत मान ने स्पष्ट किया कि अग्निपथ योजना पर पूर्ण समर्थन के लिए निर्देश दिए गए हैं। इस घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री मान ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि सभी उपायुक्तों को भर्ती अभियान के लिए सैन्य अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी ढिलाई को गंभीरता से लिया जाएगा।

# देशभक्ति पाठ्यक्रम से सकारात्मक बदलाव

● छात्रों पर प्रभाव की समीक्षा के लिए सिसोदिया ने किया स्कूल का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चे देशभक्ति पाठ्यक्रम के कारण देशभक्ति के विभिन्न पहलुओं को समझ रहे हैं, जिससे उनके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आया है।

आम आदमी पार्टी (आप) सरकार का महत्वाकांक्षी पाठ्यक्रम 28 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू किया गया था। सिसोदिया ने कहा कि देशभक्ति पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच देश के लिए प्रेम और सम्मान की भावना उत्पन्न करना है।



पाठ्यक्रम के तहत बच्चे पांच मिनट के लिए ध्यान करते हैं और फिर हर दिन पांच देशभक्तों के बारे में सोचते हैं। इसके बाद, वे अपने सहपाठियों के साथ अपने विचार साझा करते हैं। पाठ्यक्रम संबंधी गतिविधियों और छात्रों पर इसके प्रभाव की समीक्षा करने के लिए उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने बुधवार को एक सरकारी स्कूल का दौरा किया।

सिसोदिया ने कहा, बच्चे अब यह समझने में सक्षम हैं कि देश के लिए बलिदान देना, उसके प्रतीकों का सम्मान करना, आसपास के इलाके को साफ रखना और अपने आसपास मौजूद हर चीज में देश का कल्याण देखना भी देशभक्ति है। इससे पता चलता है कि हमारा पाठ्यक्रम सफल हो रहा है। दौरे के दौरान, उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न गतिविधियों में भी भाग लिया और स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों के साथ उनके अनुभव जानने के लिए बातचीत की।

# जेलरवाला बाग व अशोक विहार में बनेंगे ईडब्ल्यूएस फ्लैट

● उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में डीडीए की बैठक में लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम दिल्ली के जेलरवाला बाग और अशोक विहार में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ष के डेढ़ हजार से अधिक फ्लैट बनेंगे।



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में दिल्ली विकास प्राधिकरण की बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। जहां झुग्गी वहीं मकान योजना के तहत इन फ्लैटों के बन जाने से करीब 1640 से ज्यादा परिवार को फायदा होगा। इसके अलावा आईएफसी होलंबी कलां, नरेला में ट्रांसपोर्ट ट्रेडर्स को भूमि आवंटन हेतु पूर्व निर्धारित दरों का निर्धारण, वर्ष 2022-23 के लिए व्यावसायिक, औद्योगिक संपत्तियों के लीज होल्ड से फ्री होल्ड में परिवर्तन की गणना करने और मल्टीलेवल पार्किंग के लिए दरों का निर्धारण भी शामिल है। दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा लिए गए फैसले अनुसार, जेलरवाला बाग के पात्र जेजे कालोनी निवासियों को 1,71,000 रुपए 5 वर्ष के लिए रखरखाव प्रभारों के रूप में 30,000 रुपए सहित के भुगतान पर जेजे कालोनी के निकट 1675 निर्मित ईडब्लूएस फ्लैटों में शिफ्ट किया जाना है। यहाँ लगभग 1640 परिवार रहते हैं। पात्र परिवारों को लॉटरी के माध्यम से फ्लैटों को आबंटित किया जाएगा।

जेजे क्लस्टर जेलरवाला बाग के पात्र परिवारों के पुनर्वास के बाद, लगभग 11,129 वर्ग मीटर की खाली पड़ी जमीन का डीडीए द्वारा नीलामी के माध्यम से निपटान किया जाएगा। डीडीए ने आई एफ सी होलम्बी कलां, नरेला में ट्रांसपोर्ट ट्रेडर्स को भूमि के आबंटन के लिए पूर्व-निर्धारित दरों को मंजूरी दे दी है। एमपीडी के प्रावधानों के अनुसार, चारदीवारी शहर और विशेष क्षेत्रों में विद्यमान ट्रांसपोर्ट ट्रेडर्स के गोदामों को होलम्बी कलां, नरेला में इंटिग्रेटेड फ्रेट कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट करने की आवश्यकता है। इसे अंतिम अनुमोदन और अधिसूचना के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पास भेजा जाएगा ।

## हल्की बारिश से मौसम सुहाना, उमस से राहत

**नई दिल्ली।** राजधानी के कुछ हिस्सों में बुधवार दोपहर हल्की बारिश हुई। विभाग ने अगले कुछ दिनों में और बारिश होने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश और इसके आसपास निम्न दबाव वाले क्षेत्र के प्रभाव की वजह से अगले कुछ दिनों में दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में बारिश होने का अनुमान है।

विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार को भी बारिश होने का अनुमान है। सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वेधशाला ने अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान जताया है।

# स्कूल में हुई झड़प, दो मीडिया कर्मी और एक शिक्षक घायल

● पुलिस ने कहा, बंधक बनाकर तोड़ दिए थे कैमरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के भजनपुरा इलाके में दिल्ली सरकार द्वारा संचालित एक स्कूल में खबर के सिलसिले में गए मीडियाकर्मियों और शिक्षकों के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इस घटना में एक शिक्षक और दो मीडिया कर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को हुई इस घटना के संबंध में भजनपुरा थाने के नियंत्रण कक्ष को अपराह्न एक बजकर 40 मिनट पर सूचना मिली थी। एक मीडियाकर्मी ने यह सूचना दी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक मीडिया चैनल के वरिष्ठ संवाददाता अपने दो सदस्यों- एक सहायक और एक कैमरामैन के साथ खबर के लिए अपराह्न लगभग एक बजे स्कूल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान स्कूल के शिक्षकों ने उन्हें बंधक बना लिया और उनके कैमरे तोड़ दिए।

# 'रेप पीड़िताओं को 15.5 करोड़ मुआवजा दे सरकार'

● डीएलएसए के वकील के सूचित करने पर हाईकोर्ट ने दिए निर्देश




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बलात्कार पीड़िताओं को मुआवजे का भुगतान करने के लिए दिल्ली कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) को 15.5 करोड़ रुपए जारी करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है। अदालत का यह आदेश डीएलएसए के वकील द्वारा यह सूचित किए जाने के बाद आया कि पीड़ितओं को मुआवजा देने के लिए राशि समाप्त हो गई है।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह को उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ द्वारा पारित एक आदेश के बारे में सूचित किया गया था, जिसमें दिल्ली सरकार को पीडति मुआवजा कोष से 10 दिनों के भीतर डीएलएसए को राशि जारी करने का निर्देश दिया गया था। उस फैसले में कहा गया था कि राशि 25 करोड़ रुपए से कम नहीं होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति सिंह ने 13 सितंबर को पारित एक आदेश में कहा कि इसी तर्क के आधार पर दिल्ली सरकार को निर्देश दिया जाता है कि बलात्कार पीड़ितओं के कुछ दावों का भुगतान के लिए आज से 10 दिनों के भीतर डीएलएसए को दूसरी किस्त के तौर पर 15.5 करोड़ रुपए की राशि जारी करे। अदालत यौन उत्पीड़न के मामले में तीन लोगों की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अगली सुनवाई सात अक्टूबर को होगी। इस मामले में वकील प्रभासहाय कौर बचपन बचाओ आंदोलन का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और अदालत की सहायता कर रही हैं।

# कर्तव्य पथ पर 90 आइसक्रीम और 30 पानी की ट्रॉली लगेगी

● सतीश उपाध्याय ने कहा, सेंट्रल विस्टा लॉन और इंडिया गेट के बीच छह वेंडिंग जोन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने बुधवार को कहा कि कर्तव्य पथ पर सामान की बिक्री के लिए निर्धारित छह स्थानों पर 90 आइसक्रीम ठेलियों और 30 पानी की ट्रॉली की अनुमति रहेगी।


बुधवार को इंडिया गेट पर पिकनिक बनाने पहुंचे लोग।

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि सेंट्रल विस्टा लॉन और इंडिया गेट के बीच कर्तव्य पथ पर छह वेंडिंग जोन हैं। उपाध्याय ने कहा कि हर वेंडिंग जोन में अधिकतम 15 आइसक्रीम ठेलियों और पांच पानी की ट्रॉली की अनुमति रहेगी। ऐसे में, छह जगहों पर कुल 120 ट्रॉली जिसमें से 90 आइसक्रीम ठेली और 30 पानी की ट्रॉली लगाई जा सकती हैं। ऐसा सामान बिक्री के बेहतर एवं प्रभावी प्रबंधन के मद्देनजर किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बाबत आदेश जारी किया जा चुका है। एनडीएमसी के आदेश में कहा गया कि आइसक्रीम ट्रॉली व्यापार लाइसेंस जारी किए गए हैं। एनडीएमसी के आदेश के अनुसार, जिन छह स्थानों पर इनके संचालन की अनुमति रहेगी, उनमें सी-हेक्सागोन रोड के दक्षिण और उत्तर, मान सिंह रोड के दक्षिण (दोनों तरफ), रफी अहमद रोड के दक्षिण और उत्तर शामिल हैं।

मंगलवार को जारी आदेश में एनडीएमसी ने जिलाधिकारी से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि कर्तव्य पथ पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं निगरानी के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की तैनाती की जाए।

उपाध्याय ने कहा कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक वेंडिंग जोन में केवल लाइसेंस प्राप्त और निर्धारित संख्या में ही ट्रॉली संचालित हों।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजीत शर्मा, कविता शर्मा, LBNOD00002221691ए एसकेए–106, शिप्रा कृष्णा अपा., प्लॉट–14, अहिंसा खंड–1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद–201014 | लैट नंबर एसकेए–106, प्रथम तल, शिप्रा कृष्णा, अहिंसा खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद–201001 | 06–08–2022 रू. 13,55,316/– | 06–05–2022 |
| 2. | ललित खंडेलवाल, सुनील खंडेलवाल, LBNOD00002973479, ए–538, सेक्टर–47, उत्तर प्रदेश, नोएडा–201301 | लैट नंबर 202, द्वितीय तल, टावर क्यू, अजनारा ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच–02, सेक्टर–16, उत्तर प्रदेश, नोएडा–201307 | 06–08–2022 रू. 3,33,534/– | 11–03–2022 |
| 3. | अनुराग गुप्ता, हिमानी गुप्ता, LBDEL00000877219ए लैट नंबर एफ–3, प्लॉट नंबर 2/6, सेक्टर–9, निकट जज कालोनी, वैशाली, गाजियाबाद–201010 | लैट नंबर एफ–3, प्लॉट नंबर 2/6, सेक्टर–9, वैशाली, गाजियाबाद–201010 | 06–08–2022 रू. 1,38,596/– | 09–05–2022 |
| 4. | बिष्णुप्रिया रॉय चौधरी, दीपांकर रॉय चौधरी, LBDEL00001974839ए डब्ल्यूजेड–216, द्वितीय तल, गली नंबर 2, वीरेन्द्र नगर, नई दिल्ली, दिल्ली–110058 | लैट नंबर एसएटी 7–918, 9वां तल, लॉजिक्स ब्लॉसम जेस्ट, प्लॉट नंबर जीएच–02, ब्लॉक–3, एसएटी–07, टाइप–सी, सेक्टर–143, नोएडा–201301 | 06–08–2022 रू. 5,97,661.94/– | 11–05–2022 |
| 5. | बूटा राम, रजनी देवी, LBGUR00003417958ए प्लॉट नंबर 67/11, गली नंबर सेक्टर–52, वजीराबाद, गुरूग्राम–122001 | लैट नंबर 912, 9वां तल, हैबीटैट टावर–ए, सेक्टर–99 ए, गुरूग्राम–122001 | 06–08–2022 रू. 17,26,326/– | 06–04–2022 |
| 6. | देवेश कुमार सिंह, कंचन सिंह, LBGHZ00002958630ए लैट नंबर 2 बी–208, रिवर हाइट्स, टावर नंबर 2, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, बलरामपुर–201003 | लैट नंबर 313, तृतीय तल, टावर–4, एसोटेक बिजनेस क्रेस्टेरा, प्लॉट नंबर 22, सेक्टर–135, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर–201301 | 06–08–2022 रू. 14,18,533/– | 06–05–2022 |
| 7. | दिलीप रॉय, बेचन रॉय, LBGHZ00005177041ए आई 130, तृतीय तल, शकूरपुर, दिल्ली, दिल्ली–110034 | लैट नंबर 803, 8वां तल, टावर–4, प्लॉट नंबर जीएच–6 ए, सेक्टर–5, ग्रीनवुड एन्क्लेव, ड्रीम होम्स, वेव सिटी एनएच–24, गाजियाबाद–201001 | 06–08–2022 रू. 19,08,130.01/– | 23–04–2022 |
| 8. | गौरव सिक्का, रेणु बाला, LBGUR00005104628ए ई–1004, आइरियो, यूपी टाउन, सेक्टर–66, गुरूग्राम, हरियाणा, गुरूग्राम–122001 | प्लॉट नंबर 101, सेक्टर–40, अर्बन एस्टेट, गुरूग्राम–122001 | 06–08–2022 रू. 25,06,835.34/– | 10–04–2022 |
| 9. | गौरव सिक्का, जगदीश लाल सिक्का, LBGUR00005104628ए ई–1004, आइरियो, यूपी टाउन, सेक्टर–66, गुरूग्राम, हरियाणा, गुरूग्राम–122001 | प्लॉट नंबर 101, सेक्टर–40, अर्बन एस्टेट, गुरूग्राम–122001 | 06–08–2022 रू. 25,06,835.34/– | 10–04–2022 |
| 10. | खुशेन्द्र राय, चंदन दयाशंकर खेत्या, LBDEL00003092657ए एच नंबर 829 ए, द्वितीय तल, ऋषि नगर, रानी बाग, पीतमपुरा, सरस्वती विहार नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली–110034 | लैट नंबर 8006, 8वां तल, टावर ई–5, कृष्णा हाउसिंग स्कीम, सेक्टर–14, सोहना, गुरूग्राम–122001 | 06–08–2022 रू. 9,26,979/– | 30–05–2022 |
| 11. | खुशेन्द्र राय, सारिका राय, LBDEL00003092657ए एच नंबर 829 ए, द्वितीय तल, ऋषि नगर, रानी बाग, पीतमपुरा, सरस्वती विहार नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली–110034 | लैट नंबर 8006, 8वां तल, टावर ई–5, कृष्णा हाउसिंग स्कीम, सेक्टर–14, सोहना, गुरूग्राम–122001 | 06–08–2022 रू. 9,26,979/– | 30–05–2022 |
| 12. | नवीन चंद्र चंदोला, पूनम चंदोला, LBDEL00005334090ए ई–4/119, न्यू कोंडली, मयूर विहार 3, दिल्ली–110096 | एलआईजी लैट नंबर 615, भू तल, कोंडली घड़ोली, मयूर विहार फेज–3, दिल्ली, दिल्ली–110096 | 06–08–2022 रू. 19,74,637/– | 08–05–2022 |
| 13. | नीरज राय, अंजलि राय, LBFDB00005165752ए 263–ए, अपर ग्राउंड लोर, सरस्वती लेन, सेक्टर–5, वैशाली, गाजियाबाद–201016 | लैट नंबर जी 15011, 15वां तल, टावर–17, रिवर हाइट्स, एनएच–58, राज नगर एक्सटेंशन, ग्राम नूर नगर, परगना लोनी, गाजियाबाद–201001 | 06–08–2022 रू. 24,99,617.42/– | 31–03–2022 |
| 14. | राज कुमार सुखवानी, सुखवानी केमिस्ट, LBNOD00001330124ए 24/14, प्रथम तल, शक्ति नगर, नई दिल्ली–110007 | लैट नंबर 0701, 7वां तल, ब्लॉक–16, यूनिटेक होराइजन, पी. नंबर 6, सेक्टर–पाई–II, ऐलिस्टोनिया एस्टेट, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201306 | 06–08–2022 रू. 11,98,912.62/– | 16–04–2022 |
| 15. | राज कुमार सुखवानी, लाइफ केयर मेडिका, LBNOD00001330124ए 24/14, प्रथम तल, शक्ति नगर, नई दिल्ली–110007 | लैट नंबर 0701, 7वां तल, ब्लॉक–16, यूनिटेक होराइजन, पी. नंबर 6, सेक्टर–पाई–II, ऐलिस्टोनिया एस्टेट, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201306 | 06–08–2022 रू. 11,98,912.62/– | 16–04–2022 |
| 16. | राज कुमार सुखवानी, ज्योति सुखवानी, LBNOD00001330124ए 24/14, प्रथम तल, शक्ति नगर, नई दिल्ली–110007 | लैट नंबर 0701, 7वां तल, ब्लॉक–16, यूनिटेक होराइजन, पी. नंबर 6, सेक्टर–पाई–II, ऐलिस्टोनिया एस्टेट, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201306 | 06–08–2022 रू. 11,98,912.62/– | 16–04–2022 |
| 17. | संतोष कुमार, कविता देवी, LBGUR00004879702ए 179 एफएफ गली नंबर 3, धरम कालोनी, शिव मंदिर रोड, पालम विहार एक्सटेंशन, गुरूग्राम–122017 | लैट नंबर सी–903, 9वां तल, जीएलएस एवेन्यू 51–टावर–सी, ग्राम वजीरपुर, सेक्टर–92, गुरूग्राम–122001 | 06–08–2022 रू. 17,33,487/– | 15–04–2022 |
| 18. | संतोष कुमार सिंह, संध्या सिंह, LBDEL00001998809ए सी/ओ आरपी सेंगर, ए 2, नाथू कालोनी, सेक्टर–49, बरोला, नोएडा–201301 | लैट नंबर जी–702, 7वां तल, एवीजे हाइट्स, प्लॉट नंबर जीएच–12/2, सेक्टर–जीटा–1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307 | 06–08–2022 रू. 7,47,812.9/– | 15–04–2022 |
| 19. | सुभोजीत सिकदर, तंद्रा मंडल, LBDEL00005370129ए बी–201, पूनम आस्था, तिरूपति नगर फेज–2, महाराष्ट्र थाने–401303 | 92, कृष्णनगर मौजा होल्डिंग नंबर 27/2, खोटा पारा लेन, आरएस डीएजी नंबर6906, एलआर डीएजी नंबर 10044, एलआर खातियान नंबर 38898, पीएस कोतवाली वार्ड नंबर 7, कृष्णनगर–741101 | 06–08–2022 रू. 10,79,562/– | 16–04–2022 |
| 20. | सुमित देवराज मिश्रा, देवराज LBGHZ00004982146ए बी 1 903, कृष्णा अप्रा गार्डन, गाजियाबाद, शिप्रा मॉल, इंदिरापुरम, गाजियाबाद–201010 | विला नंबर सी–11, प्लॉट नंबर बीजीएच–ए, पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सूरजपुर ग्रेटर नोएडा, साइट–सी एक्सटेंशन फेज–1, नोएडा–201307 | 06–08–2022 रू. 19,50,129/– | 11–03–2022 |
| 21. | सुनील कुमार, शीला शर्मा, LBGUR00005436476ए एच नंबर 1389, प्रथम तल, निकट मदर डेरी, गुरूग्राम, निकट मदरडेरी और किशन मंदिर, गुरूग्राम–122001 | लैट नंबर 106, प्रथम तल, ब्लॉक नंबर बी–09, एवीएल 36 गुरूग्राम, ग्राम सीही, सेक्टर–36 ए, मानेसर अर्बन कॉम्प्लेक्स, गुरूग्राम–122001 | 06–08–2022 रू. 24,87,307/– | 06–05–2022 |
| 22. | तारा चंद गुप्ता, आशीष गुप्ता, LBGUR00002634282ए एच नंबर 616 ए, गली नंबर 9, मदन पुरी, गुरूग्राम–122001 | लैट नंबर 807, 8वां तल, टावर–1, पिरामिड अर्बन होम्स, सेक्टर–70 ए, गुरूग्राम–122001 | 06–08–2022 रू. 18,57,124/– | 08–05–2022 |
| 23. | विजय पाल सिंह, आशा भारती, LBDEL00004983395ए मकान नंबर 34 ए, पाकेट डी 2, घड़ोली एक्सटेंशन, मयूर विहार फेज–3, निकट डीडीए मार्किट, दिल्ली–110096 | लैट नंबर 91 ए, भू तल, पाकेट डी 2, सेक्टर–डी, कोंडली घड़ोली, मयूर विहार फेज–3, दिल्ली–110096 | 06–08–2022 रू. 19,71,535/– | 11–04–2022 |
| 24. | ब्रजेश कुमार सिंह, सुषमा सिंह, LBDEL00001308291ए लैट नंबर एस–6, प्लॉट नंबर 378, सेक्टर–4, वैशाली, गाजियाबाद–201010 | लैट नंबर 201, द्वितीय तल, एसएफ (फ्रंट साइड), प्लॉट नंबर 378, सेक्टर–4, वैशाली, गाजियाबाद–201010 | 06–08–2022 रू. 2,57,629.77/– | 09–05–2022 |
| 25. | ब्रजेश कुमार सिंह, सुषमा सिंह, LBDEL00000978658ए लैट नंबर एस–6, प्लॉट नंबर 378, सेक्टर–4, वैशाली, गाजियाबाद–201010 | लैट नंबर एस–1, द्वितीय तल (छत सहित), प्लॉट नंबर 378, सेक्टर–4, वैशाली, गाजियाबाद–201010 | 06–08–2022 रू. 10,25,159.45/– | 09–05–2022 |
| 26. | मोहम्मद शहजाद, राशिदा मलिक, LBNOD00005106171ए मकान नंबर 03, गली नंबर 01, गेहता तिलपताबाद, निकट शिव मंदिर, सेक्टर–93, नोएडा–201304 | लैट नंबर –ओ–625, छठा तल, विंग बी, गौड़ सिटी, प्लॉट नंबर जीएच–01, गौड़ सिटी, सेक्टर–4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307 | 06–08–2022 रू. 7,48,045/– | 06–05–2022 |
| 27. | मोहम्मद शहजाद, राशिदा मलिक, LBNOD00004964064ए मकान नंबर 03, गली नंबर 01, गेहता तिलपताबाद, निकट शिव मंदिर, सेक्टर–93, नोएडा–201304 | दुकान नंबर ओ–977, 9वां तल, विंग बी, गौड़ सिटी, प्लॉट नंबर जीएच–01, गौड़ सिटी, सेक्टर–4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307 | 06–08–2022 रू. 5,12,957/– | 06–05–2022 |
| 28. | संदीप शर्मा, LBFDB00001566568ए लैट नंबर 806, प्लॉट नंबर जीएच–12, सेक्ट–21 पार्ट–III, फरीदाबाद–121001 | लैट नंबर 806, दि प्रेम सीजीएचएस लि. प्लॉट नंबर जीएच–12 ए, सेक्ट–21 सी पार्ट–III, फरीदाबाद–121001 | 06–08–2022 रू. 18,93,525.22/– | 02–04–2022 |
| 29. | अरविंद कुमार पांडे, नीतू पांडे, LBGUR00003243913ए एच नंबर सी 20/19, सेक्टर–71, पीएस सेक्टर–24, तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा–201301 | ईडब्ल्यूएस लैट नंबर 19, द्वितीय तल, ब्लॉक नंबर सी–20, सेक्टर–71, नोएडा, उत्तर प्रदेश, गौतमबुद्ध नगर–201301 | 06–08–2022 रू. 4,59,576.76/– | 31–01–2021 |
| 30. | अरविंद कुमार पांडे, नीतू पांडे, LBGUR00003243906ए एच नंबर सी 20/19, सेक्टर–71, पीएस सेक्टर–24, तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा–201301 | ईडब्ल्यूएस लैट नंबर 19, द्वितीय तल, ब्लॉक नंबर सी–20, सेक्टर–71, नोएडा, उत्तर प्रदेश, गौतमबुद्ध नगर–201301 | 06–08–2022 रू. 3,94,870.76/– | 31–01–2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 15–09–2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

किसान भाई ध्यान दें...बिना ईकेवाईसी के नहीं मिलेगी सम्मान निधि योजना की 12वीं किश्त

# समय रहते ईकेवाईसी अपडेट करवा लें किसान

### लैंड रिकॉर्ड का डेटा भी सात दिनों के भीतर पोर्टल पर हो अपडेट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के महानिदेशक डॉ. हरदीप सिंह के साथ वीडियो कांफ्रेंस से बैठक में जुड़े गुरुग्राम के अधिकारी।

**किसानों** को अपना ईकेवाईसी अपडेट करवाना अनिवार्य है। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें इस योजना के तहत 12वीं किश्त का लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए जिन किसानों ने अपनी ईकेवाईसी अपडेट नहीं करवाया है, वे बिना देरी के इसे करवा लें। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पंजीकृत किसानों के लैंड रिकॉर्ड का डेटा भी आगामी सात दिनों के भीतर पोर्टल पर अपडेट हो जाना चाहिए। यह बात कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के महानिदेशक डॉ. हरदीप सिंह ने वीडियो कांफ्रेंस से अधिकारियों की बैठक में कही।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में डॉ. हरदीप सिंह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लैंड रिकॉर्ड को पोर्टल पर अपडेट करने के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इसे लेकर गांव अनुसार शिविर लगाने के लिए अधिकारियों को कहा। इन शिविरों में पटवारियों के साथ डेटा एंट्री आप्रेटरों को लगाया जाएगा।

उन्होंने हल्का पटवारी के कार्यालय, तहसील व उप तहसीलों में इस योजना के तहत लैंड रिकॉर्ड अपडेट करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बारे में आवश्यकतानुसार जिला में अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने लैंड रिकार्ड का डेटा आगामी सात दिनों में पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने इस अवधि के दौरान योजना के तहत किसी किसान का नया रजिस्ट्रेशन न करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि इस दौरान किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को काम करने में किसी प्रकार की समस्या आए तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला जरूर लाए ताकि समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जा सके।

उन्होंने बैठक में उपस्थित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को योजना के तहत ईकेवाईसी अपडेट करवाने संबंधी निर्देश देते हुए कहा कि वे सीएससी केन्द्र संचालकों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए केन्द्रों के बाहर ऐसे किसानों की सूची चस्पा करवाना सुनिश्चित करें जिन्होंने अभी तक अपना ईकेवाईसी अपडेट नहीं करवाया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बारे में गांवों में मुनादी करवाना भी सुनिश्चित करें।

**सालाना दी जाती है छह हजार रुपये की सम्मान निधि**

**उपायुक्त** निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिला के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि स्कीम के तहत सालाना 6,000 रुपये दिए जाते हैं। इसका भुगतान 2000-2000 रुपये की तीन किश्तों में किया जाता है। ये पैसा सरकार द्वारा सीधा किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा अभी तक इस योजना के तहत 11 किश्तें जारी की जा चुकी हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गुरुग्राम के उप-निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने बताया अगर आपके खाते में अभी तक पीएम किसान योजना की 11वीं किश्त का पैसा नहीं आया है, तो आपको केंद्र सरकार की वेबसाइट पर अपनी डिटेल्स चेक कर लेनी चाहिए, वरना आगामी किश्त का पैसा भी अटक सकता है।

# किसानों का ऐलान, मांग पूरी नहीं की तो सीएम का करेंगे घेराव


गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते जमीन बचाओ किसान बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

### 18 सितम्बर को होगी देशभर के किसानों की महापंचायत

**गुरुग्राम।** मानेसर क्षेत्र में 1810 एकड़ जमीन को लेकर अभी भी सरकार और किसानों के बीच ठनी हुई है। बुधवार को यहां पत्रकार वार्ता करके जमीन बचाओ किसान बचाओ संघर्ष कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों ने कहा कि किसी भी कीमत पर सरकार को किसान जमीन नहीं देंगे।

कमेटी के प्रधान एवं खोह गांव के पूर्व सरपंच रोहताश यादव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल, गुरुग्राम लोकसभा के सांसद राव इंद्रजीत सिंह व विधायक से कई बार मुलाकात कर 1810 एकड़ जमीन कासन, सहरावन, कुकडोला, फजलवास, पूखरपुर, मोकलवास, खरखड़ी, बासलांबी की 1128 एकड़ जमीन अधिग्रहण का मामला उठाया गया। पिछले 85 दिनों से धरने पर बैठे किसानों की मांगों को मानने का आग्रह किया गया, लेकिन सरकार अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि कमेटी किसी भी हालत में यह जमीन सरकार को नहीं देगी। कानून के दायरे में रहकर ही वे अपनी आवाज उठाते रहेंगे और संघर्ष करेंगे। सत्यदेव शर्मा ने कहा कि सरकार हठधर्मिता का त्याग कर किसानों की आवाज को सुने और बिना किसानों की मर्जी के भूमि अधिग्रहण न करें। उन्होंने कहा कि किसानों के धरने में निर्णय लिया गया कि 18 सितम्बर को पचगांव चौक पर एक किसान महापंचायत बुलाई जाएगी, जिसमें देशभर से किसानों पहुंचेंगे। यदि सरकार फिर भी किसानों की मांग नहीं मानती है तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल जब भी गुरुग्राम आएंगे, उनका घेराव किया जाएगा। जो किसान देश का पेट पाल रहा है, आज उस किसान को अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 के जनवरी माह में प्रदेश सरकार ने 1810 एकड़ भूमि पर सेक्शन 4 लगा दिया था।

## संक्षिप्त-समाचार

### नशीला पदार्थ बेचने वाली महिला गिरफ्तार

**सोहना।** शहर थाना पुलिस ने नशीला पदार्थ का कारोबार करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। जिसके पास तलाशी के दौरान 285 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। जिसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शहर के वार्ड 13 की पहाड़ कॉलोनी निवासी ममुताज बाहर से नशीला पदार्थ लाकर बेचने का कारोबार कर रही थी। मंगलवार को शहर थाना पुलिस टीम को सूचना मिली कि ममुताज अभी कुछ समय पहले अपने घर पहुंची है। वह किसी अज्ञात स्थान से नशीला पदार्थ लेकर आई है। पुलिस टीम ने मुमताज के घर पर छापा मारते हुए तलाशी में 285 ग्राम गांजा बरामद किया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तारी के बाद कच्ची जमानत पर छोड़ दिया है। मामले की तुरन्त प्रभाव से शुरू की गई जांच में पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया गया।

### नागरिक अस्पताल में आयुष विभाग का जांच शिविर 17 को

**सोहना।** नागरिक अस्पताल में आयुष विभाग की तरफ से शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर रोगियों को योग के माध्यम से शरीर को निरोग बनाने के गुर बताएं जाएंगे। नागरिक अस्पताल में आयुष विंग के प्रभारी डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि 17 सितम्बर को स्थानीय अस्पताल में लगने वाले एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर में रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आ रहे हैं। शिविर में सभी प्रकार के रोगियों को फ्री उपचार सहायता दी जाएगी। रोगियों को फ्री में दवाइयां भी दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि शिविर में योगाचार्य भी आ रहे हैं। जिनका मुख्य उद्देश्य रोगियों को बिना दवा दिए अपने शरीर को निरोग बनाने के योग सिखाए और बताए जाएंगे। ताकि रोगी योग की प्रक्रिया अपनाकर अपने रोग को दूर कर सकेंगे।

### कुश्ती में पहलवानों ने किया अपने बल का प्रदर्शन



**गुरुग्राम।** झाड़सा स्थित अमर शहीद चौधरी बख्तावर सिंह अखाड़े में आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गुरुग्राम के होनहार पहलवानों ने अपनी प्रतिभा और बल का प्रदर्शन किया। हरियाणा रेसलिंग फाउंडेशन के संयुक्त सचिव और रेसलिंग फाउंडेशन गुरुग्राम के अध्यक्ष मनदीप सेहरा की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता में 45 से 110 किलोग्राम भार वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उनमें विजयी हुए उत्कृष्ट पहलवानों को मुख्य और विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के दौरान सम्मानित अतिथि के रुप में उपस्थित नगर निगम वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी, जिला बार एसोसिएशन गुरुग्राम के पूर्व प्रेसिडेंट एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अजय चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता ललिता कपूर, नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट आशीष ठाकरान, दिव्य कपूर और राजकुमार आदि अतिथि गण को अखाड़े के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा उपहार भेंटकर सम्मानित किया। मनदीप सेहरा ने सभी अतिथियों का सम्मान करने के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की धरती खेल प्रतिभाओं से भरी हुई है। हरियाणा के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वार्ड 10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी सहित सभी अतिथियों ने प्रतियोगिता में विजयी हुए पहलवानों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विजय प्राप्त करने से वंचित पहलवानों का भी हौसला आफ्जाई किया गया कि वे अपने अगली प्रतियोगिता की तैयारी पूर्ण समर्पित होकर कर सकें। मंगत राम बागड़ी ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों का लगातार उत्साहवर्धन करने का प्रतिफल है कि आज हरियाणा पूरे देश के लिए खेल का केंद्र बना हुआ है। यहां के प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ प्रदेश की बेटियां भी खेलों से लेकर शिक्षा तक उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ा रही हैं।

# गुरुग्राम में डेंगू के 23 मामलों की पुष्टि, एडवाइजरी जारी

**गुरुग्राम।** डेंगू की बीमारी को लेकर गुरुग्राम के स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। अब तक जिला में डेंगू के 23 मामलों की पुष्टि की गई है, जबकि रोजाना लगभग 100 मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने बुधवार को जिलावासियों को डेंगू की बीमारी को लेकर सतर्क रहने की अपील है।

डेंगू को लेकर जारी सुझाव में सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने बताया कि तेज बुखार होने पर नजदीक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर चिकित्सा अधिकारी की सलाह लें। बुखार से राहत पाने के लिये पानी की पट्टी रखें अथवा पैरासिटामोल की गोली लें। अन्य किसी भी दवाई का उपयोग अपने आप से न करें। अधिक से अधिक तरल पदार्थ का प्रयोग करें जैसे कि नारियल पानी, नींबू पानी, ओआरएस लस्सी इत्यादि और खाने में आसानी से पचने वाला खाना जैसे कि खिचड़ी, दाल, दलिया, लोकी की सब्जी इत्यादि खाए।

उप-सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि डेंगू की पुष्टि होने पर जल्द ही प्लेटलेट्स काउंट करवाएं। यदि प्लेटलेट काउंट एक लाख से कम आयें तो तुरन्त अपने नजदीक स्वास्थ्य केंद्र में चेक करवाए। डेंगू के हर मरीज को प्लेटलेट्स चढ़वाने की आवश्यकता नहीं होती, प्लेटलेट्स मरीज की हालात देखकर ही चढ़ाई जाती है। यदि प्लेटलेट्स दस हजार से कम हो या मरीज को किसी भी जगह से लगातार खून रिस रहा हो तो उस अवस्था में मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाई जाती है।

# चिकित्सा अधिकारी ने मरीज से किया अभद्र व्यवहार

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक भी पहुंचाई गई शिकायत

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के हस्तक्षेप से एम्स में भर्ती हुआ मरीज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


एम्स में भर्ती मरीज पवन।

**एक** लाचार मरीज के साथ अस्पताल में जिस तरह का बर्ताव हुआ, वह बहुत ही दुखद है। मरीज की मां ने मदद के लिए सोशल मीडिया पर मार्मिक अपनी डाली तो वह हजारों लोगों तक पहुंची।

प्रशासनिक अधिकारियों ने इस पर संज्ञान तो लिया, लेकिन बाद में जो हुआ वह इंसानियत नहीं कही जा सकती। जानकारी के अनुसार काफी समय से बीमार पवन पुत्र लक्ष्मण निवासी जहांगीरपुर, गौतमबुद्ध नगर की मां की अपने बेटे के उपचार के लिए फंड जुटाने की मार्मिक अपील की। अधिकारियों ने इस पर आगे आकर 30/31 अगस्त 2022 की रात्रि को उसे स्थानीय स्वास्थ्य कर्मी सीएससी जेवर व पीएचसी जहांगीरपुर जिला अस्पताल गौतम बुद्धनगर को आनन-फानन में एंबुलेंस से ले गए। जिला चिकित्सा अधिकारी ने अपने जिला अस्पताल में भर्ती ना करने की बजाय गंभीर अवस्था में 31 अगस्त को महरौली दिल्ली टीबी हस्पताल में रेफर कर दिया। टीबी अस्पताल ने बेड उपलब्ध नहीं होने का बहाना बनाकर उसे एम्स दिल्ली दिखाने को बोल दिया। विधवा मां अपने लड़के को लेकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली पहुंची। जहां किसी ने भी उसकी फरियाद नहीं सुनी। वह रोती रही और एंबुलेंस ड्राइवर उसको उतार आया मरीज जमीन पर पड़ा रहा।

भाजपा नेता चंद्रमणि भारद्वाज ने जिला अधिकारी, सीएमओ और उपजिलाधिकारी जेवर से मरीज को भर्ती कराने की अपील की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया। उन्होंने सीएमओ से कहा कि जब आपके पास कोई संसाधन नहीं थे तो रात में मरीज को घर से क्यों उठवाया। आरोप है कि इस बात पर सीएमओ डॉ. सुनील शर्मा नाराज हो गए। उन्होंने जवाब दिया कि हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। चंद्रमणि भारद्वाज की ओर से इस बाबत यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन में लिखित शिकायत की। पता चला है कि सीएमओ अपने खिलाफ स्वयं ही जांच करेंगे, जो कि हास्यास्पद है। वहीं, किसी तरह से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के हस्तक्षेप से मरीज को एम्स दिल्ली में भर्ती कराया। उसके सिर में भरे पानी को ऑपरेट कर निकाल दिया है और वह स्वास्थ्य लाभ ले रहा है।

# नगर परिषद चार साल से नहीं हटा पा रही अवैध पार्किंग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में नगर परिषद कार्यालय मार्ग पर खड़े वाहन।

**शहर** के आम रास्तों से लेकर सड़क, चौक-चौराहे, सार्वजनिक स्थल और बाजारों में बनी अवैध पार्किंग जाम का कारण बनी है। नगर परिषद प्रशासन द्वारा शहर को पिछले करीब चार साल में बनाई गई अवैध पार्किंग मुक्त बनाने पर योजनाएं आज तक सिरे नहीं चढ़ पाई है। जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

शहर में अवैध पार्किंग दिन प्रति दिन जटिल समस्या का रूप धारण करती जा रही है। जब नगर परिषद प्रशासन के शहर को अवैध पार्किंग मुक्त करने के दावे पिछले चार साल से फेल हो रहे हैं। क्योंकि परिषद प्रशासन ने कोविड काल से पहले शहर में चार स्थान चिह्नित किए थे। जिसमें राजीव गांधी पार्क, पुराना तहसील परिसर, नागरिक अस्पताल परिसर और सामान्य बस का खाली परिसर शामिल था। इन सब दावे और योजनाओं को परिषद का कोई भी अधिकारी धरातल पर अमलीजामा नहीं पहना सका है। जबकि बीते चार साल में कई अधिकारी आए और चले गए।

**कहां-कहां है अवैध पार्किंग** : शहर में अवैध पार्किंग से सामान्य बस स्टैंड मार्ग, नागरिक अस्पताल मार्ग, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, नगर परिषद कार्यालय मार्ग, पुराना अलवर मार्ग, पुराना बस स्टैंड मार्ग, अग्रसैन चौक, अंबेडकर बाईपास चौक, चुंगी नंबर दो, सामान्य बस स्टैंड के बाहर का क्षेत्र आदि स्थान शामिल है।

**शहर को अवैध पार्किंग मुक्त बनाने के लिए शहरवासियों के मुख्य सुझाव**

- दिन के समय शहर में लागू हो नौ पार्किंग जोन।
- पार्किंग के लिए नगर परिषद जल्द करे स्थान चिह्नित।
- अवैध रूप से खड़े होने वाले वाहनों को उठाने के लिए टोइंग वैन।
- दिन के समय बाजार के अंदर लोडिंग अनलॉडिग पर लगे रोक।

**एसडीएम जितेंद्र गर्ग का कहना है कि शहर को जल्द ही अवैध पार्किंग से मुक्त बनाया जाएगा। पार्किंग स्थलों को चिह्नित करके लागू किया जाए।**

# लघु कथा प्रतियोगिता में लावण्या ने मारी बाजी

### हिंदी निबंध प्रतियोगिता में नितिन चौहान रहा अव्वल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम विवि में हिन्दी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेते विद्यार्थी।

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सात दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित सात दिवसीय सेमिनार के पहले दिन जीयू में हिंदी निबंध, लघु कथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सात दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ जीयू के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं डीन अकादमी अफेयर्स डॉ. सुभाष कुंडू ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अलग अलग विषयों पर निबंध लिख अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी जोश में दिखे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश योगी ने बताया कि हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय सेमिनार के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, हिंदी हस्ताक्षर अभियान, भाषण एवं कविता प्रतियोगिता, जैसी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 21 सितम्बर को आयोजित होगा। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में नितिन चौहान ने पहला, साक्षी ने दूसरा, खुशबू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लघु कथा प्रतियोगिता में लावण्या विजयी रही। इस अवसर पर उपस्थित जीयू के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। हिन्दी भाषा के साथ हमारी संस्कृति जुड़ी हुई है। भावी पीढ़ियों के नैतिक उत्थान के लिए इसकी साहित्यिक रचनाओं का अध्ययन करना बहुत जरूरी है।

# अपग्रेड करियर के शानदार नतीजों से उत्साहित, पहली तिमाही में 450 से ज्यादा एमबीए छात्रों को अलग-अलग कंपनियों में जॉब मिली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

upGrad

**भारत** की सबसे बड़ी हायर एडटेक कंपनी अपग्रेड ने इस साल एक और उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने जानकारी दी है कि मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में संस्थान में पढ़ने वाले 450 से ज्यादा एमबीए डिग्री धारकों ने विभिन्न कंपनियों में जॉब हासिल कर अपने कॅरियर की शानदार शुरुआत की है। इन जॉब्स में छात्रों के सीटीसी में 328 फीसदी की सर्वोच्च बढ़ोतरी हुई। यह पिछली तिमाही में हुई बढ़ोतरी से 66 फीसदी अधिक थी।

अपग्रेड रिक्रूट के मैनेजिंग फाउंडर अजय शाह ने कहा, हर बीतती तिमाही के साथ कॅरियर को लेकर हमारे परिणाम मजबूत होते जा रहे हैं और हमें ऐसे ऑनलाइन टैलेंट के लिये न केवल भारत, बल्कि विदेशों में भी रिक्रूटर्स के बीच अच्छी स्वीकार्यता मिल रही है। अपग्रेड 680 फीसदी की ज्यादा की दर से साल दर साल प्रगति कर रही है। पहली तिमाही में संस्थान के एमबीए छात्रों को रिलायंस जियो, डिज्नी स्टार इंडिया, इंफोसिस, मॉन्स्टर, एचडीएफसी एएमसी, क्लियर टैक्स. फ्लिपकार्ट, एडुवांज, एक्सिपेडिफाई, इंफोकॉम लिमिटेड, जोलो स्टेस, डेल्हीवेरी जैसी 75 से ज्यादा कंपनियों में कंपनियों में प्लेसमेंट मिला। इतने बड़े स्तर पर प्लेसमेंट हासिल करने वाला यह पहला बैच है। रिलायंस जियो में टीए की डिप्टी मैनेजर जसलीन कौर ने कहा, टेक्नोलॉजी से मार्केटप्लेस के भीतर बदलाव की रफ्तार बढ़ी है और पेशेवरों को ऐसे कौशल सीखने पड़ रहे हैं, जो पांच साल पहले शायद जरूरी नहीं थे। यह अच्छा है कि नये जमाने की एडटेक कंपनियां, जैसे अपग्रेड लगातार चुनौतियों की पहचान कर रही हैं और फिर कैंडिडेट्स को सबसे सटीक और समय का ध्यान रखने वाले कौशल से प्रशिक्षित कर रही हैं। एक नियोक्ता के तौर पर मुझे एक चुस्त वर्कफोर्स रखने में यकीन है, जो तुरंत बदलाव के अनुकूल हो सके और सक्षम परिणामों के लिये खुद को अपस्किल कर सके। नियुक्तियां एचआर, बिजनेस, मैनेजमेंट, एनालीटिक्स और फाइनेंस के पदों पर हुई हैं। इंडस्ट्री की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2026 तक भारत में 14 से 19 लाख तकनीकी पेशेवरों की कमी हो सकती है। इसके अलावा, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मुताबिक भारत के वर्कफोर्स में शामिल होने वाले 13 मिलियन लोगों में से मैनेजमेंट के चार में से एक पेशेवर ही नियुक्ति के योग्य है। इस बढ़ते अंतर को इंडस्ट्री के लिये तैयार प्रोग्राम्स से दूर किया जा सकता है, जो कि डेडिकेटेड प्रोजेक्ट्स, जमीनी-स्तर पर फ्लोर के अनुभवों, इंडस्ट्री मेंटरिंग और कॅरियर सेशंस द्वारा लर्नर्स की पेशेवर योग्यताएं बढ़ाकर उनकी मदद कर सकते हैं। इससे उन्हें बिजनेस के रिजल्ट्स देने के लिये नये लॉजिक को काम में लेने में भी मदद मिलेगी

अपग्रेड का एमबीए पोर्टफोलियो काफी मजबूत है, जिसमें टॉप भारतीय और अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटीज के साथ भागीदारी में 10 से ज्यादा ऑनलाइन प्रोग्राम्स हैं, जो प्रतिभा को एआई/एमएल से संचालित प्रशिक्षण द्वारा समर्थ बनाते हैं। यह अभी पारंपरिक पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है। श्री शाह ने कहा, यह केवल यूनिवर्सिटी को शामिल करने के लिये नहीं, बल्कि सीखने के ऐसे अनुभव को साथ मिलकर निर्मित करने के लिये है, जो हमारे लर्नर्स की भागीदारी को मायने रखने वाला बनाए। हम लाइव या रिकॉर्डेड लेक्चर्स, रियल-टाइम डिस्कशन फोरम्स, प्रॉक्टर्ड एक्जाम्स, इंडस्ट्री के प्रोजेक्ट्स, मास्टरक्लासेस, बूटकैम्प्स और कैपस्टोन प्रोजेक्ट्स जैसे फॉर्मेट्स पर गंभीरता से ध्यान देते हैं, ताकि हमारे साथ सीखने की लर्नर की जीवनभर की यात्रा समृद्ध हो सके।

# पहली तिमाही में भारत से टायर निर्यात 31 फीसदी बढ़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारत** सरकार के वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत से टायर का निर्यात 31 फीसदी बढ़कर 6,213 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की इसी तिमाही में निर्यात 4,754 करोड़ था। संख्या के लिहाज से भी सभी प्रमुख श्रेणियों में दोहरे अंकों की वृद्धि देखी गई है। पहली तिमाही में टायर निर्यात में यह वृद्धि पिछले वित्त वर्ष के शानदार प्रदर्शन के ही अनुरूप है। पिछले वित्त वर्ष में टायर निर्यात 50 फीसदी बढ़कर 21 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया था। ऑटोमोटिव टायर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटमा) के चेयरमैन सतीश शर्मा ने कहा, उच्च मुद्रास्फीति, बढ़ती ब्याज दरों, सप्लाई चेन में बाधा और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में वृद्धि के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष आई चुनौतियों के बावजूद भारतीय टायर उद्योग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रभावशाली तरीके से निर्यात किया है।

शर्मा ने आगे कहा कि भारतीय टेक्नोलॉजी दुनिया के साथ तालमेल बना रही है, जिससे भारतीय टायर निर्माताओं के समक्ष नए बाजार खुल सकें। निर्यात में विस्तार के लिए गुणवत्ता में निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। इसे देखते हुए टायर उद्योग और रबर बोर्ड यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं कि कच्चे माल के निर्माता और पूरी वैल्यू चेन मानकों के अनुरूप कार्य करे।

टायरों के अंधाधुंध आयात पर अंकुश लगाने से घरेलू उद्योग को विस्तार करने और उत्पादन बढ़ाने व वैश्विक सप्लाई चेन के साथ एकीकृत करने में मदद मिली है। ट्रक और बस रेडियल (टीबीआर) टायर सेगमेंट में अंधाधुंध आयात के कारण कुछ साल पहले तक घरेलू मैन्यूफैक्चरिंग बहुत दबाव में थी। आयात पर अंकुश के बाद यह सेगमेंट राहत की सांस ले रहा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कुल टायर निर्यात में टीबीआर निर्यात का हिस्सा लगभग 20 फीसदी था। भारत में टायर निर्माण दुनिया के बेहतरीन टायरों के साथ तालमेल बिठाने के लिए एक क्रांति के दौर से गुजर रहा है। आधुनिक भारतीय टायर संयंत्रों में इंडस्ट्री 4.0 और इंडस्ट्री 5.0 के सभी कॉन्सेप्ट को लागू किया जा रहा है। ऑटोमेशन भी बहुत बढ़ा है, जिससे पिछले दशक में उत्पादकता का स्तर दोगुने से अधिक हो गया है। इस दशक में इसके और ऊपर जाने की संभावना है। वर्तमान में, भारत में निर्मित टायर दुनिया के 170 से अधिक देशों में निर्यात किए जा रहे हैं, जिनमें उत्तरी अमेरिका और यूरोप के कुछ सबसे अहम बाजार शामिल हैं। अमेरिका भारतीय टायरों का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है।

# जनरेशन इंडिया ने एडब्लूएस रि/स्टार्ट लर्नर्स के ग्रेजुएट होने का जश्न मनाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जनरेशन** इंडिया फाउंडेशन ने एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम के पहले छह समूहों के ग्रेजुएट होने का जश्न मनाया। एडब्लूएस रि/स्टार्ट एक 12 हफ्तों का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें एडब्लूएस क्लाउड के मूलभूत कौशल और व्यवहारिक करियर कौशल, जैसे इंटरव्यू लेना और रेज्यूम राइटिंग सिखाए जाते हैं तथा लोगों को एंट्री लेवल के क्लाउड कार्यों के लिए तैयार किया जाता है।

एडब्लूएस रि/स्टार्ट ग्रेजुएट्स ने टेक्निकल एवं सॉफ्ट स्किल्स का विकास किया है, जो उन्हें एंट्री लेवल के टेक्नोलॉजी करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करेंगी। एडब्लूएस द्वारा कमीशन किए गए एवं अल्फाबीटा द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में 95 प्रतिशत कर्मचारी कहते हैं कि उन्हें कोविड-19 महामारी के कारण नौकरियों में हुए बदलाव में ढलने के लिए ज्यादा डिजिटल कौशल की जरूरत है, लेकिन इसके प्रशिक्षण की व्यवस्था आधे से भी कम संस्थानों में है। जनरेशन इंडिया और एडब्लूएस रि/स्टार्ट मिलकर नई क्लाउड प्रतिभाओं की एक समावेशी एवं विविधतापूर्ण ग्लोबल पाईपलाइन का निर्माण कर रहे हैं।

### यह फ्री क्लाउड स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रतिभागियों को स्थानीय समुदायों में क्लाउड के रोजगार के लिए तैयार करता है

यह कार्यक्रम बेरोजगारों और अल्परोजगार वाले लोगों को क्लाउड टेक्नोलॉजी में नए करियर के लिए तैयार करता है। वास्तविक दुनिया के परिदृश्य पर आधारित क्रियाकलापों, प्रयोगशालाओं, और पाठ्यक्रम के साथ विद्यार्थियों में विभिन्न टेक्नोलॉजी क्षेत्रों, जैसे लाइनक्स, पायथन, नेटवर्किंग, सिक्योरिटी, और रिलेशनल डेटा बेस में भिन्न-भिन्न योग्यताओं का विकास होता है।

इस उपलब्धि के बारे में अरुणेश सिंह, चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर, जनरेशन इंडिया ने कहा, हमें अपने पहले समूह के एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम में ग्रेजुएट होने की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। इस शक्तिशाली कार्यक्रम ने बेरोजगारों और अल्परोजगारियों को परिदृश्य आधारित शिक्षण द्वारा बहुमूल्य, अत्यधिक मांग वाला क्लाउड कंप्यूटिंग का कौशल प्रदान किया है, जो सभी के लिए फायदेमंद है। हमें उम्मीद है कि हमारा यह अभियान और ज्यादा लर्नर्स को इस कार्यक्रम में पंजीकरण कराके नौकरी के प्रतिस्पर्धी वातावरण में सफल करियर बनाने में मदद करेगा। जनरेशन इंडिया, प्रोग्राम के सभी ग्रेजुएट्स को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है और उन्हें इनके इंटरव्यू के लिए तैयार कर रहा है।

एमेजॉन इंटरनेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसपीएल) में हेड, एजुकेशन एवं ट्रेनिंग के लिए बिजनेस डेवलपमेंट, अमित मेहता ने कहा, एडब्लूएस रि/स्टार्ट कार्यबल में नई प्रतिभाओं को लेकर आता है और लोगों को क्लाउड में सफर करियर बनाने, संगठनों को अत्यधिक मांग वाली प्रतिभा के साथ ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनने तथा समुदायों को वृद्धि व विकास करने में मदद करता है। हमें भविष्य के संगठनों को एडब्लूएस क्लाउड पर अपने इनोवेशन को गति देने के लिए एक विविधतापूर्ण एवं क्लाउड की योग्यता वाला कार्यबल प्रदान करने में गर्व महसूस हो रहा है।

# आफत : बीके से मेडिकल करवाने को परेशान हो रहे विद्यार्थी

## अस्पताल प्रबंधन की अव्यवस्था से घंटों तक लाइनों में लगे नजर आए विद्यार्थी

**कविता**। फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ कॉलेजों में दाखिले समाप्त हो गए हैं, वहीं अब विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट जमा कराने हैं। इस समय विद्यार्थियों के सामने सबसे बड़ी परेशानी डायक्यूमेंट में मेडिकल सर्टीफिकेट को लेकर आ रही है। जोकि सिविल अस्पताल में बनाए जा रहे हैं, लेकिन मेडिकल बनवाने के लिए बुधवार को विद्यार्थी परेशान नजर आए। उनका कहना था कि लम्बी लाइन में लगकर उन्हें यहां मेडिकल बनवाना पड़ रहा है। क्योंकि अस्पताल प्रबंधन ने कमरा नम्बर बदल दिया है। ऐसे में उन्हें एक से दूसरे कक्ष में चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक कॉलेजों में जाने से पहले विद्यार्थियों को मेडिकल कराना पड़ता है। जिसकी व्यवस्था शहर के बीके सिविल अस्पताल में की गई है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन के तुगलकी फरमान से विद्यार्थियों को अस्पताल में मेडिकल बनवाने के लिए परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। बुधवार को यहां ऐसा ही देखने को मिला।



आम मरीजों के संग लाइन में खड़े मेडिकल को आए विद्यार्थी।

### ऐसे हुए परेशान

बीके सिविल अस्पताल में मेडिकल के लिए आए विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें पहले तो कार्ड बनवाने के लिए घंटों लम्बी लाइनों में लगना पड़ा। इसके बाद उन्होंने रूम नम्बर 22 से पर्ची कटवाने की लाइन में खड़ा होना पड़ा। इसके बाद वह किसी तरह से कमरा नम्बर 23 में गए और उन्हें वहां फार्म भरकर एंट्री के बाद कमरा नम्बर 21 में भेजा गया। लेकिन यहां कम्प्यूटर में एंटी के बाद कमरा नम्बर सात में जाने के निर्देश दे दिए गए। वहां पहुंचे तो कमरे के बाहर लम्बी लाइनों में मरीज खड़े थे। ऐसे में वह लाइनों में लगे रहे। जब नम्बर आया तो चिकित्सक के हस्ताक्षर हुए। इस दौरान उन्हें एक मेडिकल के लिए करीब दो से तीन घंटे तक यहां से वहां चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ा।

### इंफेक्शन होने पर जिम्मेदार कौन

**विद्यार्थियों** का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन को मेडिकल सर्टीफिकेट बनवाने के लिए आने वाले विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रबंध करने चाहिए। क्योंकि उन्हें कमरा नम्बर सात में अन्य मरीजों के बीच में जाकर मेडिकल बनवाने को मजबूर होना पड़ा। यदि ऐसे में इस दौरान मरीजों के बीच लाइनों में लगने से उन्हें किसी तरह का कोई इंफेक्शन या बीमारी होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। विद्यार्थियों के जीवन से अस्पताल प्रबंधन खिलवाड़ करके जान को जोखिम में डालने का काम कर रहा है।

## हिंदी भारत के जनमानस की भाषा, प्रचार और प्रसार का करें प्रयास

**फरीदाबाद**। सराय ख्वाजा फरीदाबाद के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने हिंदी पखवाड़े और हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सभी प्रतिभागी छात्र, छात्राओं और अध्यापकों का अभिनंदन किया। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि हिन्दी हमारे देश भारत की जनमानस की भाषा हैं, भारत की सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और सशक्त अभिव्यक्ति का लोकप्रिय साधन है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि हिंदी भाषा भारतीय गणराज्य की बाईस अनुसूचित भाषाओं में से एक है।

# संक्षिप्त समाचार

## करांटे प्रतियोगिता में डीपीएस सेक्टर-81 ने लिया प्रथम स्थान



डीपीएस सेक्टर-81 के खिलाड़ी अपने मेडल दिखाते हुए।

**फरीदाबाद**। दिल्ली के डी जसोला में आयोजित एनसीआर कराटे प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के लगभग 25 स्कूलों के 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के 65 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। 22 गोल्ड, 16 सिल्वर, 30 ब्रांज मेडल जीते और प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में टॉप फाईव रैंक में डीपीएस सेक्टर-81, डीएवी जसोला, दीप पब्लिक स्कूल बसंत कुंज, डीएवी गोल मार्केट रहे एवं ओपन ग्रांड चैम्पियन काता में तानी शर्मा डीएवी जसोला, शिवांग पजनी डीपीएस सेक्टर-81, कुमिते (फाइट में) ग्रांड चैम्पियन आदित्य, एंड हर्षिता डीएवी गोल मार्केट ने जीता। 95 हजार रुपये की नकद राशि खिलाड़ियों को प्रदान की गई। सभी खिलाड़ियों को बुडाकॉन के कोच दिनेश कुमार, नितिन राणा, अभिषेक रावत, अनिरुद, आकाश, विरन्देर सिंह, वैभव कुमार, आकर्शा, रितिका रावत, अभिषेक कुमार, दीपशिखा एवं गणेश राजपूत, रितु भट्ट, बजरंग शर्मा ने शुभकामनाएं दी।

## सेक्टर 21ए में समस्याओं का अम्बार

**फरीदाबाद**। सेक्टर 21-ए में हुड्डा शॉपिंग सेंटर के सामने बरसाती पानी इकट्ठा हो गया है। यहां वर्षों से सीवर चोक पड़ा हुआ है। ड्रेनेज लाइन ठप है। जिससे यहां लोगों को निकलने में बहुत परेशानी हो रही है। इस समस्या से सेक्टर 21-ए के लोगों राजकुमार शर्मा, अर्जुन भल्ला, गुलशन गुलाटी, रामवीर भड़ाना, युगल किशोर शर्मा, कमलजीत सिंह, संदीप सैनी, रितेश गुप्ता आदि ने रोष व्यक्त किया है। समस्या का समाधान करने में वेलफेयर एसोसिएशन भी विफल रही है। नगर निगम के साथ तालमेल बिठाकर समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है। समस्या जस की तस बनी हुई है। हुड्डा शॉपकीपर्स एसोसिएशन के उपप्रधान रोहित नारंग ने भी आपत्ति जताई है कि उसके मेडिकल स्टोर पर आने वाले ग्राहकों को भी गन्दे पानी से निकलने में असुविधा होती है। समस्याओं का सीन बना हुआ है किन्तु प्रशासन, जन प्रतिनिधि, पदाधिकारी तमाशबीन बने हुए हैं। लोगों की मांग है कि नगर निगम आयुक्त, कार्यकारी अभियंता, अधीक्षण अभियंता इस समस्या को प्राथमिकता से संज्ञान में लेकर निदान करवाएं।

## आबकारी एवं कराधान कर्मचारी एसोसिएशन के मनोज बने प्रधान



**फरीदाबाद**। आबकारी एवं कराधान कर्मचारी एसोसिएशन की जिला इकाई का चुनाव कुलदीप शर्मा राज्य प्रधान की अध्यक्षता में सेक्टर-12 स्थित आबकारी एवं कराधान भवन में हुआ। चुनाव अधिकारी के रूप में राज्य महासचिव हवा सिंह, राज्य इकाई के वरिष्ठ उपप्रधान रणधीर सिंह श्योकंद, कैथल जिला प्रधान अश्वनी कुमार मलिक, झज्जर जिला प्रधान सुरेंद्र धनखड़, रेवाड़ी के प्रधान जितेंद्र उपस्थित रहे। मौके पर कर निरीक्षक मनोज कुमार दलाल को जिला प्रधान चुना गया। चेयरमैन बजरंग लाल जांगड़ा व राजेंद्र सब्बरवाल को चुना गया। महासचिव के रूप में भारत सिंह नेगी, वरिष्ठ उपप्रधान नरेश कुमार, मुख्य संगठन सचिव विनय धतरवाल, कोषाध्यक्ष रमेश यादव और संजय, प्रेस सचिव रामप्रसाद, ऑडिटर जयभगवान, उपप्रधान के रूप में दलीप सिंह, दिनेश राज, गुलशन, आकाश, सह सचिव योगेश, सागर रोहिल्ला, सुनील कुमार, संगठन सचिव उर्मिल रानी, संदीप बैनीवाल, सतीश और पवन कुमार जबकि मुख्य सलाहकार के रूप में हितेंद्र गुप्ता को चुना गया। मौके पर फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संदीप सेठी एडवोकेट ने सभी कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उनका स्वागत समारोह अपने कार्यालय पर आयोजित किया।

## सुलेख प्रतियोगिता में सोनी, भावना और रोहित ने बाजी मारी




**फरीदाबाद**। सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सौजन्य से राजकीय माध्यमिक विद्यालय मलेरना के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विद्यालय की मुखिया राजवंती रावत ने कहा कि आजादी मिलने के दो साल बाद 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा से हिंदी राजभाषा को घोषित किया था। इस निर्णय के बाद हिंदी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के अनुरोध पर 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को हर साल हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा सातवीं से कुमारी सोनी ने व द्वितीय स्थान कक्षा आठवीं से कुमारी भावना ने एवं तृतीय स्थान कक्षा छठी से रोहित ने प्राप्त किया। विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर स्कूल की मुखिया राजवंती रावत व समस्त अध्यापक गणों ने एवं संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने और संस्था के पदाधिकारियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक मास्टर कृष्ण कुमार, मास्टर बलवीर सिंह, मास्टर संजय शर्मा, शिवेंद्र शास्त्री, मनजीत रानी, मास्टर राकेश कुमार, संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत, कोषाध्यक्ष लोकेश शास्त्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रवेश लांबा, स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान एवं समस्त अध्यापक व संस्था के पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे।

## हिंदी दिवस पर मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन

**फरीदाबाद**। हिंदी दिवस के अवसर पर राजकीय सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल एनआईटी-3 में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरुकता अभियान चलायाा। हरियाणा सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य व एनएसएस/ वायआरसी के प्रभारी डॉ. दुर्गेश ने बताया की जागरुकता के अभाव के कारण न जाने कितने लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं। डॉ. दुर्गेश द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुकता रहने, हेलमेट लगाने, नशे में गाड़ी ना चलाने, सरकार द्वारा गुड स्मारितन नीति के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर मिलने वाले सहायता के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में फरीदाबाद की सुप्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर व टीचर कूल की फाउंडर जन्नत खत्री ने सभी छात्राओं को सम्बोधित करते हुए हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी और कन्याओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति और धैर्य का भंडार है जिसे उड़ान भरने से कोई नहीं रोक सकता। सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा जरूरी है जिसके लिए नियमों का पालन आवश्यक है। रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन के चेयरमैन देवेंद्र सिंह ने सभी को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियम बताए और जागरूक किया कि सड़क सुरक्षा - जीवन सुरक्षा के मूल मन्त्र को अपनाते हुए, जब भी वाहन चलायें, गति पर नियन्त्रण रखे, हेल्मेट लगा कर चलें और यातायात के मियमों का पालन करें।

# बल्लभगढ़ की महिला को बुलंदशहर ले जाकर कराई भ्रूण लिंग जांच

## महिला के गर्भ में लड़का बता वसूले 30 हजार रुपये, गए पकड़े

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** से एक महिला को गर्भ में लिंग जांच का अल्ट्रासाउंड कराने का झांसा देकर पलवल निवासी युवक बुलंदशहर के गुलावहटी में लेकर पहुंच गया। जहां उसने 35 हजार में महिला के गर्भ की जांच करवा कर बताया कि गर्भ में लड़का है। टीम ने पीछा करते हुए जांच के बाद रंगे हाथों पलवल निवासी सुधीर के संग गुलावटी निवासी निशांत और उसके फूफा दीपक को गिरफ्तार किया है। वहीं टीम ने मौके से अल्ट्रासाउंड मशीन भी बरामद की है। देर शाम तक जांच जारी रही।

जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम के अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि सीएमओ विनय गुप्ता को सूचना मिली कि लिंग जांच कराई जा रही है। उन्होंने डॉ. मान सिंह को टीम लीडर बनाते हुए डॉ. राम निवास और डॉ. राखी को संग भेज दिया। टीम को पता चला कि बल्लभगढ़ की महिला को पलवल निवासी सुधीर 35 हजार रुपये लेकर भ्रूण जांच कराने ले जा रहा है। टीम ने सुधीर और महिला का पीछा किया। सुधीर द्वारा गाड़ी गांव गुलावटी में खड़ी करने पर वहां निशांत आया और महिला को स्कूटी पर बैठाकर विकास कॉलोनी स्थित सिरोही आवास में अपने फूफा दीपक सिरोही और बुआ विनीता के घर ले गया। वहां अल्ट्रासाउंड कर बताया गया कि लड़का होगा। इसके बाद निशांत महिला को गुलावटी में सुधीर के पास छोड़ दिया।

सुधीर द्वारा रुपये लेते ही टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। वहीं मौके पर ही निशांत को भी पकड़ लिया। निशांत ने बताया कि उसे तो महिला को लाने और ले जाने के लिए कहा था। वहीं सुधीर ने बताया कि 35 हजार में सौदा तय हुआ था। टीम ने मौके से 30 हजार रुपये बरामद किए। टीम दीपक के घर पहुंची तो अल्ट्रासाउंड मशीन गायब थी। तभी दीपक टीम को चकमा देकर मौके से भाग निकला। बाद में उसे दबोच कर उसके कब्जे से टीम ने अल्ट्रासाउंड मशीन भी बरामद की।



टीम के अधिकारी डॉ. मान सिंह व अन्य सदस्यों के संग पुलिस अधिकारी। वहीं नीचे बैठे आरोपी निशांत उसका फूफा दीपक और लाल टीशर्ट में सुधीर।

### नहीं दिखा सका कोई मेडिकल सर्टीफिकेट

**डॉ. मान** सिंह ने बताया कि आरोपी दीपक के पास कोई मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं है। टीम द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन दिखाने की मांग करने पर आरोपी दीपक मशीन लाने के बहाने मौके से भाग निकला और फोन बंद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर गिरफ्तार किया। वहीं उसके घर की जांच करने पर पता चला कि वह मशीन के जरिये घर में ही बेड पर लिटाकर अल्ट्रासाउंड करता था। किसी मैडम का भी जिक्र किया जा रहा है। लेकिन दीपक की गिरफ्तारी के बाद भी कुछ क्लीयर नहीं हुआ। फिलहाल टीम घर की तलाशी ले रही है और पुलिस को लिखित शिकायत देकर मामला दर्ज करवा रही है।

# गश्त के दौरान दो आरोपी अवैध हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार



अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कृष्णा और हरिओम।

## छह कट्टे, दो बंदूक दो पिस्टल के साथ आठ कारतूस बरामद

**फरीदाबाद**। एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान दो आरोपियों को अवैध हथियार के जखीरे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर हैं। उनसे पता लगाया जाएगा कि फरीदाबाद में कहां सप्लाई करना था।

प्रेसवार्ता में एसीपी क्राइम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा, हरिओम का नाम शामिल है। आरोपी कृष्णा मथुरा जिले की गोधुलीपुरम कॉलोनी वृंदावन का, हरिओम मथुरा के गांव तरौली का रहने वाल है। क्राइम ब्रांच टीम एएसआई सुरेश, ईएचसी संजय, सीटी अखंड प्रताप, सीटी सुशील कुमार ने रात्रि गस्त के दौरान सेक्टर 37 बाइपास रोड नियर श्मशान घाट के पास से दो आरोपियों को अवैध हथियार के जखीरे के साथ काबू किया है। आरोपियों से छह देसी कट्टे, दो बंदूक, दो पिस्टल के साथ आठ कारतूस बरामद किए। थाना सराय ख्वाजा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मौके से कृष्णा से छह देशी कट्टा और आठ कारतूस और हरिओम से दो देसी बंदूक और दो पिस्टल बरामद हुए है। कृष्णा ने हरीश को पहले भी अवैध हथियार बेचे थे। हरीश को क्राइम ब्रांच टीम ने 16 जनवरी को आठ देसी कट्टे/पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी को पहले भी पकड़ने के लिए आगरा, फिरोजपुर, मथुरा और वृंदावन में रेड किया था। आरोपी पर उत्तर प्रदेश में दो मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी उत्तर प्रदेश में किसी स्थान से देसी कट्टा 2500-3000 रुपये में, बंदूक 5-6 हजार रुपये में तथा 10-12 हजार में खरीद कर देसी कट्टे को 7-8 हजार में, बंदूक को 11-12 हजार में और पिस्टल को 18-20 रुपये में बेचते थे।

# सीवर का पानी घरों में घुसा जीना हुआ मुहाल : भड़ाना



दो नम्बर सी ब्लॉक में सीवर ओवरफ्लो को लेकर प्रदर्शन करते आम आदमी पाटी के कार्यकर्ता।

**फरीदाबाद**। वार्ड नंबर 12 और 13 सी ब्लॉक में सीवर के ओवरफ्लो पानी को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं, गुलशन बग्गा, भीम यादव राकेश भड़ाना, सुरेंद्र अरोड़ा, हितेश पलटा, कुलदीप चावला, डीएस चावला, नरेश शर्मा, संदीप राव, मैहर चंद्र हरसाना, तेजवंत सिंह बिद्धू, इंदु कुमारी एवं चंद्रवीर ने धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।

मौके पर स्थानीय निवासियों ने आम आदमी पार्टी से गुहार लगाते हुए कहा कि सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर घरों में घुसा खड़ा है और हमारी यह समस्या का कोई समाधान नहीं करता है लोगों ने कहा कि पूर्व मेयर सुमन बाला भी यहां से पार्षद रह चुकी हैं लेकिन वह भी केवल वोट मांगने के समय ही आई थीं उसके बाद से उन्होंने यहां पर कदम तक नहीं रखा। लोगों ने आम आमी पार्टी से गुहार लगाते हुए कहा कि आप लोग हमारी आवाज को उठाओ और यहां के सो रहे शासन-प्रशासन को जगाओ। देखो हम लोग किस तरह अपनी जिंदगी गुजर कर रहे हैं।

# नेशनल ट्रकर्स आई हेल्थ प्रोग्राम के पांच वर्ष पूरे होने पर उत्सव

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद

**साइटसेवर्स** इंडिया ने नेशनल ट्रकर्स आई हेल्थ प्रोग्राम- राही के पांच वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने का उत्सव मनाया। राही का उद्देश्य यह पक्का करना था कि रीफ्रैक्टिव एरर्स यानी अपवर्तन दोष से पीड़ित ट्रक ड्राइवरों को आसान तरीके से चश्मे दिलाए जा सकें, वे उन्हें लगातार पहनें और नियमित तौर पर आंखों की जांच कराते रहें। यह कार्यक्रम हब एंड स्पोक मॉडल के आधार पर काम करता है जिसके स्थिर विजन सेंटर (राही दृष्टि केंद्र) और आउटरीच कैंप मौजूद हैं। इन सेवाओं में आंखों की जांच, अपवर्तन, रक्तचाप की जांच, शरीर के वजन की जांच, मोतियाबिंद की जांच और आंखों की सेहत को लेकर काउंसिलिंग और रेफरल जैसी चीजें शामिल हैं।

समारोह की शुरुआत, साइटसेवर्स इंडिया और चोलामंडलम की ओर से तैयार की गई एक शॉर्ट फिल्म के साथ हुई। इसके बाद पांच वर्षों के सफर के बारे में एक रिपोर्ट आईज ऑन द हाईवे पेश की गई जिसमें नेशनल ट्रकर्स आई हेल्थ प्रोग्राम के बारे में अब तक के आंकड़े, उसकी प्रगति और अहम जानकारी पेश की गई। इसके साथ ही, पांच वर्षों के दौरान, ट्रक ड्राइवर्स को उपलब्ध कराए गए रेडी-टू-क्लिप चश्मों के प्रभाव और उसके असर के बारे में भी एक रिपोर्ट पेश की गई।




साइटसेवर्स के मानद ब्रैंड एंबेसडर कबीर बेदी, अमित घोष, अतिरिक्त सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, डॉ. कैरोलिन हार्पर, ग्लोबल सीईओ, साइटसेवर्स, आर एन मोहंती, सीईओ, साइटसेवर्स इंडिया, और डॉ. एसवाई कुरैशी, मानद चेयरमैन, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी, साइटसेवर्स इंडिया ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। डॉ. एस.वाई. कुरैशी, मानद चेयरमैन, साइटसेवर्स इंडिया बोर्ड ने कहा, राही, साइटसेवर्स का एक प्रमुख कार्यक्रम है। मैं पूरे देश में ट्रक चलाने वाले लोगों की सेवा करने के साइटसेवर्स और चोलामंडलम की साझेदारी के 5 वर्षों के सफर के बारे में बनाई गई यह फिल्म पेश करते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहा हूं। बीते वर्षों के दौरान साइटसेवर्स और चोलामंडलम ने भारत में ट्रक चालकों के समुदाय को आंखों की देखभाल की सेवाएं उपलब्ध कराकर साथ मिलकर बहुत अहम योगदान दिया है।

## टास्क फोर्स की बैठक में स्वास्थ्य पर रहा मुख्य फोकस

**फरीदाबाद**। डीसी विक्रम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) की जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जिला टास्क फोर्स बैठक में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य मुख्य मुद्दा फोकस रहा। बैठक में महिला बाल विकास, पशुपालन, परिवहन, शिक्षा और वित्त सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रस्तुति डॉ. स्मृति गैर संचारी विभाग (एनसीडी) स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से कार्बन उत्सर्जन को कम करने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की गई। वृक्षारोपण के साथ-साथ रखरखाव के लिए एक पौधा अपनाना, निर्माण सामग्री को ढंकना, वायु प्रदूषण को दूर करने के लिए यातायात की भीड़ को दूर करने के उपाय, कार्यालय में एयर कंडीशनर को घंटे-दो घंटे के लिए बंद करना ऐसे ही सुझाव दिए गए।

# जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते पदक

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद

**सीनियर** स्टेट ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 24-25 सितम्बर को एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक में किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड ने बताया कि इस राज्य एथलेटिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले के एथलीट खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर 12 जिला खेल परिसर में आयोजित किया गया।

वहीं जिला संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगता का शुभारंभ उप खेल निदेशक हरियाणा गिर्राज सिंह और पूर्व चेयरमैन हरियाणा सरकार सुरेंदर तेवतिया एवं सुरेंदर हुड्डा के द्वारा किया गया। जिला प्रतियोगिता का संयोजक एमबीएल स्कूल अटाली रहा। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग दौड़ इवेंट में 100 मीटर दौड में आनन्द ने स्वर्ण, उमेश ने रजत, अहमद ने कांस्य पदक, 200 मीटर दौड़ में अहमद ने पहला, मुशरर्फ ने दूसरा और सचिन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

400 मीटर दौड़ में आनन्द ने पहला, अजय ने दूसरा और हनी ने तीसरा स्थान, 800 मीटर दौड़ में अर्जुन ने पहला, नवीन ने दूसरा और मोहित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में तुषार ने स्वर्ण पदक, रोहित ने रजत और अमरजीत ने कांस्य पदक जीता। 5000 मीटर दौड़ में रोहित ने पहला, मोनू ने दूसरा और डोरी लाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लांग जंप में मोहित स्वर्ण पदक, आकाश सैनी ने रजत पदक और नकुल धनखड़ ने कांस्य पदक प्राप्त किया। शॉटपुट इवेंट में चेतन कपूर ने स्वर्ण पदक, अंशदीप ने रजत और विकास ने कांस्य पदक जीता। डिस्कस में मोंटी ने पहला, प्रशांत ने दूसरा और दिव्यांश ने तीसरा स्थान जीता। जेवेलिन में यशराज ने पहला, अभिषेक ने दूसरा और हर्षित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो इवेंट निखिल ने पहला, काव्या ने दूसरा और सुमित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



पदक विजेता खिलाड़ी संग जिला खेल विभाग के अधिकारी और एथलेटिक्स पदाधिकारी।

# हेल्थ-टेक स्टार्टअप मेडीसेवा ने जुटाए 1.5 करोड़ रुपये

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद

**मध्य** प्रदेश स्थित टेलीमेडिसिन हेल्थकेयर स्टार्टअप मेडीसेवा ने एआईसी आरएनटीयू भोपाल से स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के तहत प्री-सीरीज फंडिंग के रूप में 1.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी को मोहित गुलाटी, मंदार जोशी, यामिका मेहरा, अंकिता वशिष्ठ, आरती गुप्ता और डॉ. विवेक बिंद्रा जैसे एंजेल निवेशकों के समूह से भी निवेश मिला है, जिसका नेतृत्व हॉर्सेज स्टेबल ने ग्रामीण भारत में 'मेडीसेवा केंद्र' की महत्वाकांक्षी पहल के तहत मजबूत नेटवर्क तैयार करने के लिए किया था। महामारी ने भारत में हेल्थकेयर सुविधाओं की अनुपलब्धता को सामने रखा था, विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों और दूरदराज के गांवों में।

स्टार्टअप का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत के प्रत्येक ग्रामीण को उनके नजदीक ही कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले डॉक्टर और चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हों। स्टार्टअप सतत स्थानीय पहुंच के साथ टियर 2 और टियर 3 क्षेत्रों में मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है। ग्रामीण भारत में टेलीमेडिसिन पर केंद्रित इस हेल्थ-टेक स्टार्टअप ने पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, अस्पताल में भर्ती, एम्बुलेंस और होम केयर सेवाओं जैसी कंसल्टेशन एवं सर्विसेज प्रदान करने वाले मेडीसेवा केंद्र स्थापित किए हैं। इस प्रकार, यह स्टार्टअप वर्चुअल कंसल्टेशन से लेकर सर्जरी कराने और डायग्नोस्टिक टेस्ट से लेकर मेडिकल रिकॉर्ड को डिजिटल करने तक सभी पहलुओं को कवर करता है। स्टार्टअप ने अपने आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने और मजबूत करने के लिए फंड के उपयोग की योजना बनाई है, जिससे एक ही छत के नीचे मरीजों को संपूर्ण सेवा देने के लिए अपने पोर्टफोलियो में सर्विसेज को बढ़ा सकें और ग्रामीण सेक्टर में आसानी से सर्विसेज देने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों को जोड़ा जाए। इंदौर (मध्य प्रदेश) स्थित यह स्टार्टअप धीरे-धीरे पूरे भारत में फ्रैंचाइजी मॉडल के साथ-साथ पड़ोसी देशों में भी अपने ग्लोबल फुटप्रिंट को बढ़ा रहा है। मेडीसेवा के संस्थापक एवं सीईओ डॉ. विशेष कसलीवाल ने कहा, वर्तमान में मेडीसेवा ने अपने फ्लैगशिप मॉडल मेडीसेवा केंद्रों के तहत 20 क्लीनिक स्थापित किए हैं और हम इस वित्तीय वर्ष के अंत तक लगभग 250 क्लीनिक स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। भारत के ई-हेल्थ सेगमेंट में टेलीमेडिसिन बाजार में अधिकतम संभावनाएं हैं। मेडीसेवा धीरे-धीरे यूपी, राजस्थान, छत्तीसग ?, असम और अन्य राज्यों में उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। नेपाल में पहला ग्लोबल क्लिनिक भी इस साल अक्टूबर तक शुरू हो जाएगा। कसलीवाल ने इंग्लैंड से हॉस्पिटल मैनेजमेंट में मास्टर्स डिग्री प्राप्त की है और स्वास्थ्य सेवा उद्योग में एक दशक के अनुभव के साथ भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के तहत अनुसंधान परियोजनाओं में भी सहायता की है।



मेडीसेवा की सह-संस्थापक रचिता कसलीवाल ने कहा, मेडीसेवा की यात्रा महामारी के दौरान शुरू हुई। हमने अनुभव किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले हमारे दोस्तों और रिश्तेदारों के पास अच्छे डॉक्टरों तक पहुंच नहीं थी और वे मोबाइल एप से बहुत अनजान या असहज थे।

## भारत जोड़ो यात्रा
### खबरों में जगह

**राहुल गांधी** के नेतृत्व में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' को नियमित रूप से खबरों में जगह मिल रही है। इसका कारण कांग्रेस नेताओं के बयान व कार्य तथा इन पर भारतीय जनता पार्टी की प्रतिक्रिया है जो यात्रा पर लगातार निशाना लगा रही है। रोज होने वाला शाब्दिक युद्ध यह सुनिश्चित करता है कि दोनों पार्टियों के नेताओं द्वारा एक या दूसरे मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप सोशल मीडिया पर गूंजते रहते हैं। सोमवार को कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर खाकी नेकर की एक तस्वीर लगाई गई जिसमें आग लगी हुई थी। सभी जानते हैं कि खाकी नेकर आरएसएस का प्रतीक है जो संघ परिवार के केन्द्र में है तथा भाजपा उसकी सदस्य है। भाजपा ने फौरन इस पर गौर किया तथा कठोर टिप्पणी करते हुए आरोप लगाया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी 'हिंसा भड़का रही है', 'राष्ट्रवादियों को चोट पहुंचा रही है' तथा 'आग भड़का रही है।' वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने जवाबी प्रतिक्रिया करते हुए भाजपा द्वारा राहुल गांधी की टीशर्ट पर की गई टिप्पणी की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'इस भारत जोड़ो यात्रा का संबंध मुद्रास्फीति व बेरोजगारी से है, जबकि भाजपा जूतों व टीशर्ट के बारे में बात कर रही है क्योंकि वह डरी हुई है।' उन्होंने कहा कि भाजपा 'झूठ की फैक्ट्री' है। हालांकि रमेश की मुद्रास्फीति व बेरोजगारी को लेकर की गई टिप्पणी बहुत उचित नहीं हैं। हालांकि, ये वर्तमान सत्तारूढ़ दल की परेशानियों का कारण हैं, पर उनकी पार्टी भी अपनी शिखर स्थिति में इनसे निपट नहीं सकी थी। देश की सबसे पुरानी पार्टी भले ही आरएसएस के विचारों, आदर्शों व मूल्यों का विरोध करती हो, पर ट्विटर पर उसके दांवपेंच भी निश्चित रूप से ठीक नहीं कहे जा सकते हैं। अब तक 3,570 किलोमीटर तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा इस सीमा तक सफल रही है कि वह चर्चा का विषय बनी है। इससे भी



ज्यादा महत्वपूर्ण है कि वह भाजपा की आलोचना का विषय है। इसका अर्थ है कि भाजपा उसे गंभीरता से ले रही है।

लेकिन अभी यह कहना उचित नहीं होगा कि उसकी यह सफलता भाजपा के खिलाफ एक गतिशीलता पैदा करने में सफल होगी, हालांकि इससे यह संकेत जरूर मिलता है कि कांग्रेस गहरी नींद से जाग रही है। इससे कांग्रेस के जमीनी नेताओं व कार्यकर्ताओं को उत्साहित होना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए वरिष्ठ नेताओं का बाहर जाना तथा राहुल-प्रियंका जोड़ी के समझ में न आने वाले फैसले निराशाजनक रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में देखने पर यात्रा पूरे परिदृश्य में एक स्वागत योग्य कदम है। हालिया अतीत में शायद कुछ चीजें हो रही हैं। पहला, कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम लगभग भाजपा आईटी सेल की तरह सक्रिय व आक्रामक हो गई है। दूसरा, ऐसा लगता है कि कांग्रेस न केवल इस यात्रा को मिले आकर्षण का आनन्द उठा रही है, बल्कि वह अपने द्वारा पैदा किए मुद्दों से प्रसन्न है। आखिरकार दुष्प्रचार समेत हर प्रकार का प्रचार अच्छा है। कहा भी गया है कि 'बदनाम होंगे तो क्या नाम न होगा?' यही कारण है कि उसने 'जैसे को तैसा' की रणनीति अपनाई है। राहुल की टीशर्ट पर भाजपा की टिप्पणी समान रूप से उसी प्रकार निन्दनीय है जिस प्रकार वरिष्ठ भाजपा नेताओं की वेशभूषा पर की जाने वाली टिप्पणियां। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि जब 'भारत जोड़ो यात्रा' कर्नाटक व अन्य राज्यों में प्रवेश करेगी तब क्या होगा।

# कांग्रेस विजय की संभावनायें क्षीण

**दो बार लोकसभा चुनाव हारने और वर्तमान समय में उथलपुथल की शिकार पार्टी को राष्ट्र के हित में अन्य विपक्षी दलों का समर्थन करना चाहिए।**



**वी.जे. नरसिम्हा राव**
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं।)



नेहरू-गांधी परिवार के राहुल व प्रियंका जहां आल इंडिया कांग्रेस कमेटी का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी से जहां हिचक रहे हैं, वहीं कांग्रेस कार्यसमिति ने 17 अक्टूबर को चुनाव कराने का निर्णय किया है। पिछली बार ये चुनाव 2000 में हुए थे। ब्रिटिश भारत के एक सिविल कर्मचारी एलेन आक्टोवियन ह्यूम को 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को जन्म देने का श्रेय दिया जाता है। इसके बाद इटली में जन्मी भारतीय राजनेता सोनिया गांधी को न केवल कांग्रेस को पुनर्जीवित करने, बल्कि 2004 में कठिन समय में उसे वापस सत्ता में लाने का श्रेय दिया जाना चाहिए। संयोग से उनके ही अध्यक्षीय कार्यकाल में कांग्रेस को दो आम चुनावों में लगातार हार का सामना करना पड़ा। अनेक वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। कांग्रेस पार्टी की केन्द्रीय सत्ता में वापसी की संभावनायें लगभग शून्य हैं। उसके पास इसके सिवा कोई और विकल्प नहीं बचा है कि वह स्वयं को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के साथ अन्य सेक्युलर पार्टियों के साथ मिल कर देश में खतरनाक विभाजनकारी राजनीति का मुकाबला करे।

इतिहास पर गौर करें तो उमेश चंद्र बनर्जी कांग्रेस के पहले निर्वाचित अध्यक्ष थे। स्वतंत्रता के पहले अनेक प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानियों को इस महत्वपूर्ण पद पर आने का अवसर मिला था। इनमें मदन मोहन मालवीय, मोतीलाल नेहरू, लाजपत राय, महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, जवाहरलाल नेहरू, वल्लभभाई पटेल, राजेन्द्र प्रसार, सुभाष चंद्र बोस व जे. बी. कृपलानी शमिल हैं। स्वतंत्रता के बाद 40 से अधिक वर्ष तक यह पद नेहरू-गांधी परिवार के पास रहा, हालांकि किसी न किसी समय अन्य प्रमुख नेताओं, जैसे, भोगराजू पट्टाभि सीतारमैया, ढेबर, पुरुषोत्तम दास टंडन, नीलम संजीव रेड्डी, कामराज नाडार, निजलिंगप्पा, जगजीवन राम, शंकर दयाल शर्मा, पीवी नरसिम्हा राव तथा सीताराम केसरी को इस पद पर आने का अवसर मिला। जवाहरलाल नेहरू ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला। 1978 में कांग्रेस के विभाजन तथा श्रीमती इंदिरा गांधी के काल में संगठनात्मक चुनाव विरले ही हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री व कांग्रेस अध्यक्ष पद पर एक ही व्यक्ति के व्यवहार को संस्थाबद्ध कर दिया जिसका अनुसरण उनके उत्तरवर्ती राजीव गांधी व पीवी नरसिम्हा राव ने किया। इसका अपवाद 2004 था जब कांग्रेस वापस सत्ता में आई। उस समय मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया गया, पर सोनिया गांधी पार्टी की अध्यक्ष बनी रहीं।

राजीव गांधी की हत्या के बाद पीवी नरसिम्हा राव ने कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला। वे कांग्रेस नीत अल्पमत सरकार के 1991 में प्रधानमंत्री थे। कांग्रेस 1996 में चुनाव हार गई और नरसिम्हाराव ने पार्टी अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया क्योंकि उनको सोनिया गांधी पसंद नहीं करती थीं। इसके बाद चालाक सीताराम केसरी अध्यक्ष बने जिन्होंने अनेक सोनिया समर्थकों को हाशिये पर धकेल दिया। जब अनेक वरिष्ठ नेताओं व खासकर सोनिया गांधी के अधिकांश समर्थकों ने केसरी के खिलाफ खुला विद्रोह कर दिया तब लंबी प्रतीक्षा के बाद सोनिया गांधी 'प्राथमिक सदस्य' के रूप में कांग्रेस में शामिल हुईं। इसके दो महीने के भीतर 'प्रस्ताव को स्वीकार' करते हुए वे 1998 में राजीव गांधी की हत्या के सात साल बाद कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर आ गईं। वे 2017 तक इस पद पर रहीं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी बनी और उसने केन्द्र में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में दो बार सरकार बनाई। विडंबना है कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में ही कांग्रेस सत्ता से बाहर भी हो गई। 19 साल तक कांग्रेस में रहने के बाद उनके बेटे राहुल गांधी ने 2017 में कांग्रेस अध्यक्ष पद सोनिया से विरासत में प्राप्त किया, लेकिन वे इस पद पर मुश्किल से डेढ़ साल रहे। सोनिया गांधी ने फिर से 2019 में यह पद संभाला और वे 22 साल से अधिक समय तक कांग्रेस की असंदिग्ध नेता बनी रहीं।

सोनिया ने कांग्रेस पर नेहरू-गांधी परिवार का कब्जा बहाल किया और वे पार्टी के लिए अपरिहार्य बन गईं। कुछ विरोध के बावजूद वे जब तक स्वयं न चाहें, पार्टी की नेता बनी रहेंगी। नेहरू-गांधी परिवार के पुरोधा मोतीलाल नेहरू ने दो कार्यकाल तक कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद यह विरासत जवाहरलाल नेहरू को सौंप दी। यह एक प्रकार से भावी प्रधानमंत्री की आधारशिला स्थापित करने की तरह था। महात्मा गांधी का समर्थन हमेशा नेहरू परिवार के साथ था और जवाहरलाल का विरोध करने वाले सभी लोगों को पार्टी में हाशिए पर धकेल दिया गया। इनमें सरदार वल्लभभाई पटेल, सुभाष चंद्र बोस, टंडन व पट्टाभि सीतारमैया शामिल हैं।

स्वतंत्रता के बाद भी नेहरू पार्टी पर लगातार अपने वर्चस्व का प्रदर्शन करते रहे। जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनीं तो उन्होंने दो बाद पार्टी में विभाजन कराया। इस प्रक्रिया में वे विजेता बन कर उभरीं तथा अपनी असाधारण सार्वजनिक छवि के साथ पार्टी पर अपनी पूर्ण सर्वोच्चता स्थापित की। उन्होंने यह काम उस समय किया जब पार्टी के तथाकथित सिंडीकेट नेताओं कामराज नाडार, निजलिंगप्पा, मोरारजी देसाई, संजीव रेड्डी, एस.के. पाटिल व अतुल्य घोष, आदि ने उनके अधिकार को चुनौती दी। इस प्रकार पहले आईएनसी-आर व बाद में आईएनसी-आई का गठन हुआ जो वर्तमान समय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रूप में विद्यमान है, हालांकि आलोचक इसे इंदिरा कांग्रेस कहते हैं। स्वयं इंदिरा गांधी 1978 में पार्टी अध्यक्ष बनीं और 6 साल बाद अपनी हत्या के समय तक इस पद पर बनी रहीं।

इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उनके बड़े बेटे राजीव गांधी उनके वारिस बने और भारतीय राजनीति में नौसिखिया होने के बावजूद एक मजबूत समूह द्वारा समर्थन के कारण उथलपुथल भरे समय से निपटने में सफल रहे। उनके कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यकाल में कांग्रेस अब तक लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी थी और उसे 542 में 411 सीटें मिली थीं। लेकिन राजीव गांधी का कार्यकाल विवादों में घिरा रहा। वे 1991 में लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस अध्यक्ष बने रहे। चुनाव प्रचार के समय उनकी हत्या हो गई। राजीव गांधी की मृत्यु के फौरन बाद सोनिया गांधी ने उनकी विरासत संभालने से इनकार कर दिया। जब आधे आम चुनाव हो चुके थे, उस समय पीवी नरसिम्हा राव को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। कांग्रेस चुनाव जीत गई तथा हमेशा इंदिरा गांधी के साथ खड़े रहने के कारण पीवी नरसिम्हा राव राजीव गांधी के भी विश्वासपात्र सलाहकार बन गए थे। स्पष्ट था कि इन गुणों के कारण वे प्रधानमंत्री पद की पसंद भी थे। लेकिन उनको सोनिया गांधी का विश्वासपात्र अनुयाई नहीं समझा जाता था।

पीवी नरसिम्हा राव ने खामोशी से नेहरू-गांधी परिवार के वर्चस्व को चुनौती देना शुरू कर दी। उनको सोनिया के प्रति अपनी संदिग्ध विश्वसनीयता का खामियाजा भुगतते हुए 1996 में कांग्रेस पार्टी की चुनाव में पराजय के बाद कांग्रेस अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। पीवी नरसिम्हा राव के बाद अध्यक्ष बनने वाले सीताराम केसरी को अपमानजनक रूप से इस पद से हटाया गया। इसके बाद 1998 में सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बन गईं और इसके बाद से वे पार्टी का नेतृत्व कर रही हैं। 2004 में चुनाव के बाद जब कांग्रेस अकेली सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी तो सोनिया ने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाया जिनको पीवी नरसिम्हा राव राजनीति में लाए थे।

इस पृष्ठभूमि में देखें तो कांग्रेस उथलपुथल भरे समय से गुजर रही है। वह दो बार लोकसभा चुनाव हार चुकी है तथा लगभग अधिकांश राज्यों की सत्ता से बाहर है। केन्द्र की सत्ता में लौटने या प्रमुख विपक्षी दल का दर्जा बनाए रखने की उसकी संभावना बहुत कम है। पार्टी में दशकों तक सत्ता और पदों का आनन्द उठा चुके उसके वरिष्ठ नेता निराशा में पार्टी छोड़ रहे हैं। मजेदार बात है कि दूसरी पार्टियों में सक्रिय रहे तथा पार्टी द्वारा गंभीर आलोचना का शिकार रहे अजनबी लोगों को न केवल पार्टी में शामिल किया जा रहा है, बल्कि उनको प्रमुख पार्टी पदों पर भी बैठाया जा रहा है। इससे उन वरिष्ठ नेताओं को भी परेशानी हो रही है जो अभी पार्टी में बने हुए हैं। ऐसे में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर के वैकल्पिक राष्ट्रीय एजेंडे का समर्थन करना चाहिए। इससे राष्ट्रीय राजनीति में गुणात्मक परिवर्तन आएगा और इससे दक्षिणपंथी अतिवाद के उभार पर लगाम लगाई जा सकेगी।

# ब्रिटेन को पछाड़ने के बाद भी सक्रियता जरूरी

**हिमा बिंदु कोटा**
(लेखिका, एमिटी विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)



वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए स्पष्ट है कि गरीबी, असमानता और लैंगिक समानता के उन्मूलन पर आधारित सरकार की ठोस नीति हमें आर्थिक महाशक्ति बनने में मदद कर सकती है। बहुत खुशी की बात है कि आजादी के 75वें वर्ष से पहले भारत ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से बेहतर उपहार नहीं पा सकता था। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट, जिसने हमें इस तथ्य की जानकारी दी, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों पर आधारित है।

इस रिपोर्ट में आगे भविष्यवाणी की गई है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस विशिष्ट पड़ाव को वास्तव में दिसंबर 2021 में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट में उजागर किया गया था जिसमें उसने उल्लेख किया था कि विश्व अर्थव्यवस्था में भारत का हिस्सा सकल घरेलू उत्पाद 2014 के 2.6 प्रतिशत से बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गया और यह 2029 तक 4 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।

वर्तमान परिवर्तन के बाद ब्रिटिश अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर छठे स्थान पर आ गई है। इसके कारण ब्रिटेन तथा पश्चिमी दुनिया की बदलती परिस्थितियों में निहित हैं। कई आर्थिक विशेषज्ञों ने इसे ब्रिटेन व अधिकांश पश्चिमी देशों में बढ़ती मुद्रास्फीति, खाद्य कीमतों और जीवनयापन की लागत के कारण अपरिहार्य के रूप में देखा। उनका यह भी मानना है कि भले ही ब्रिटेन प्रति व्यक्ति आय के अपेक्षाकृत उच्च स्तर का दावा करता रहा है, मगर जाहिर है कि यह अर्थव्यवस्था को सुस्त होने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था।

कहने की जरूरत नहीं है कि ये स्थितियां नए चुने जाने वाले नेता, यानी के लिए एक गंभीर चुनौती हैं, जिनके पास कार्यभार संभालने के लिए उनके अपने हाथ होंगे। ग्रेट ब्रिटेन के मामलों की स्थिति को भारत के लिए एक सबक के रूप में काम करना चाहिए ताकि अर्थव्यवस्था के विकास प्रक्षेपवक्र के दौरान आने वाले नुकसान से बचा जा सके, विशेष रूप से महामारी द्वारा पेश किए गए एक कमजोर दौर के बाद। भारत को ब्रिटिश अर्थव्यवस्था के एक पायदान पीछे जाने के कारणों का विस्तृत विश्लेषण करते हुए समुचित सबक लेने चाहिए ताकि वह विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद अपनी यह स्थिति बरकरार रख सके।

पहली प्राथमिकता के रूप में भारत को अत्यंत तेज विकास दर के साथ-साथ पूर्व-महामारी आर्थिक स्थिरता के स्तर को पुन: हासिल करना चाहिए। हालांकि, वर्तमान समय में जारी रूसी-यूक्रेनी संघर्ष और अस्थिर कच्चे तेल की कीमतों के कारण मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए, वांछित आर्थिक विकास लाना एक कठिन संभावना साबित हो सकती है। लेकिन भारत को आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए अपने प्रयास जारी रखने चाहिए। हालांकि रूस से सस्ता तेल प्राप्त करने की भारत की रणनीति कच्चे तेल की कीमतों में कुछ बढ़ोतरी को कम कर सकती है, लेकिन लंबे समय तक ऊंची कच्चे तेल की कीमतों से सरकार की बजटीय गणना और आम लोगों की क्रय शक्ति का अतिक्रमण करने की संभावना है। भारत को जनता की खरीद शक्ति देखते हुए महंगाई व खासकर तेल मूल्यों की महंगाई पर नियंत्रण के प्रयास करने चाहिए।

इसलिए अल्पावधि में, भारत मुद्रास्फीति के बढ़ते स्तरों का प्रबंधन कर सकता है, लेकिन लंबी अवधि में मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने की तत्काल आवश्यकता है। हालांकि, भारत के सामने मौजूद अन्य चुनौतियां भी काफी गंभीर हैं। सबसे प्रमुख समस्या है प्रति व्यक्ति न्यून आय और धन के असमान वितरण की समस्या ,जो बदले में अत्यंत गरीबी का कारण है। औसत व्यक्ति की आय कम होने के साथ ही संपत्ति का असमान वितरण देश में गरीबी-अमीरी की खाई और चौड़ी करता है जिससे असंतोष पैदा हो सकता है।

ऑक्सफैम की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की एक फीसदी आबादी के पास 58 फीसदी संपदा है, साथ ही 57 अरबपतियों के पास जितनी संपत्ति है, उतनी भारत की 70 फीसदी आबादी के पास है। ये अविश्वसनीय स्थितियां न केवल जीवन स्तर में गिरावट का कारण बनती हैं बल्कि अर्थव्यवस्था के निर्बाध विकास में भी अड़चनें पैदा करती हैं। अर्थव्यवस्था के सामने एक और बड़ी समस्या है कृषि पर भारी निर्भरता। आज भी जनसंख्या की लगभग 45 प्रतिशत कामकाजी आबादी कृषि क्षेत्र पर निर्भर है, जबकि इस क्षेत्र का योगदान राष्ट्रीय आय में केवल 17 प्रतिशत रह गया है। यह इस क्षेत्र में प्रति व्यक्ति कम उत्पादकता उपज को दर्शाता है जो बदले में इस क्षेत्र में प्रणालीगत और तकनीकी कमियों की ओर इशारा करता है। हालांकि, भारत ने कृषि क्षेत्र में सुधार के अनेक प्रयास किए हैं, पर समस्याओं की जटिलता को देखते हुए इनमें और गति लाई जानी चाहिए। किसानों को नई तकनीकों व विपणन एवं प्रबंधन व्यवस्थाओं के प्रति जागरूक करना भी जरूरी हो गया है। अर्थव्यवस्था के सामने ऐसी कई प्रमुख चुनौतियों को देखते हुए, सरकार को इन चुनौतियों से निपटने के लिए तुरंत उपाय करने चाहिए। आज खेती को घाटे का धंधा माना जाता है तथा अनेक नौजवान किसान खेती छोड़ कर किसी अन्य क्षेत्र में जाना चाहते हैं। कृषि पर लोगों की निर्भरता कम करने के लिए गैर-कृषि रोजगार को तत्काल बढ़ाया जाना चाहिए। इसी तरह, खाद्य सुरक्षा की स्थिति में सुधार के अलावा, प्रति एकड़ उपज बढ़ाने और राष्ट्रीय आय में क्षेत्र के योगदान में सुधार के लिए कृषि में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना चाहिए। पर्याप्त कृषि उत्पादन का अर्थ देश में खाद्य उत्पादों का बेहतर मूल्य भी होगा।

अर्थव्यवस्था के सामने एक और चुनौती है आबादी का बढ़ता दबाव। भारत में 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी जनसंख्या घनत्व है, जबकि औसत वैश्विक घनत्व 41 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। जनसंख्या के इस जबरदस्त दबाव का मतलब है कि इस बढ़ती हुई आबादी को खिलाने के लिए अर्थव्यवस्था को पीछे की ओर झुकना होगा।

भारत को खराब या अपर्याप्त बुनियादी ढांचे से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का भी तत्काल समाधान करना चाहिए। कई विकसित देशों ने उत्कृष्ट आर्थिक विकास के आंकड़े हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है। विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा बिजली उत्पादन और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से तनाव को दूर करेगा और अर्थव्यवस्था का उचित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करेगा।

भारत की अर्थव्यवस्था में मजबूत अंतर्निहित आर्थिक बुनियादी आधार हैं इसे देखते हुए बाहरी कारकों के कारण पैदा आर्थिक अशांति के बावजूद राष्ट्र अच्छी तरह से उबर सकता है और अच्छे परिणाम दे सकता है, हालांकि यह भरपूर आंतरिक चुनौतियों की जटिल उपस्थिति है जो भारत के लिए पूर्ववत नकारात्मक साबित हो सकती है।

इसे देखते हुए गरीबी, असमानता और लैंगिक समानता पर सरकार की ठोस नीति आर्थिक महाशक्ति बनने के हमारे सपने को पूरा करने में मदद कर सकती है।

## आप की बात

### भारत-बांग्लादेश संबंध

**भारत** और बांग्लादेश एशिया महाद्वीप के दो ऐसे राष्ट्र हैं जिनके सम्बन्ध मधुर ही रहे हैं। उनके बीच रिश्तों में खटास सीमाई क्षेत्र में कुछ भूखंडों, मानव बस्तियों और तीस्ता नदी के जल बंटवारे को लेकर पैदा होती रही है। दोनों देशों के बीच 2015 में ऐतिहासिक भू-सीमा समझौता हुआ जो कई सालों से अटका हुआ था। समझौते के कारण इस विवाद पर तो विराम लग गया, लेकिन तीस्ता की उलझन अब भी बरकरार है। करीब ग्यारह वर्ष पहले तीस्ता जल बंटवारे पर दोनों देशों के बीच समझौता होना तय था, मगर ममता बनर्जी के विरोध की वजह से कदम नहीं बढ़ाए जा सके। शेख हसीना की इस यात्रा में अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर हुए, मगर तीस्ता विवाद का यथावत बना रह जाना हमारी कूटनीतिक कमजोरी दर्शाता है। यदि यह समझौता हो जाता है तो इसके सामरिक हित भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं, बांग्लादेश से अच्छे रिश्ते भारत की सामुद्रिक सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। बांग्लादेश के उदय के समय से ही भारत का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र नाजुक रहा है। इसमें घुसपैठ,आतंकवाद की समस्याएं आम है। भारत के लिए समुद्री सीमा की मजबूती बहुत महत्व रखती है।

– **विभुति बुपक्या,** खाचरोद

### धरोहरों की सुरक्षा

**ज्ञानवापी** मामले में हिंदुओं के पूजा के अधिकार के हक को वाराणसी की जिला अदालत ने उचित ठहराया है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष के दावे को खारिज करते हुए हिंदू पक्ष के पूजा के अधिकार को सही ठहराया है। मुगल काल के दौरान हमारे देश के प्रसिद्ध मंदिरों एवं देवालयों को नष्ट करके उनके स्थान पर मस्जिदों का निर्माण करवाया गया था। इसी प्रकार ब्रिटिश काल में क्रिश्चियन सभ्यता एवं चर्च का प्रचार-प्रसार हमारे देश में हुआ। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारत के सभी विवादित धर्म स्थलों के संबंध में जो मामले न्यायपालिका में विचाराधीन है उन पर कोर्ट को पूरी तरह से अन्वेषण कराने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए। केंद्र सरकार को भी अपने संस्कृति एवं धार्मिक मामलों के मंत्रालय के माध्यम से भारत की सभी प्राचीन धरोहरों पर शोध एवं अन्वेषण करवाना चाहिए। सनातन सभ्यता और संस्कृति सबसे प्राचीनतम संस्कृति रही है। गुलामी के दौरान इस को तहस नहस करने का प्रयास किया गया। किंतु सनातन संस्कृति आज भी अपनी खुशबू से पूरी दुनिया को महका रही है।

–**ललित महालकरी,** इंदौर

### चिकित्सकों का धर्म

**चिकित्सकों** का ग्रामीण क्षेत्र में जाने से परहेज या टालमटोल करना, ग्रामीणों के साथ ही नहीं, बल्कि शासन और पेशे के साथ धोखा है, क्योंकि प्रवेश के समय दिए गए वचन से मुकरना और बांड की भरपाई पैसे से करने को भी अन्याय कहना होगा। आश्चर्य होता है कि इनमें वे चिकित्सक भी हैं जो गांवों से आकर अर्थात गांव के होकर गांव में नौकरी या ग्रामीणों की सेवा करना नहीं चाहते, जबकि चिकित्सकीय सेवाओं की सर्वाधिक कमी ग्रामीण क्षेत्र में है। चिकित्सकों का ग्रामीण क्षेत्र में जाने के बजाय बांड राशि जमा करने तथा कोर्ट की शरण लेना उचित समझते हैं। चिकित्सकों से बांड के अतिरिक्त सहमति अथवा घोषणा पत्र लिखवाना भी जरुरी है जिसमें 'सेवाओं के नियमों का पालन न होने पर सेवा से पृथक करने तथा वेतन आदि और शासकीय खर्च आदि वसूलने का अधिकार भी शासन को होगा'' का उल्लेख हो। अच्छा हो कि ऐसी नौबत आने से पूर्व ही चिकित्सक पेशे और शासन को दिए वचन निभाएं, ताकि ग्रामीणों के साथ न्याय भी हो सके।

–**बी एल शर्मा,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भारत** और चीन ने अग्रिम क्षेत्रों में तैनाती को चरणबद्ध व समन्वित तरीके से समाप्त करने पर सहमति जताई है।

– **अरिंदम बागची**
विदेश मंत्रालय प्रवक्ता

**हम** धैर्य के साथ, लेकिन स्पष्ट रूप से चाहते हैं कि ईरान को नाभिकीय आयुध तैनाती में सक्षम होने से रोका जाए।

– **ओलाफ शुल्ज़**
जर्मन चांसलर





**आप** के दोनों दोषी विधायकों को न केवल पार्टी से निकाला जाए, बल्कि उनका विधायक पद भी छीन लिया जाए।

– **आदेश गुप्ता**
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष

# तीन माह में 4600 स्वास्थ्य केंद्रों पर होगी हेल्थ एटीएम की सुविधा

## मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में पहले हेल्थ एटीएम सेंटर का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा स्वास्थ्य लोकहित से जुड़ा विषय है। प्रदेश सरकार हर व्यक्ति को त्वरितए सुलभ और अत्याधुनिक चिकिसा एवं इससे संबंधित जांच की सुविधा देने को पूरी संवेदनशीलता के साथ संकल्पित है। लोक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के दृष्टिगत सरकार अगले तीन माह में प्रदेश के सभी 4600 प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम की हाईटेक सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है।

सीएम योगी बुधवार शाम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी चरगांवा में गोरखपुर के पहले हेल्थ एटीएम सेंटर का शुभारंभ करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने में हेल्थ एटीएम की निर्णायक भूमिका होगी। हेल्थ



एटीएम स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीकी की अद्यतन महत्ता का एक छोटा सा उदाहरण है। स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम लगने के बाद गांव का व्यक्ति भी केंद्र पर जाकर 5 मिनट में 50 से अधिक जांच करा सकेगा, वह भी निःशुल्क, बिना भागदौड़ के। उन्होंने कहा कि हेल्थ एटीएम आज की आवश्यकता है। सरकार की मंशा है कि अगले दो से तीन महीने में गोरखपुर के सभी स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ एटीएम से आच्छादित हो जाएं।

सीएम योगी ने ने कहा कि हेल्थ एटीएम से करीब 59 प्रकार की जांच एक ही जगह पर बैठे 3 से 5 मिनट में हो जाएगी। इसकी जांच रिपोर्ट को टेली कंसल्टेंसी के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टर को ऑनलाइन भेजकर उचित चिकित्सकीय परामर्श लिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि हेल्थ एटीएम में वजन, पल्स रेट, जैसी सामान्य जांच के साथ ही कार्डियक, ब्लड शुगर, यूरिन, डेंगू, मलेरिया, हेपेटाइटिस, आर्थराइटिस प्रोफाइल, प्रेगनेंसी टेस्ट, टाइफाइड जैसी महत्वपूर्ण जांच भी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से अक्सर शिकायत मिलती थी कि पीएचसी-सीएचसी पर विशेषज्ञ डॉक्टर की उपलब्धता नहीं हो पा रही। टेली कंसल्टेंसी से जुड़े हेल्थ एटीएम इस समस्या का समाधान करेंगे। हेल्थ एटीएम नेटवर्क से भी जुड़ा रहेगा जिससे टेली कंसल्टेंसी की जा सके। इसके लिए सभी सीएचसी-पीएचसी को वाई फाई से लैस कर टेली कंसल्टेशन से जोड़ा जा रहा है। सीएम ने कहा कि हेल्थ एटीएम सीएसआर फंड से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सर्विस प्रोवाइडर से ही पैरामेडिक्स को हेल्थ एटीएम संचालन की ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी जिला अस्पतालों में निशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करा रही है। करीब 64 जनपदों में यह सुविधा उपलब्ध हो गई है। शेष जिलों में भी इसे शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार स्वास्थ्य को लेकर क्या कर रही है, इसकी एक झलक प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में देखी जा सकती है। सीएम आरोग्य मेले से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ करने में मदद मिली है। स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ होगी तो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर भी कम होगी। उन्होंने अपील की कि हर पात्र व्यक्ति प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत अपना कार्ड अवश्य बनवा ले ताकि उसे पांच लाख रुपये तक इलाज के लिए बीमा कवर का लाभ मिल सके। हेल्थ एटीएम का शुभारंभ करने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग जनों में ट्राई साइकिल वितरित की और दिव्यांगजन के लिए शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए यूनिक आईडी कार्ड बनवाने की अपील की। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि सपा, बसपा की सरकारों ने हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर कभी ध्यान ही नहीं दिया जबकि सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दिशा में नई क्रांति लाई है। मानवता की सेवा ही उनका ध्येय है। 25 करोड़ जनता के लिए हरेक क्षेत्र में वह प्रदेश को ऊंचाई पर ले जा रहे हैं।

# भाजपा सरकार मदरसों की बेहतरी तथा आधुनिकीकरण के लिए सर्वे करवा रही हैः भूपेंद्र




● भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश प्रशिक्षण शिविर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पिछली सरकारों में सत्ता के संरक्षण में माफिया तंत्र खड़ा करके प्रदेश की कानून व्यवस्था को कमजोर किया गया। आज प्रदेश में भाजपा सरकार माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और यही कुछ राजनैतिक दलों के दर्द का कारण है। एक भी ईमानदार और शरीफ आदमी के खिलाफ ना कोई छापा पड़ा और न कोई कार्रवाई हुई। अनैतिक रूप से तिजोरियां भरने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है और यह भाजपा के संकल्प पत्र के संकल्पों में से एक संकल्प है। उन्होंने कहा कि पार्टी वैचारिक आधार पर चलने वाला राजनैतिक संगठन है। भारतीय संस्कृति, आस्था, परम्पराओं तथा विरासत को लेकर हम लम्बे समय से राजनैतिक क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में हमारे अलावा जितनी भी राजनैतिक विचारधाराएं हैं, उनमें अधिकांश विचारधाराएं विदेशी हैं। विश्वश्वरैया प्रेक्षागृह में बुधवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार मदरसों की बेहतरी तथा आधुनिकीकरण के लिए सर्वे करवा रही है। मोदी-योगी के नेतृत्व की प्रदेश सरकार देश के संसाधनों को लूटने वालों, माफियाओं, अराजकता फैलाने वालों, गुण्डागर्दी करने वालों, मां बहिन बेटियों को अपमानित करने वालों तथा गरीबों का हक लूटने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में जनसंघ की स्थापना से लेकर अबतक विचारधारा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास व सबके प्रयास से आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं बिना भेदभाव के अन्त्योदय की विचारधारा के आधार पर गरीबों के आर्थिक, शैक्षिक व सामाजिक उत्थान के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पार्टी के घोषणा पत्र के संकल्पों को भी पूरा करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से पहले प्रदेश में बिजली भी सिर्फ वीआईपी क्षेत्रों को मिलती थी लेकिन आज योगी सरकार ने बिजली वितरण की बेहतर पारदर्शी व्यवस्था लागू की है। अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण शिविर के उदघाटन सत्र में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व मोर्चा के प्रभारी सलिल विश्नोई, मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व मोर्चा के प्रदेश प्रभारी चौ जाकिर हुसैन, पार्टी के प्रदेश मंत्री व मोर्चा के सहप्रभारी अमित वाल्मिकी, प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद अंसारी, अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेन अशफाक सैफी, मदरसा बोर्ड चेयरमेन ईफ्तखार हुसैन, उर्दू अकादमी के चेयरमेन चौ कैफूल बरा, हज कमेटी के चेयरमेन मोहसिन रजा, अली अहमद मैमोरियल कमेटी के चेयरमेन तौजार जैदी, मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री व उर्दू अकादमी के सदस्य हाजी जहीर अहमद उपस्थित रहें। संचालन मोर्चा के महामंत्री जहीर अब्बास जैदी ने किया।

# पर्यटन सेक्टर में भारी निवेश के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जाएगाः जयवीर सिंह

● पर्यटन सेक्टर में 2209 करोड़ का हुआ निवेश व 80 हजार लोगों को मिला रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2018 में जारी की गयी पर्यटन नीति का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का विकास कराया गया है। इसके साथ ही नीति में घोषित लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के साथ ही 2209 करोड़ रुपए तथा 80 हजार लोगों को रोजगार के अवसर सुलभ कराए गए हैं। उसके साथ ही पर्यटन व्यवसाय से जुड़े सेवाक्षेत्र के ट्रांसपोर्ट्स, ट्रेवल एजेन्ट, टैक्सी, होटल एवं रेस्टोरेन्ट कारोबारियों को भी लाभ मिला है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश की काफी संभावनाएँ होने के कारण राज्य सरकार द्वारा इस पर विशेष फोकस किया जा रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2018 में घोषित पर्यटन नीति 2023 तक के लिए थी लेकिन जनवरी, 2023 में इन्वेटर्स समिट का आयोजन होने के कारण इसे चार माह पूर्व ही स्क्रैप करते हुए नई नीति-2022 तैयार की जा रही है। इस नीति को नवम्बर 2022 में घोषित किया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि नई नीति के तहत एडवेन्चर, वेलनेस, ईको-टूरिज्म, मोटर कैरेवान आदि नए पर्यटन के विकल्पों पर फोकस किया गया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में पर्यटन संबंधी सुविधायें सैलानियों के अनुकूल एवं पसंद के अनुसार विकसित की जा रही हैं। इससे उत्तर प्रदेश में पर्यटन सेक्टर में काफी निवेश आने की सम्भावनाएं हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि सुविचारित नई पर्यटन नीति के माध्यम से निजी क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# पार्टी विरोधी गतिविधि वालों के खिलाफ ही लाएं अविश्वास प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भगवा** खेमे ने 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा पखवाड़े के साथ ही निकाय चुनावों की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है। इन चुनावों में सांसद, विधायकों, एमएलसी से लेकर ब्लाक प्रमुखों तक को उनकी भूमिका समझा दी गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बुधवार को प्रदेश के जनप्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक की।

प्रदेश अध्यक्ष ने चेताया कि सिर्फ पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुखों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार हो। उन्होंने कहा कि निकाय चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन पहले भी बेहतर रहा है। मगर इस बार जीत पर और ज्यादा फोकस है। सभी नगर निगमों के साथ जिला मुख्यालय वाली सभी नगर पालिकाओं को हर हाल में जीतना है। नगर निगम की तर्ज पर इन पालिकाओं के लिए भी प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायकों सहित सभी जनप्रतिनिधि निकाय चुनाव में जुटें। परिसीमन से लेकर मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण तक जनप्रतिनिधि पैनी निगाह रखें। संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहें। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि अक्सर देखने में आ रहा है कि दूसरे दलों के साथ ही अपनी पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्षों व ब्लाक प्रमुखों के खिलाफ भी तमाम जगह अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोशिश हो रही है। यह गलत है। सिर्फ गंभीर शिकायतों या पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ ही अविश्वास प्रस्ताव लाने पर जिला स्तरीय कोर कमेटी विचार करे। इसकी जानकारी क्षेत्र और प्रदेश को भी दी जाए।

# यूपी में 1.55 करोड़ छात्रों का हुआ आधार वेरिफिकेशन

● परिषदीय स्कूलों के छात्रों के आधार वेरिफिकेशन में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने ट्रांसपेरेंसी के साथ हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की जो मुहिम शुरू की हैए वो तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में सरकारी स्कूलों के बच्चों को डीबीटी के जरिए दी जाने वाली धनराशि के लिए जरूरी आधार वेरिफिकेशन का आंकड़ा 1.5 करोड़ के पार पहुंच गया है। स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद के अनुसार अब तक करीब 1.55 करोड़ बच्चों का वेरिफिकेशन कराया जा चुका है जबकि शेष बच्चों के आधार वेरिफिकेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार ने शैक्षिक सत्र 2022-23 में परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी के लिए 1200 रुपए प्रति छात्र की दर से धनराशि उनके माता-पिता या किसी अन्य अभिभावक के बैंक खाते में प्रदान करने का फैसला किया था। कुल 1.92 करोड़ बच्चों का इस योजना के तहत आधार वेरिफिकेशन होना हैं। वहीं 1.25 करोड़ बच्चों का आधार वेरिफिकेशन पूर्ण होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस माह की शुरुआत में ही धनराशि उनके अभिभावकों के खाते में ट्रांसफर कर दी है। जल्द ही बाकी छात्रों की राशि भी जारी कर दी जाएगी। स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद की ओर से प्रदेश के सभी जनपदों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिया गया है कि डीबीटी प्रक्रिया के अंतर्गत शेष छात्र-छात्राओं के आधार प्रमाणीकरण में तेजी लाई जाए।

# मेडिकल पीजी कोर्सेस में बढ़ी सीटें, अब ज्यादा हो सकेंगे आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मेडिकल कालेजों में पीजी कोर्सेज में दाखिले की चाह रहे सरकारी सेवारत डॉक्टरों के लिए खबर अच्छी है। डॉक्टरों द्वारा सीट बढ़ाये जाने की मांग और विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को देखते हुए सरकार ने 509 सीटें बढ़ा दी है। पूर्व में मेडिकल कालेजों में एमडी व एमएस कोर्स की 2091 सीटें थी और अब यह बढ़कर 2600 हो गई हैं। सीटों के बढ़ने से विशेषज्ञता की चाह रखने वाले डॉक्टरों के अधिक से अधिक आवेदन हो सकेंगे। सरकारी मेडिकल कालेजों में पिछले वर्ष 1027 सीटें थी और निजी मेडिकल कालेजों में 1064 सीटें थी। अब सरकारी मेडिकल कालेजों में 1200 सीटें हो गई हैं और निजी मेडिकल कालेजों में 1400 सीटें हो गई हैं। यानी सरकारी मेडिकल कालेजों में पीजी कोर्सेज की 173 सीटें बढ़ाई गई हैं और प्राइवेट मेडिकल कालेजों में 336 सीटों की बढ़ोतरी की गई है। जबकि नीट के माध्यम से पीजी कोर्सेज के लिए चयनित हुए अभ्यर्थियों की प्रवेश काउंसिलिंग 25 सितंबर से शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

# दिव्यांगजन की पढ़ाई को लेकर प्रदेश में खुलेंगे 26 नये विद्यालय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन के शैक्षिक पुनर्वासन हेतु विभिन्न श्रेणियों के विशेष विद्यालय संचालित थे। वर्तमान में समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों को शामिल करते हुए 26 नवीन विद्यालयों के संचालन हेतु कार्ययोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जबकि विभागीय विशेष विद्यालयों हेतु गुणवत्तापरक शिक्षा एवं नवाचार हेतु ई-लर्निंग रिसोर्स सेन्टर स्थापना एवं संचालन लाइव कर दिया गया है।

बुधवार को योजना भवन स्थित सभागार में दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहाकार बोर्ड की तृतीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे कश्यप ने कहा कि दिव्यागंजन को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु भरण.पोषण अनुदान योजना की अनुदान राशि को बढ़ाकर प्रति व्यक्ति 1 हजार रूपये प्रतिमाह दिया जा रहा है। दिव्यांगजन को भौतिक पुनर्वासन के दृष्टिगत कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजनान्तर्गत अधिकतम अनुदान की राशि को बढ़ाकर 10 हजार रूपये किया गया है। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण के साथ-साथ कृत्रिम अंग भी देने की व्यवस्था भी की गयी है। इसी तरह दिव्यांगजन के पुनर्वासन हेतु शल्य चिकित्सा अनुदान योजना अन्तर्गत प्रत्येक लाभार्थी अनुमन्य की अनुदान की धनराशि बढ़ाकर 10 हजार रूपये प्रति लाभार्थी किया गया है। श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को दिव्यांगता निवारण हेतु कॉक्लियर इम्प्लाण्ट योजनान्तर्गत अनुदान की धनराशि प्रति लाभार्थी प्रति इम्प्लाण्ट 6 लाख निर्धारित की गयी है। नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि बैठक में बोर्ड के सदस्यों द्वारा दिव्यांगजन को और अधिक से अधिक सुविधायें मिलें इस पर सुझाव लिये गये। मंत्री ने सार्वजनिक भवनों, पार्कों, सुलभ शौचालयों आदि को दिव्यागंजन हेतु बाधा रहित बनाये जाने हेतु नगर विकास के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होनें प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों एवं आवास.विकास परिषद के क्षेत्र में आने वाले सभी जनसुविधा केन्द्र, शौचालयों, मॉल आदि जैसे जनोपयोगी सार्वजनिक स्थलों को दिव्यांगजन हितैषी बनवाने हेतु आवास.विकास के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिव्यांगजनों को बसों से यात्रा करने में किसी प्रकार कि असुविधा न हो, इसके निर्देश दिये गये है।

# जूथिका पाटणकर व विकास गोठलवाल का वीआरएस मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने दो आईएएस अफसरों जूथिका पाटणकर और विकास गोठलवाल का स्वैच्छिक सेवानिवृत्त वीआरएस मंजूर कर लिया है। इन दोनों अफसरों की संस्तुति केंद्र को भेज दी गई है।

केंद्र सरकार जूथिका पाटणकर को वीआरएस देने संबंधी आदेश जारी करेगा और विकास गोठलवाल का आदेश संघ लोक सेवा आयोग जारी करेगा। जूथिक पाटणकर ने एक नवंबर 2022 से वीआरएस मांगा है। विकास गोठलवाल ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए तुरंत स्वीकार करने का अनुरोध किया था। इस बावत एक प्रक्रिया के बाद उनके वीआरएस को मंजूरी दे दी गई है और शीघ्र ही इसको लेकर आदेश परित किए जाने की संभावना है।

# यूपी में भी भारत जोड़ो यात्रा का देखने को मिलेगा व्यापक प्रभावः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस के प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने साफ किया है कि भारत जोड़ो यात्रा के मार्ग में मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा से जुड़े सीमावर्ती क्षेत्रों बुंदेलखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विशेष अभियान के तहत उत्तर प्रदेश कांग्रेस सांगठनिक दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर है। जिन जन मुद्दों और सवालों को लेकर राहुल गांधी जनता के बीच में जा रहे हैं, उसकी दोगुनी मार अगर किसी ने झेला है तो वह उत्तर प्रदेश है। प्रवक्ता ने कहा कि यह यात्रा उत्तर प्रदेश में मात्र 2 दिन की नहीं है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुन्देलखण्ड की जनसमस्याओं तथा नफरत विघ्टन की जो जमीन भाजपा द्वारा तैयार की जा रही है उसको उखाड़ फेंकने के लिए राहुल गांधी की इस पदयात्रा में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जो भ्रम फैलाया जा रहा है उसका उत्तर प्रदेश स्वयं ही यात्रा में अपनी मजबूत और महत्वपूर्ण भूमिका तय करके मुहंतोड़ जवाब देगा। उत्तर प्रदेश में भी इस भारत जोड़ो यात्रा का बहुत ही मजबूत और व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा। जिसमें उत्तर प्रदेश का प्रत्येक कांग्रेसजनों का महत्वपूर्ण योगदान होगा और प्रत्येक जनपद के मुद्दों को गंभीरता से उठाया जाएगा।

प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के लिए तय किए गए रोड मैप में जिन प्रदेशों से यात्रा नहीं गुजर रही है वहां से सौ सौ लोग इसमें शामिल होंगे। जिसके तहत उत्तर प्रदेश से भी 100 से ज्यादा लोग इस यात्रा में शामिल है। जिसमें प्रमोद तिवारी राज्यसभा सदस्य, पूर्व प्रदेश अजय कुमार लल्लू, विधायक वीरेंद्र चौधरी, पूर्व युवक कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चंद यादव, महिला कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव शमीना शफीक, अल्पसंख्यक कांग्रेस चेयरमैन शाहनवाज आलम, एक दर्जन से ज्यादा प्रदेश कांग्रेस के सचिव समेत उत्तर प्रदेश से जुड़े राष्ट्रीय छात्र संगठन और युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल के सैकड़ों नेता यात्रा में अतिथि यात्री के रूप में पैदल चल रहे हैं। वहीं दो दर्जन से ज्यादा लोग भारत यात्री के रूप में कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पैदल जाएंगे। उन्होंने बताया कि 150 दिन की इस पदयात्रा में लगभग एक प्रदेश को कवर करने में कहीं 12, तो कहीं 15 दिन से कम समय नहीं लग रहा है। देश के मात्र 12 प्रदेश और 2 केंद्र शासित राज्य ही कवर हो पा रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इसका मतलब यह नहीं कि यात्रा के मार्ग से छूटे जा रहे प्रदेश हमारे लिए महत्वपूर्ण नहीं है।

## मुख्य सचिव ने किया सतत जल प्रबंधन सम्मेलन का शुभारंभ

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने एक दिवसीय सतत जल प्रबंधन सम्मेलन का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि सतत जल प्रबंधन समय की मांग है। पानी की मांग और आपूर्ति पक्ष पर ध्यान देने की जरूरत है। प्रदेश सरकार पानी की खपत के प्रबंधन के लिये डुअल पाइपिंग की शुरुआत की है, एक पाइप से स्वच्छ जल की आपूर्ति तथा दूसरे पाइप से शोधित (ट्रीटमेंट) जल की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है और कृषि के लिए 84 प्रतिशत जल का उपयोग किया जाता है। जल संरक्षित करने से पहले कृषि पर ध्यान देने की जरुरत है। इसके लिए देश में प्रधानमंत्री जी ने 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' अभियान शुरु किया था।

# गन्ना प्रतियोगिता के विजेताओं के परिणाम घोषित, पीलीभीत के गुरजीत रहे अव्वल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गन्ना** विकास विभाग द्वारा राज्य गन्ना प्रतियोगिता वर्ष 2021-22 के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया किए इस प्रतियोगिता के लिए अनुमन्य संवर्ग यथा-शीघ्र पौधा, पेड़ी, सामान्य पौधा, ड्रिप विधि से सिंचाई एवं युवा गन्ना किसान संवर्ग अन्तर्गत सम्पूर्ण प्रदेश से कुल 180 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। विभाग द्वारा नामित कटाई अधिकारियों से प्राप्त परिणामों के आधार पर कृषकों को विजयी घोषित किया गया है।

भूसरेड्डी ने बताया कि शीघ्र पौधा संवर्ग में गुरजीत सिंह निवासी पीलीभीत ने 2565 कुंतल प्रति हेक्टेयर उपज प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं बालकुमार निवासी लखीमपुर.खीरी ने शीघ्र पौधा संवर्ग में 2427.60 कुंतल प्रति हेक्टेयर उपज प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं सूरज प्रसाद निवासी लखीमपुर खीरी ने 2389 कुंतल प्रति हेक्टेयर उपज प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में शीघ्र पौधा संवर्ग के अन्तर्गत प्रथम पुरस्कार विजेता को 15 हजार रुपए, द्वितीय को दस हजार रुपए और तृतीय को साढ़े सात हजार की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामान्य पौधा, ड्रिप सिंचाई एवं युवा गन्ना किसान संवर्ग के अन्तर्गत राज्य गन्ना प्रतियोगिता नियमावली के प्राविधानों के आधार पर मानक से कम प्रतियोगी होने के कारण इन संवर्गों के कृषकों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाने के लिए समिति द्वारा संस्तुति की गयी है।

सामान्य पौधा संवर्ग के अन्तर्गत हापुड़ के गुफरान पुत्र जमशेद, ड्रिप सिंचाई संवर्ग अन्तर्गत जिला मेरठ के रतनपाल सिंह, विरेश एंव जिला हापुड़ के मनीष को प्रोत्साहन पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गयी है।

# कारपोरेशन ने दिया था 35 पैसे सरचार्ज का प्रस्ताव

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली टैरिफ को लेकर बिजली कंपनियों को निराश किया। मगर पावर कारपोरेशन ने इस साल की पहली तिमाही में फ्यूल चार्ज के नाम पर उपभोक्ताओं पर 35 पैसे प्रति यूनिट सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव आयोग में अनुमोदन के लिए दाखिल किया था। नियामक आयोग द्वारा बुधवार को कारपोरेशन की ओर से प्रस्तुतिकरण पर चर्चा की तो तस्वीर साफ हो गई। कारपोरेशन ने अप्रैल मई-जून के क्वार्टर के लिए फ्यूल सरचार्ज लगाने के लिए नियामक आयोग में एक प्रस्ताव दाखिल किया था। उसमें 3 महीनों में उपभोक्ताओं पर 35 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल सरचार्ज अनुमोदित कराने की मांग उठाई थी। आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह द्वारा जब पावर कारपोरेशन को रेगुलेशन की बारीकियां समझाई गई तो कारपोरेशन को समझ में आ गया कि इसमें सफलता नहीं मिल सकेगी। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा है कि बिजली कंपनियां शायद यह भूल गई हैं कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का कंपनियों पर 25133 करोड़ सरप्लस निकल रहा है। ऐसे में उनका जो भी फ्यूल सरचार्ज नियमों की परिधि में बनता है वह उसमें से कटौती कर लें। ऐसा ना करके उपभोक्ताओं पर भार डालने का प्रयास किया जाना उचित नहीं है। परिषद ने भी आयोग चेयरमैन से इस मामले में आपत्ति दर्ज कराई।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान से सम्मानित किए जाएंगे 75 पारंपरिक कारीगर

● 23 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश के प्रत्येक जिले में किया जाए ओडीओपी व खादी प्रर्दशनी का आयोजनः राकेश सचान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा पखवाड़े' के अंतर्गत प्रदेश भर में खादी ग्रामोद्योग तथा एमएसएमई विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत पारंपरिक व्यवसाय के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 75 लाभार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी तथा ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने खादी ने खादी भवन में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों कि समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से पूरे देश में सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रदेश में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। आगामी 23 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश के प्रत्येक जनपद में ओडीओपी तथा खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी। इसके अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत टूलकिट, ऋण, प्रशिक्षण प्रमाणपत्र आदि का वितरण भी किया जायेगा। सचान ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत विगत पांच वर्षों में 143412 पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण एवं उन्नत किस्म के टूलकिट देकर लाभान्वित किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को व्यवसाय के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से जोड़कर उनकी पूंजीगत जरूरतों को पूरा कराया गया है। प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कामगारों के विकास के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पारंपरिक कारीगर जैसे बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनकर, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई, राजमिस्त्री, मोची एवं हस्तशिल्पियों के आजीविका के साधनों का सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किया जा रहा है। परंपरागत कारीगरों को कौशल वृद्धि के साथ उन्नत किस्म के टूलकिट उपलब्ध कराते हुए उनके वित्त पोषण की भी व्यवस्था की गई है।

**नीलगांव फार्म पर जेल बनवाने का सीएम से कारागार राज्यमंत्री ने की मांग.....**

# आदर्श जेल बनवाए जाने को लेकर सीएम को राज्यमंत्री ने लिख पत्र

संवाददाता। सीतापुर

- नीलगांव फार्म की है 178 हेक्टेयर भूमि
- सिद्ध दोष आजीवन बंदी आदर्ष जेल में किए जाएंगे निरूद्ध

**राजधानी से** सटे अपने गृह जनपद सीतापुर में आदर्श कारागार ओपन जेल बनाए जाने का अनुरोध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने किया है। पत्र में अनुरोध किया है कि सिधौली की एक जमीन पर आदर्श कारागार खुली जेल का निर्माण कराया जाए। कारागार राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि प्रदेश में एक मात्र आदर्श कारागार राजधानी में उपलब्ध है। इस आदर्श कारागार में प्रदेश के समस्त सिद्ध दोष आजीवन बंदी जिनका चरित्र अच्छा होता है, उन्हीं को स्थानान्तरित किया जाता है। वर्तमान आदर्श कारागार में इतनी पर्याप्त भूमि नहीं है कि कारागार के अंदर निरूद्ध बंदियों से कृषि कार्य लिया जा सके। भूमि की कमी के कारण इन बंदियों को गन्ना अनुसंधान, कृषि फार्म मे काम करने के लिए भेजा जाता है, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने पत्र में मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के विभागजन के पश्चात् प्रदेश में सिविल खुली जेल नहीं है, इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श कारागार के निर्माण हेतु सीतापुर के नीलगांव फार्म में उपलब्ध 178 हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जा सकता है। श्री राही ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बंदियों को कृषि कार्य श्रम के लिए अन्यत्र स्थान पर नहीं ले जाना पड़ेगा। जेल परिसर के अंदर ही बंदियों से कार्य लिया जा सकता है और जेल की ओवर क्राउडिंग जैसी समस्या का समधान भी संभव हो सकेगा। कारागार राज्यमंत्री ने अनुरोध पत्र के साथ जमीन की खतौनी की नकल भी संलग्न की है। साथ ही मुख्यमंत्री से यथाशीघ्र निर्णय लिए जाने का आग्रह किया है।

# पात्र लाभार्थी जल्द बनवा लें अपना आयुष्मान कार्डः डॉ. मधु गैरोला

संवाददाता। सीतापुर

- जिले में 15 से 30 सितम्बर तक चलेगा आयुष्मान भारत पखवारा
- लाभार्थियों के बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड

**आयुष्मान भारत** योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को मिले, इस उद्देश्य के साथ आयुष्मान भारत पखवारा का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवारे की शुरूआत गुरुवार 15 सितंबर से हो रही है। इसका समापन आगामी 30 सितंबर को होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीएमओ डॉ0 मधू गैरोला ने बताया कि बीती 23 सितंबर को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के चार वर्ष पूरे हो रहे हैं। योजना की वर्षगांठ मनाने के अवसर पर यह पखवारा आयोजित किया जा रहा है। पखवारे का उद्देश्य योजना के सभी लाभार्थियों में योजना के प्रति जागरूकता पैदा करना है। जिससे अधिक से अधिक लोग योजना से लाभान्वित हो सकें। सीएमओ ने पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वह अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें, जिससे कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने में इस योजना का लाभ उठाया जा सके।

## कहां और कैसे बनेगा आयुष्मान कार्ड

**कार्यक्रम के** नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डॉ0 राज शेखर ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारक व उसके परिवारीजन को प्रति साल पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार किया जाता है। इस कार्ड के माध्यम से देश भर के सरकारी अस्पतालों के साथ ही सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में भी निःशुल्क उपचार कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी लाभार्थी अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक बोर्ड से पंजीकृत पहचान पत्र, प्रधानमंत्री या फिर मुख्यमंत्री की चिट्ठी इत्यादि ले जाकर किसी भी जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, सीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जन सेवा केंद्र पर जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके अलावा चिन्हित आशा, पंचायत सहायक (पंचायत भवन) आदि द्वारा गांवों में कैंप लगाकार आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

## इन बीमारियों में मिलता लाभ

योजना के अंतर्गत कुल 1450 बीमारियों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें मातृ स्वास्थ्य और प्रसव या उच्च जोखिम प्रसव की सुविधा, नवजात और बच्चों के स्वास्थ्य, कैंसर, टीवी, कीमोथेरपी, रेडिएशन थेरेपी, हार्ट बाईपास सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, आंखों की सर्जरी, दिल की बीमारी, किडनी, लीवर, कोरोनरी बायपास, घुटना प्रत्यारोपण, स्टंट डालना, आंख, नाक, कान और गले से संबंधित बीमारियां, डायरिया, मलेरिया आदि भर्ती की स्थिति में निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदेश के विभिन्न आयुष्मान सूचीबद्ध चिकित्सालयों में उपलब्ध है।

## यह है जिले की तस्वीर

कार्यक्रम के जिला शिकायत प्रबंधक नरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत 560960 लाभार्थी परिवार हैं, जिसमें 2505911 लाभार्थी व्यक्ति हैं, जिनमें से 550158 आयुष्मान कार्ड बन गए हैं। अभी तक जिले के 26,282 लोगों ने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जनआरोग्य अभियान का लाभ लिया है।

## जिले के इन अस्पतालों में मिल रहा लाभ

जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय सहित जिले के सभी 19 ब्लॉक सीएचसी पर आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज होता है। इसके अलावा सीतापुर आंख अस्पताल सहित रेखा दृष्टि केयर, सेठी हॉस्पिटल, प्रगति नर्सिंग होम, बीसीएम हॉस्पिटल खैराबाद, हिन्द मेडिकल कॉलेज अटरिया, मालती मेमोरियल हॉस्पिटल, आईकॉन हॉस्पिटल लहरपुर और सक्षम नर्सिंग होम में आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज होता है।

# ब्लाक प्रमुख पहला की हुई बैठक बनी कार्ययोजना

संवाददाता। सीतापुर

**कोरम पूरा** न होने के अभाव में कई बार स्थगित हो चुकी ब्लाक पहला में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में आखिरकार बुधवार को बीडीसी, प्रधान कार्ययोजना बनाने में सफल रहे। हालांकि कुल 186 प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों में से बैठक में 63 की उपस्थिति रही, अब कार्ययोजना जिला पंचायत में अनुमोदन के लिए भेजे जाने के बाद क्षेत्र में विकास कार्य होने की उम्मीद जग गई है। ब्लाक पहला में ब्लाक प्रमुख रावेन्द्र यादव के साथ ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। ब्लाक अधिकारियों ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इससे पहले कोरम के अभाव में कई बार मीटिंग स्थगित हो चुकी है। आप को बता दें कि ब्लाक में 91 प्रधान व 95 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मिला कर 186 सदस्यों में से 63 की उपस्थिति अनिवार्य थी। मामले को संवेदनशील देखते हुए सुबह से ही रामपुर कला एसओ जितेंद्र सिंह व अटरिया, कमलापुर व सिधौली पुलिस के भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कर दी गई थी। सिर्फप्रधान व सदस्यों को ही ब्लाक में प्रवेश दिया गया था। एसडीएम महमूदाबाद मिथिलेश त्रिपाठी बीडिओ विवेक मणि त्रिपाठी, एडिओ एजी राजकुमार, प्रभारी एडिओ पंचायत लवकुश मौर्य सुपरवाइजर शैलकुमारी, ब्लाक मिशन प्रबन्धक रिशेन्द्र द्विवेदी,तथा उपेन्द्र यादव, संतोष यादव,मो.जाबेद, राजकुमार, शालिनी रावत, अरुणेश यादव आदि क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान उपस्थित रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने लहराया परचम!

संवाददाता। सीतापुर

- अंडर-14 एवं अंडर-19 जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
- पीएन सहगल और एचआरडी बिसवां की टीम रही अव्वल
- अंडर-19 में 16 टीमों ने किया प्रतिभाग, अंडर-14 में 14 स्कूलों की टीमों ने किया प्रदर्शन

**अंडर-14** एवं अंडर-19 जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता में पीएन सहगल स्कूल सीतापुर और एचआरडी इंटर कॉलेज बिसवां में सफलता का परचम फहराते हुए ट्राफी और मेडल पर कब्जा जमाया। अडर-14 में पीएन सहगल स्कूल सीतापुर और अंडर-19 में एचआरडी इंटर कॉलेज बिसवां की टीम प्रथम स्थान पर रही। गुरूनानक एजूकेशनल इंस्टीट्यूट सीतापुर की तरफ से आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-19 के लिए प्रतियोगिता में 16 विद्यालयों एवं अंडर-14 के लिए हुई प्रतियोगिता में 14 विद्यालयों की टीमों ने अपनी-अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। अंडर-14 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पीएन सहगल स्कूल सीतापुर की टीम के कोच प्रशान्त पांडेय एवं विजयी रहे खिलाड़ी अंशू कनौजिया ने सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हर प्रतिभा बढ़चढ़ दिखानी चाहिए। जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता में शहर के अलावा मिश्रिख, खैराबाद, सिधौली, लहरपुर, हरगांव, महोली, बिसवां, रामपुरकला आदि जगहों के विद्यालयों से आयी टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। अंडर-19 में प्रथम स्थान पाने वाली एचआरडी इंटर कॉलेज बिसवां टीम के कोच विवेक शुक्ला और टीम के कैप्टन निर्मल कुमार इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारम्भ शहर के गुरूनानक नगर कालोनी में मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष गुरू सिंघ सभा सरदार कुलवंत सिंह ने विशिष्ट अतिथि सरदार सतनाम सिंह के साथ किया। इस मौके पर प्रबंधक सरदार हरजीत सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, रंजना शुक्ला, अजय कुमार गुप्ता, पीयूष दीक्षित, जिला क्रीडा सचिव अवधेश नंदन पांडेय सहित अलग-अलग जगहों से आयी कबड्डी टीमों के कोच और खिलाड़ी मौजूद रहे।

## निपुण भारत को मजबूत बनाएगा प्रशिक्षण- बीईओ

**सिधौली सीतापुर।** निपुण भारत कार्यक्रम के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र बाड़ी में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों और शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण देने के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया बीआरसी में शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार गौतम ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया बीईओ ने बताया सिधौली ब्लाक के सभी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों व शिक्षामित्रों को कक्षा 5 तक के बच्चों को पढ़ने ,लिखने और संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता हासिल कराने के उद्देश्य से निपुण भारत अभियान भारत सरकार की ओर से चलाया जा रहा है प्रथम बैच में 100 शिक्षकों व शिक्षा मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है कार्यक्रम में आर पी बसंत कुमार, आर पी आलोक शुक्ला, प्रेम शंकर त्रिवेदी,मनोज यादव,वैभव सिंह, राजेश लाल, राहुल सिंह,सर्वेश कुमार,गौरव मिश्रा,आतिफ खान,शिखा श्रीवास्तव,रेनू वर्मा,बबिता श्रीवास्तव,पूजा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे ।

# सीतापुर के सिधौली तहसील में बन सकती है 54 एकड़ जमीन पर गौशाला

संवाददाता। सीतापुर

- डीएम की पहल पर शासन को भेजा गया प्रस्ताव, संसाधनों से युक्त होगी गौशाला

**सीतापुर को** जल्द ही एक सभी संसाधनों से युक्त गौशाला मिल सकती है, इस गौशाला का निर्माण 54 एकड़ जमीन पर कराया जाएगा। जहां भारी संख्या में निराश्रित गौवंशों को आश्रय मिल सकेगा। गौशाला निर्माण के लिए सिधौली तहसील में भूमि का चिन्हाकंन किया जा चुका है। जिलाधिकारी की पहल पर सिधौली तहसील में नीलगांव फार्म के नजदीक 54 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है। इस पर वृहद गोशाला बनाए जाने का तैयार प्रस्ताव भी शासन के अनुमोदन को भेजा गया है। इसमें तीन से पांच हजार गोवंश को एक साथ रखे जाने की व्यवस्था होगी। इसमें गोवंश के लिए टिन शेड के साथ ही उनके खान पान के साथ ही गोशाला की साफ सफाई के भी बेहतर इंतजाम सुनिश्चित होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा घूम रहे गोवंशों के कारण किसानों को हो रही परेशानी से छुटकारा दिलाने के लिए ही एक वृहद गोशाला के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। वर्तमान में जिले में 118 गोआश्रय स्थल संचालित हैं। इनमें 19 हजार 705 गोवंश को संरक्षित किया जा रहा है। जिले में पांच कान्हा गोशाला व एक गोपाल गौशाला भी है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि इस वृहद गोशाला के बनने से तीन से पांच हजार तक गोवंश को एक ही जगह संरक्षित व सुरक्षित रखते हुए उनकी देखभाल की जा सकेगी।

# लोधी महासभा के पदाधिकारियों ने समाज के बच्चों को दीं किताबें

संवाददाता। निघासन खीरी



**राष्ट्रीय** लोधी महासभा ने पूर्व में की गई अपनी घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए लोधी समाज के जरूरतमंद 10 बच्चों की बुनियादी पढ़ाई-लिखाई के लिए किताबें व यूनिफ़ार्म आदि उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है।

बता दें कि राष्ट्रीय लोधी महासभा की तरफ से वीरांगना अवन्ती बाई जयन्ती के अवसर पर पर समाज के पदाधिकारियों द्वारा दस जरूरतमंद बच्चों को गोद लेकर उनकी बुनियादी पढ़ाई-लिखाई की जिम्मेदारी ली गई थी। इसी के अनुपालन में बुधवार को राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के जिलाध्यक्ष रतीराम लोधी ने दस बच्चों को महारानी अवन्ती बाई पब्लिक स्कूल में दस बच्चों की फीस की जिम्मेदारी ली और राष्ट्रीय लोधी महासभा के जिला महामंत्री भगौती प्रसाद लोधी ने दो बच्चों को किताबें व स्कूल बैग विद्यालय आकर उपलब्ध कराया। राष्ट्रीय लोधी महासभा के जिला उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान रमेश लोधी ने दो बच्चों को यूनिफार्म उपलब्ध कराई है। इस तरह पूर्व घोषणा के अनुरूप समाज के पदाधिकारियों द्वारा समाज के दस बच्चों की पढ़ाई के लिए सहयोग शुरू कर दिया गया है। शेष बच्चों के सहयोग की व्यवस्था भी धीरे.धीरे हो रही है। समाज के लोग कुछ और बच्चों को गोद लेकर पढ़ाने की जिम्मेदारी लेने जा रहे हैं जिसके लिए जरूरतमंद क्षेत्रीय बच्चों की तलाश शुरू कर दी गयी है। बच्चों को किताब मिलते ही बच्चों का मन प्रफुल्लित हो गया। इस दौरान राम कृपाल लोधी, कृष्णा, राज किशोर व कैलाश लोधी समेत विद्यालय प्रबंधन समिति के लोग, अध्यापक व बच्चे मौजूद रहे।

# नरमू मंडल कार्यालय पर लगा निशुल्क आई चेक अप कैंप

संवाददाता। बरेली

**रेलवे कर्मचारियों** के लिए एन ई रेलवे मजदूर यूनियन ने निशुल्क आई चेकअप कैंप मंडल कार्यालय पर आयोजित किया। जिसमें सैकड़ों की तादाद में रेलवे कर्मचारियों ने आकर अपनी आंखों का परीक्षण कराया और उससे लाभ उठाया।एन ई रेलवे मजदूर यूनियन इस तरह के तमाम कैंप बराबर आयोजित करती रहती है जिसमें ब्लड डोनेशन कैंप, आई चेक अप कैंप है।विगत दिनों हमने मथुरा के डॉक्टरों को बुलाकर एवं हृदय रोग विशेषज्ञों को बुलाकर के यहां हेल्थ चेकअप कैंप लगवाने का काम किया था और भविष्य में भी हम लोग बहुत जल्दी यहां पुनः हेल्थ चेकअप कैंप लगाने का प्रयास करेंगे। नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि कर्मचारियों के हितों के लिए रचनात्मक कार्य करते रहते हैं। 8 मार्च को महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया जाता है जो मैं समझता हूं कि नरमू मंडल कार्यालय पर सबसे बड़ा और सबसे अच्छा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है जिसमें महिला कल्याण संगठन और हमारी बेटियां इस कार्यक्रम को आयोजित करती हैं। कल यह कैम्प कारखाना मंडल कार्यालय पर आयोजित किया जाएगा और अपने साथियों से निवेदन करूंगा कि वह भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में वहां पहुंचकर इसका लाभ उठाएं।

इस अवसर पर सी डी अवस्थी, संयुक्त मंडल मंत्री रोहित सिंह, संजय त्यागी, सोमनाथ बनर्जी,विपरेन्द्र ठाकुर, दिलीप यादव, मोहम्मद यूनुस, नारायणी देवी, आर के सिन्हा ,फतेह चंद ,पीसी कपूर, कुलदीप आर्या, धर्मवीर सिंह एवं नरमू के मीडिया प्रभारी आरिफहुसैन उपस्थित रहे।

# हिन्दी दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारंभ

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी



**14 सितम्बर** हिंदी दिवस के अवसर पर इंडियन हेरिटेज एकेडमी में शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद गुप्ता भोले ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद पांडे, मनोज वर्मा, संजीव दीक्षित, आलोक तिवारी व महेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने कहां कि देश की भाषा और संस्कृति से भारत माता की पहचान होती है अपने देश में हिंदी एक ऐसी भाषा है जो भारत में अधिकांश प्रदेशों में बोली जाती है और और अन्य प्रदेशों में वहां की जनता हिंदी को जानती और पहचानती है देश का विकास भारत की संस्कृति और वहां की हिंदी भाषा पर आधारित है जिसके कारण आज पूरा देश एक सूत्र में बंधा हुआ है अनेकता में एकता हिंद की विशेषता है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अरविंद पांडे ने कहा की गुरुओं का सम्मान इंडियन हेरिटेज एकेडमी के प्रबंधक मोहित कनौजिया ने अपने विद्यालय में किया है। यह एक अच्छी परंपरा की शुरुआत है। गुरु के आशीर्वाद से ही मानव का विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि संजीव दीक्षित ने कहा कि हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह होना भी हिंदी का सम्मान ही है।

हिंदी का सम्मान भारत ही नहीं अपितु नेपाल फिजी मारीशस सूरीनाम जैसे देशों में भी हिंदी बोली और समझी जाती है। आलोक तिवारी ने हिंदी दिवस पर कविता पाठ किया। विशिष्ट अतिथि मनोज वर्मा ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं समर्पित की।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली में...

बार फार्म भरकर सब्सिडी मांगनी पड़ेगी ताकि जिनको सब्सिडी नहीं चाहिए, उनको सब्सिडी छोड़ने का एक मौका मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में करीब 58 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। जिसमें से 47 लाख बिजली उपभोक्ताओं को सब्सिडी मिलती है। वहीं, इनमें से 30 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिनके बिजली के बिल जीरो आते हैं। करीब 16 से 17 लाख उपभोक्ता हैं, जिनके बिजली के बिल आधे आते हैं, क्योंकि दिल्ली में 200 यूनिट तक तो मुफ्त बिजली है और 201 से 400 यूनिट तक आधा रेट है।

## एयर इंडिया...

तस्वीरों में मस्कट हवाई अड्डे पर खड़े इस विमान से धुंआ उठता नजर आ रहा है। एक बयान में एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया कि विमान में 141 यात्री सवार थे और उसे (स्थानीय समयानुसार) 11 बजकर 20 मिनट पर मस्कर से रवाना होना था। बयान में कहा गया है, जब वह टैक्सीवे पर था, तब एक अन्य विमान ने उसके एक इंजन से धुंआ उठते देखा। लेकिन कॉकपिट में आग की चेतावनी का संकेत नहीं था। पर्याप्त एहतियात बरतते हुए एवं निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए चालक दल टैक्सीवे पर रुक गया और उसने अंदरूनी अग्निशामकों को सक्रिय किया। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने यह कहा कि इस मामले की विनयामकीय अधिकारी एवं एअरलाइन के उड़ान सुरक्षा विभाग द्वारा जांच की जा रही है। नागर विमानन महानिदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वह घटना की जांच कर रहा है तथा जांच पूरी होने के बाद उपयुक्त कार्वाई की जाएगी। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने यात्रियों को मस्कट से वापस लाने के लिए राहत उड़ान की व्यवस्था की। ओमान के नागर विमान प्राधिकरण ने कहा कि विमान के एक इंजन में आग लग गई थी। उसने ट्वीट किया, उड़ान भरने से पूर्व विमान में कुछ गड़बड़ी हो गई और उसके एक इंजन में आग लग गई, जिसपर यात्रियों को तत्काल निकालना जरूरी हो गया। प्राथमिक सूचना के अनुसार विमान वीटी-एक्सजेड मस्कट से कोच्चि के लिए उड़ान का संचालन कर रहा था। विमानतल पर एक इंजन में आग लग गई तथा सभी यात्रियों एवं चालक दल के सदस्यों को टैक्सीवे पर उतारा गया।

## विपक्ष को...

सवाल पर प्रशांत किशोर ने कहा कि आप इस बारे में बेहतर बता सकते हैं। हम एक दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। जनवरी 2020 में जदयू से वर्मा और किशोर को सीएए और एनआरसी पर नीतीश कुमार के रूख का विरोध करने पर पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

## पुंछ में...

दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हादसे में 29 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से नौ की हालत गंभीर है और उनमें से छह को विशेष इलाज के लिए जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ले जाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, बस 250 फीट नीचे खाई में लुढ़क गई और सख्त पथरीली जमीन से जा टकराई। उन्होंने बताया कि बस में स्कूल जा रहे कुछ छात्र भी सवार थे। हादसे में गढ़ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, बस हादसे में मारे गए 11 लोगों में से 10 की पहचान बशीर अहमद लोन (40), नाजिमा अख्तर (20), शायदा अख्तर (32), रजिया अख्तर (18), जरीना बेगम (40), महरूफ अहमद (14), मोहम्मद हुसैन (65), इमरान अहमद (6), अब्दुल करीन (70) और अब्दुल कयूम (40) के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की। उन्होंने ट्वीट किया, पुंछ के सावजियान में सड़क दुर्घटना में हुई मौत से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को सर्वश्रेष्ठ इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया है। सिन्हा ने घायलों के स्वास्थ्य का हाल जानने के लिए जम्मू के जिला अस्पताल का भी दौरा किया और गंभीर रूप से घायल पीड़ितों के लिए एक लाख रुपए की सहायता की घोषणा की। उन्होंने ट्वीट किया, आज एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल हुए नागरिकों के स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए जिला अस्पताल, पुंछ का दौरा किया। घायलों के परिजनों और उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों से मुलाकात की।

## प्रधानमंत्री के...

लाए गए आठ चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ेंगे। इस जंगली बिल्ली को देश में 1950 में विलुप्त घोषित कर दिया गया था। प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके तहत राज्य और जिला स्तर पर मोदी की उपलब्धियों एवं उनके व्यक्तित्व को दर्शाती प्रदर्शनियां लगेंगी। पार्टी सेवा पखवाड़ा भी मनाएगी। पौधरोपण, सफाई एवं जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान चलाए जाएंगे। एक भारत, श्रेष्ठ भारत को प्रचारित करते हुए भाजपा विविधता में एकता उत्सव भी बनाएगी। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने इस संबंध में कार्यक्रम के अनुसार संबंधित नेताओं एवं पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं से केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार करने और इससे संबंधित मैसेज नमो ऐप पर अपलोड करने को कहा गया है। उनसे मोदी ञ्च20 का प्रचार करने का भी निर्देश दिया गया है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा नेता रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा शिविर भी लगाएंगे।

## दो सौं...

लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि कच्छ जिले में जखाऊबंदरगाह के पास तटरक्षक बल और एटीएस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ ले जा रही मछली पकड़ने वाली नौका को समुद्र में रोक लिया। उन्होंने कहा, हेरोइन को गुजरात तट पर उतारे जाने के बाद सड़क मार्ग के जरिए पंजाब ले जाया जाना था। गुप्त सूचना के आधार पर हमने पाकिस्तान से चली नौका को रोका और छह पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ लिया, जिनके पास से 40 किलोग्राम हेरोइन मिली है। उन्होंने कहा कि जब्त नौका के साथ एटीएस और तटरक्षक बल के अधिकारियों के आज जखाऊतट पर पहुंचने की उम्मीद है।

## गांगुली-जय...

सकता है जिसके बाद उसे तीन साल का ब्रेक लेना होगा। पीठ ने कहा, ब्रेक की अवधि का उद्देश्य अवांछित एकाधिकार नहीं बनने देना है। शीर्ष अदालत का आदेश बोर्ड की उस याचिका पर आया है जिसमें अध्यक्ष गांगुली और सचिव शाह सहित पदाधिकारियों के कार्यकाल से जुड़े संविधान में संशोधन का आग्रह किया गया था। इसमें मांग की गई थी कि पदाधिकारियों के सभी राज्य क्रिकेट संघों और बीसीसीआई में कार्यकाल के बीच अनिवार्य ब्रेक की अवधि को खत्म किया जाए। बीसीसीआई ने अपने प्रस्तावित संशोधन में अपने पदाधिकारियों के लिए ब्रेक की अवधि को समाप्त करने की मांग की थी जिससे कि गांगुली और शाह संबंधित राज्य क्रिकेट संघों में छह साल पूरे करने के बावजूद अध्यक्ष और सचिव के रूप में पद पर बने रहें। इससे पहले न्यायमूर्ति आरएम लोढ़ा की अगुवाई वाली समिति ने बीसीसीआई में सुधारों की सिफारिश की थी जिसे शीर्ष अदालत ने स्वीकार किया था। उच्चतम न्यायालय द्वारा स्वीकृत बीसीसीआई के संविधान के अनुसार राज्य क्रिकेट संघ या बीसीसीआई में तीन-तीन साल के लगातार दो कार्यकाल के बाद किसी भी व्यक्ति का तीन साल के ब्रेक पर जाना अनिवार्य था। गांगुली जहां बंगाल क्रिकेट संघ में पदाधिकारी थे तो वहीं शाह गुजरात क्रिकेट संघ से जुड़े थे।

## ईडी ने...

कहा कि 2,296.58 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप मामले में एल्युमिनेक्स लिमिटेड नामक कंपनी पर कार्रवाई के तहत मुंबई स्थित रक्षा बुलियन और क्लासिक मार्बल्स के परिसरों में तलाशी अभियान चलाया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि छापे के दौरान परिसर में बुलियन कंपनी के निजी लॉकर मिले। इन निजी लॉकरों में तलाशी के दौरान पाया गया कि लॉकर को वैध नियमों के बगैर संचालित किया जा रहा है। जहां कोई केवाईसी नहीं पाया गया, ना ही परिसर में कोई सीसीटीवी कैमरा लगा था और आने जाने वालों के रिकॉर्ड के लिए कोई रजिस्टर भी नहीं था। इस परिसर में 761 लॉकर मिले जो रक्षा बुलियन से संबंधित हैं। जारी बयान के अनुसार दो लॉकरों से 91.5 किलोग्राम सोना (ईंट) और 152 किलोग्राम चांदी जब्त किया गया। इसके अलावा रक्षा बुलियन के परिसर से 188 किलोग्राम चांदी जब्त किया गया। ईडी ने बताया कि जब्त सोना और चांदी का कुल मूल्य 47.76 करोड़ रुपये है। पारेख एल्युमिनेक्स लिमिटेड के खिलाफ वर्ष 2018 में केस दर्ज किया गया था, कंपनी ने 2,296.58 करोड़ रुपये बैंक से लोन लेने के बाद नहीं चुकाया था।

# ममता राज में कानूनविहीन हुआ बंगाल

## लोकतांत्रिक अधिकारों का हो रहा दमनः भाजपा




**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अगुवाई वाली सरकार के कार्यकाल में पश्चिम बंगाल कानूनविहीन और दिवालिया प्रदेश हो गया है। पश्चिम बंगाल के राज्य सचिवालय नबन्ना तक विरोध मार्च के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ हुई झड़प के एक दिन बाद भाजपा ने यह आरोप भी लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई से ध्यान भटकाने की कोशिश के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस बल का इस्तेमाल किया गया। मुख्यमंत्री बनर्जी पर हमला करते हुए भाजपा ने दावा किया कि राज्य में पुलिस अत्याचार कर रही है और विरोधियों की आवाज दबाई जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ममता बनर्जी राज्य के बाहर जाकर लोकतंत्र बचाने की दुहाई देती हैं और बंगाल में वह लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने और नागरिक अधिकारों का हनन करने की सारी सीमाएं लांघ रही हैं। उन्होंने आशंका जताई कि प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ किया गया बल प्रयोग तृणमूल कांग्रेस की अंदरूनी दुश्मनी का परिणाम हो सकता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राजनीतिक उभार में पूर्ववर्ती वामपंथी सरकार के खिलाफ उनके जमीनी और लंबे संघर्ष की पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री का बर्ताव इसके ठीक विपरीत है।

मुख्यमंत्री बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के बीच मतभेदों को लेकर मीडिया में छपी खबरों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने सवाल किया कि क्या तृणमूल कांग्रेस में उत्तराधिकार की लड़ाई चल रही है? भाजपा नेता ने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर अत्याचार और निर्दयता के मामले में ममता बनर्जी ने वामपंथी दलों को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी की अगुवाई में पश्चिम बंगाल कानूनविहीन दिवालिया प्रदेश बन गया है। प्रसाद ने आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि बनर्जी को इंदिरा गांधी से सबक लेना चाहिए और यह समझना चाहिए कि आपातकाल के बाद हुए चुनाव में उनका क्या हश्र हुआ था।

प्रदर्शन के दौरान मंगलवार को कोलकाता और हावड़ा जिले के कई हिस्सों में पुलिस और प्रदर्शनकारी आपस में भिड़ गए और स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए आंसू गैस के गोले और पानी की बौछार की गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार विपक्षी दलों को जगह नहीं देना चाहती, वहीं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भाजपा कार्यकर्ताओं को गुंडा करार दिया। झड़प में कई पुलिस अधिकारियों और भाजपा नेता मीना देवी पुरोहित तथा स्वप्न दासगुप्ता समेत पार्टी के कई सदस्य घायल हो गए थे। भाजपा की बंगाल इकाई ने दावा किया है कि उसके 1,000 कार्यकर्ता जख्मी हुए हैं।

### हिंसा के बावजूद सरकार ने संयम बरताः ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि भाजपा के राज्य सचिवालय तक मार्च के दौरान पुलिस, पार्टी के हिंसक प्रदर्शनकारियों पर गोली चला सकती थी, लेकिन सरकार ने अधिकतम संयम बरता। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा मंगलवार के अपने नबन्ना अभियान के लिए राज्य के बाहर से ट्रेनों से बमों से लैस गुंडों को लेकर आई थी। पूर्व मेदिनीपुर जिले के निमटौरी में एक प्रशासनिक बैठक के दौरान उन्होंने कहा, उस रैली में भाग लेने वालों ने कई पुलिसकर्मियों पर बेरहमी से हमला किया... पुलिस गोलियां चला सकती थी, लेकिन हमारे प्रशासन ने अधिकतम संयम दिखाया। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि बंगाल के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा से कुछ हफ्ते पहले इस विरोध मार्च से यात्रियों और व्यापारियों को परेशानी हुई। उन्होंने कहा, हम लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के खिलाफ नहीं हैं लेकिन, भाजपा और उसके समर्थकों ने हिंसा, तोड़फोड़ और आगजनी का सहारा लिया। उन्होंने संपत्तियों को आग लगा दी और लोगों में भय उत्पन्न किया। उन्होंने कहा, हम इसकी अनुमति नहीं देंगे। गिरफ्तारियां की जा रही हैं और कानून अपना काम करेगा।

### रैली के दौरान पुलिस कर्मी पर हमला करने व गाड़ी जलाने के मामले में चार गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में भाजपा की रैली के दौरान पुलिस के एक अधिकारी पर हमला करने और एक पुलिस वाहन को आग लगाने के आरोप में बुधवार को कम से कम चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बेलियाघाट, तोपसिया और बाओबाजार क्षेत्र में रात भर दी गई दबिश के बाद ए गिरफ्तारियां की गई हैं। भाजपा के कल हुए नबन्ना मार्च के दौरान बाओबाजार में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) देबजीत चट्टोपाध्याय को कुछ लोगों ने खदेड़ दिया और उनपर डंडों से हमला किया। कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि छापेमारी अब भी जारी है। दो घटनाओं के वीडियो क्लिप के आधार पर चार आरोपियों की पहचान की गई। अधिकारी के मुताबिक, उनके खिलाफ हत्या की कोशिश, सरकारी संपत्ति को नष्ट करने और सरकारी सेवक को ड्यूटी करने से रोकने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

### तृणमूल कांग्रेस के एक समर्थक पर हमला होगा, तो दो भाजपा समर्थकों को पीटा जाएगाः मंत्री गुहा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री उदयन गुहा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं और अगर उनमें से एक पर हमला हुआ तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो कार्यकर्ताओं को पीटा जाएगा। कोलकाता और हावड़ा में मंगलवार को भाजपा की रैलियों के हिंसक होने के कुछ ही देर बाद कूचबिहार जिले के दिनहाटा के विधायक गुहा ने सीतलकुची में पार्टी की एक बैठक में यह टिप्पणी की। उत्तर बंगाल विकास मंत्री गुहा ने कहा, हमने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं। अगर मेरे लोगों पर हमला किया जाता है, तो हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठेंगे। उन्हें याद रखना चाहिए कि यदि उन्होंने हम में से एक को पीटा, तो हम उनके दो लोगों को पीटेंगे। भाजपा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं से इसी तरह के बयानों की उम्मीद है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा, तृणमूल कांग्रेस के कुकृत्यों का जितना अधिक पर्दाफाश हो रहा है, उतना ही उनके नेता हताश हो रहे हैं और हताशा में इस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं।

## पूरी दुनिया ज्ञान के लिए भारत की ओर देख रही : आरएसएस प्रमुख

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि देश के लोगों को अपना स्व समझने की जरूरत है क्योंकि पूरी दुनिया ज्ञान के लिए भारत की ओर देख रही है। वह यहां भारतीय विचार मंच नामक एक संगठन द्वारा स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओरः बहुआयामी विमर्श विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। भागवत ने कहा, अन्य देश मार्गदर्शन के लिए प्राचीन भारतीय दर्शन की ओर आशाभरी निगाहों से देख रहे हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथ एवं पुस्तकें सर्वकालिक हैं। आज भी पूरी दुनिया ज्ञान के लिए भारत की ओर देख रही है। ऐसी स्थिति में हमें अपना स्व समझने की जरूरत है। यहां तक शीर्ष न्यायाधीशों ने उस आधार पर न्यायिक प्रक्रिया में जरूरी बदलाव करने की अपील की थी। संघ प्रमुख ने कहा, यह धर्म ही है जो हमें प्रेम, करूणा, सच्चाई एवं प्रायश्चित का पाठ पढाता है।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्एल वांगचुक

## बिहार में भय का माहौल, नीतीश पहले अपना घर संभालेंः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बिहार में अपराध की घटनाओं और राज्य सरकार के एक मंत्री के कथित विवादास्पद बयान को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें अब सुशासन बाबू का स्वांग रचना बंद कर देना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बिहार के बेगूसराय में हुई गोलीबारी की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार में अपराधी बेखौफ़ घूम रहे हैं और इस वजह से राज्य की जनता में ही नहीं, बल्कि निवेशकों में भी नाराजगी है।

उन्होंने राज्य के कृषि मंत्री के उस बयान के लिए भी मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लिया जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि उनका विभाग चोरों से भरा है और वह (नीतीश) उसके सरगना हैं। प्रसाद ने कहा, कमाल है...सुशासन बाबू, आपको नए मित्रों के साथ क्या क्या पदवी मिल रही है, और आप कुछ कर पाने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कुमार को दिल्ली में सुशासन बाबू का स्वांग रचना बंद करना चाहिए और पहले अपना घर संभालना चाहिए।

पिछले दिनों भाजपा से अलग होकर नीतीश कुमार की जनता दल यूनाईटेड ने राजद से हाथ मिला लिया और राज्य में महागठबंधन की सरकार बनाई थी। नीतीश के पाला बदलने के बाद भाजपा अपराध के मुद्दे पर लगातार उन्हें घेरने की कोशिश कर रही है। प्रसाद ने कहा कि भाजपा ने बार-बार इस बात को उठाया है कि बिहार में राजद का राज आएगा तो खौफ और कुशासन बढ़ेगा क्योंकि राजद की बुनियाद ही माफियाओं , भ्रष्ट लोगों और भ्रष्टाचार पर टिकी है। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के सुशासन की यह हालात है कि उनके कैबिनेट से इस्तीफा देने वाले पूर्व कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह ही कानून से अभी तक फरार हैं। उन्होंने कहा, बिहार में जदयू-राजद की सरकार कितने दिन चलेगी।

## नौसेना ने 33 साल बाद जम्मू-कश्मीर की मानसबल झील में प्रशिक्षण केंद्र को बहाल किया

**मानसबल (जम्मू कश्मीर)।** भारतीय नौसेना ने जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में स्थित मानसबल झील में अपने प्रशिक्षण क्षेत्र को 33 साल बाद फिर शुरू किया है। तत्कालीन राज्य में आतंकवाद शुरू होने के बाद इसे बंद कर दिया गया था। जम्मू कश्मीर में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के नौसेना प्रशिक्षण के लिए मानसबल झील की सुविधा उत्कृष्ट थी। हालांकि, सुरक्षा स्थिति खराब होने के कारण 1989 में इसे छोड़ना पड़ा और प्रशिक्षण केंद्र को जम्मू में मानसर झील में स्थानांतरित कर दिया गया।

कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति में सुधार के साथ, 33 साल बाद नौसैनिक प्रशिक्षण क्षेत्र को फिर से शुरु किया गया है। मानसबल विकास प्राधिकरण द्वारा पर्याप्त बुनियादी ढांचे के साथ एक उपयुक्त शिविर भी मुहैया कराया है तथा दो प्रशिक्षण नौकाएं मानसर से यहां लाई गई हैं। श्रीनगर एनसीसी ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर के. एस. कलसी ने प्रशिक्षण स्थल पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अवसर है एवं कश्मीर घाटी में एनसीसी के लिए एक खास दिन है।

33 साल के अंतराल के बाद मानसबल झील के इस खूबसूरत स्थान पर एनसीसी प्रशिक्षण गतिविधियां फिर शुरू हो रही हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में जम्मू-कश्मीर के विभिन्न कॉलेज की लड़कियों सहित 100 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। ब्रिगेडियर कलसी ने कहा कि एनसीसी राष्ट्र निर्माण का एक प्रमुख अंग है और इसका मकसद देश के युवाओं को अनुशासित करना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए प्रशिक्षित करना है। उन्होंने कहा, हम उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए भी प्रशिक्षण देते हैं।

## बच्चा चोर होने के संदेह में चार साधुओं पर हमला, छह लोग हिरासत में

**सांगली।** महाराष्ट्र के सांगली जिले में बच्चा चोर होने के संदेह में भीड़ ने चार साधुओं पर कथित रूप से हमला कर दिया, जिसके एक दिन बाद बुधवार को पुलिस ने मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए 18 से 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने मंगलवार को सांगली की जाठ तहसील के निकट हुई इस घटना के संबंध में छह लोगों को हिरासत में लिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ लोग लाठियों से साधुओं को पीटते दिख रहे हैं। उमाडी थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक पंकज पवार ने कहा, साधुओं ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। लेकिन हमने स्वत: संज्ञान लेते हुए 18 से 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें से छह लोगों की पहचान करके उन्हें हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि चारों साधु एक वाहन से सोलापुर जिले के पंढरपुर जा रहे थे।

## पेट्रोलिंग प्वाइंट-15 से भारत, चीन का पीछे हटना सीमा पर एक समस्या कम होने जैसा है : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत और चीन की सेनाओं का पूर्वी लद्दाख में पेट्रोलिंग प्वाइंट-15 से पीछे हटना सीमा पर एक समस्या कम होने जैसा है। फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोन्ना के साथ वार्ता के बाद जयशंकर ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। जयशंकर ने पाकिस्तान स्थित आतंकियों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आतंकवादी घोषित करने से संबंधित प्रस्ताव एक देश द्वारा बाधित करने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए चीन पर परोक्ष तंज किया। इस सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, मैं नहीं समझता कि आज मैं कुछ नया कहूंगा। इसके बजाए मैं मानता हूं कि हम (दोनों देश) पेट्रोलिंग प्वाइंट-15 से पीछे हटे। पीछे हटने का काम मैं समझता हूं कि पूरा हो गया। सीमा पर एक समस्या कम हुई।



भारत और चीन की सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख में गोगरा-हॉटस्प्रिंग्स क्षेत्र में गश्त चौकी (पेट्रोलिंग प्वाइंट) 15 पर सैनिकों की वापसी प्रक्रिया का संयुक्त सत्यापन किया। इससे पहले सोमवार को दोनों देशों की सेनाओं ने वहां टकराव वाले बिंदु से अपने सैनिकों को वापस हटाने और अस्थाई बुनियादी ढांचे को खत्म किया था। यह जानकारी इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी रखने वालों ने मंगलवार को दी थी। इस प्रकार से दोनों पक्षों ने चरणबद्ध और समन्वित तरीके से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया को पूरा किया। दोनों देशों के इन क्षेत्र से पीछे हटने का कार्य ऐसे समय में हुआ है तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग उज्बेकिस्तान के शहर समदकंद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने वाले हैं। इसके कारण ऐसी अटकलें लग रही है कि अगले सप्ताह होने वाले इस शिखर बैठक से इतर दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बैठक हो सकती है।

भारतीय पक्ष या चीनी सरकार की ओर से आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं कहा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बृहस्पतिवार को समरकंद पहुंचने और शुक्रवार देर रात स्वदेश लौटने का कार्यक्रम है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक से इतर मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोएव से मिलेंगे। पाकिस्तान स्थित आतंकियों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नामित आतंकवादी घोषित करने से संबंधित प्रस्ताव का मार्ग एक देश द्वारा बाधित करने के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा कि सूची इसलिए तैयार की जाती है क्योंकि ए सम्पूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए खतरा हैं। सूचीबद्ध किए जाने के संबंध में भारत और फ्रांस कई वर्षो से सहयोग कर रहे हैं।

## मौजूदा सरकार में लोकतंत्र और संस्थाएं कमजोर हो रही हैंः सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि पिछले आठ वर्ष में सत्ता चुनिंदा राजनेताओं और व्यापारिक व्यक्तियों में हाथों में केंद्रित हो गई है, जिससे भारत का लोकतंत्र व संस्थाएं कमजोर हो रही हैं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि संवैधानिक मूल्यों व सिद्धांतों पर हमला किया जा रहा है और चुनावी लाभ के लिए मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने को लेकर सामाजिक सद्भाव के बंधन को जानबूझकर तोड़ा जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने हिंदुस्तान टाइम्स में एक लेख में लिखा कि पहले स्वतंत्र रहीं संस्थाएं अब कार्यपालिका का औजारे बनकर रह गई हैं, जो पक्षपातपूर्ण तरीके से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, परिणामस्वरूप, चुनावी चंदे और उद्योगपतियों से सांठगांठ के जरिए अर्जित धन के बल पर चुनाव परिणामों को विकृत किया जा रहा है। सरकारी एजेंसियां सरकार का विरोध



करने वाले किसी भी राजनीतिक दल के पीछे लग जाती हैं।

सोनिया गांधी का लेख कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही कांग्रेस की महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो यात्रा के बीच आया है। यात्राा का उद्देश्य देश में कथित विभाजन का मुकाबला करना और पार्टी संगठन को फिर से जीवंत करना है। उन्होंने लेख में कहा, 75 साल पहले भारतीय गणराज्य के निर्माताओं ने उदारवादी और लोकतांत्रिक राष्ट्र बनने का रास्ता चुना। यह कई पड़ावों से गुजरा, लेकिन ठोस बुनियाद होने के कारण कई मुश्किलों को पार करते देश दुनिया का अग्रणी राष्ट्र बन गया। उनके अनुसार, यह भुला दिया गया है कि (आजादी मिलने के समय) बहुत सारे लोगों ने अनुमान लगाया था कि भारत विफल हो जाएगा क्योंकि यह गरीब देश है और धर्म, क्षेत्र, भाषा, जाति और वंश के आधार पर बंटा हुआ है तथा इसने सदियों के औपनिवेषिक शोषण और हिंसक बंटवारे का सामना किया है। इसके बाद भी भारत एक संघीय, प्रगतिशील राजनीतिक व्यवस्था वाले देश के रूप में सामने आया जहां सभी की आकांक्षाएं समाहित थीं। सोनिया ने कहा, राष्ट्रीय एकता को यह सुनिश्चित करते हुए हासिल किया गया कि हमारी कई संस्कृतियां और पहचान हैं जो ताकत हैं क्योंकि यह समझा गया कि विविधिता हमारी ताकत है। मतभेदों के बावजूद हर नागरिक का भारत पर समान अधिकार है।

## मदरसों का सर्वे लक्षितः ओवैसी

**जयपुर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने ज्ञानवापी मामले में अदालती फैसले को पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के खिलाफ एक झटका करार देते हुए बुधवार को यहां कहा कि फैसला भविष्य में बहुत से ऐसे मसलों को खोल देगा। ओवैसी ने उम्मीद जताई कि इंतेजामिया समिति इस बारे में अपील करेगी। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में मदरसों के सर्वे को लक्षित सर्वे बताया। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में वाराणसी जिला अदालत के फैसले के बारे में पूछे जाने पर ओवैसी ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमारा मानना यह है कि वह फैसला गलत है। वो फैसला एक झटका है। वह फैसला पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के खिलाफ जाता है। वह फैसला भविष्य में बहुत से ऐसे मसलों को खोल देगा। वह फैसला भारत में अस्थिरकारी कारक पैदा कर सकता है यह मेरी आशंका है।

उत्तर प्रदेश में वाराणसी की जिला अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी शृंगार गौरी मामले की विचारणीयता पर सवाल उठाने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी और कहा कि वह देवी-देवताओं की दैनिक पूजा के अधिकार के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई जारी रखेगी, जिनके विग्रह ज्ञानवापी मस्जिद की बाहरी दीवार पर स्थित हैं।

ओवैसी ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि इंतेजामिया समिति इस पर अपील करेगी और उन्होंने कहा भी है कि हम अपील करेंगे। उत्तर प्रदेश में मदरसों के सर्वे के सवाल पर उन्होंने कहा, सर्वे सिर्फ बिना अनुदान वाले मदरसों का क्यों हो रहा है? सर्वे आरएसएस संचालित स्कूलों व मिशनरी स्कूलों, निजी व सरकारी स्कूलों का क्यों नहीं हो रहा? [8230] सिर्फ एक समुदाय के गैर सहायता प्राप्त मदरसों का सर्वे करना, मेरी नजर में लक्षित सर्वे है और इसके जरिए बाद में इनको तंग किया जाएगा। इसलिए मैंने कहा कि यह छोटा एनआरसी है।

## मंत्रिमंडल ने हट्टी समुदाय के अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी जिसके माध्यम से हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के ट्रांस-गिरी क्षेत्र के हट्टी समुदाय को अधिसूचित अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव किया गया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति की सूची में बिझीया समुदाय तथा तमिलनाडु के पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले नारिकुर्वन और कुरिविकरण समुदाय को भी इस सूची में शामिल करने के प्रस्ताव वाले संविधान संशोधन विधेयकों को भी मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने यह जानकारी दी। संविधान (अनु. जनजाति) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक के कानून बनने के बाद सिरमौर जिले के ट्रांस-गिरी क्षेत्र में रहने वाले हट्टी समुदाय के करीब 1.6 लाख लोगों को अनुसूचित जनजाति के लिए बनाई गई।

## हिंदी देश की अन्य सभी भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि मित्र हैः शाह

**सूरत।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को गुजरात के सूरत में कहा कि हिंदी, देश की अन्य सभी क्षेत्रीय भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि उनकी मित्र है और वे अपने विकास के लिए एक दूसरे पर निर्भर हैं। शाह ने हिंदी को क्षेत्रीय भाषाओं के मुकाबले खड़ा करने के दुष्प्रचार की निंदा की और हिंदी के साथ स्थानीय भाषाओं को भी मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया। सूरत में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सभी भाषाओं के सह-अस्तित्व को स्वीकार करने की जरूरत है। उन्होंने अन्य भाषाओं से शब्द लेकर हिंदी का शब्दकोश बढ़ाने और इसे लचीला बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि जब तक हिंदी भाषा लचीली नहीं होती, यह तरक्की नहीं कर सकती। शाह ने कहा, मैं एक चीज स्पष्ट करना चाहता हूं। कुछ लोग यह दुष्प्रचार कर रहे हैं कि हिंदी और गुजराती, हिंदी और तमिल, हिंदी और मराठी प्रतिद्वंद्वी हैं। हिंदी देश में किसी भी अन्य भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं हो सकती। आपको यह समझना होगा कि हिंदी देश की सभी भाषाओं की मित्र है।

देश की क्षेत्रीय भाषाएं तभी समृद्ध हो सकती हैं जब हिंदी समृद्ध होगी और क्षेत्रीय भाषाओं के विकास से हिंदी भी समृद्ध होगी। गृह मंत्री ने कहा, सभी को यह स्वीकार करना और समझना होगा। जब तक हम भाषाओं के सह-अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते, तब तक हम देश को अपनी भाषा में चलाने के सपने को साकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, मैं यह पूरी गंभीरता से कहना चाहता हूं कि सभी भाषाओं और मातृभाषाओं को जीवित रखना तथा उन्हें समृद्ध करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। इन सभी भाषाओं के समृद्ध होने से ही हिंदी समृद्ध होगी। हिंदी एक समावेशी भाषा है और इसके साथ क्षेत्रीय भाषाओं को मजबूती प्रदान करना जरूरी है। शाह ने कहा कि अंग्रेजों ने अनेक भारतीय भाषाओं की साहित्यिक कृतियों को प्रतिबंधित किया था जिनमें हिंदी में 264 कविताएं, उर्दू में 58 कविताएं, तमिल में 19, तेलुगू में 10, पंजाबी और गुजराती में 22-22, मराठी में 123,



सिंधी में नौ, ओडिया में 11, बांग्ला में 24 और कन्नड में एक कविता हैं।




यह दिखाता है कि किस तरह राजभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं ने स्वतंत्रता संघर्ष को मजबूत किया जिसकी वजह से अंग्रेजों को उन पर पाबंदी लगानी पड़ी। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, हमें स्थानीय भाषाओं से उभरने वाली स्वदेशी सोच के साथ नीतियां बनानी होंगी, ना कि विदेशी भाषाओं से उपजी सोच के साथ। हिंदी भाषा का शब्दकोश बहुत बड़ा और विस्तृत होना चाहिए ताकि इसकी स्वीकार्यता देश और विदेश में बढ़े। शब्दकोश हिंदी शब्द सिंधु के पहले संस्करण का उद्घाटन करने के बाद कहा, कोई भाषा दूसरी भाषाओं के शब्दों को अपनाकर छोटी नहीं होती, बल्कि इसका आयाम बढ़ता है। हमें हिंदी को लचीली बनाना होगा। शाह ने कहा कि क्षेत्रीय भाषाएं और हिंदी हमारे सांस्कृतिक प्रवाह की जीवनशक्ति हैं। अपने निजी अनुभव के हवाले से कहा कि अपनी मातृभाषाओं में पढ़ने वाले बच्चे हिंदी आसानी से सीख जाते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति कक्षा पांच तक क्षेत्रीय भाषाओं में स्कूली शिक्षा देने की बात करती है जिसे कम से कम आठवीं कक्षा तक जारी रखा जाए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा ने चिकित्सा शिक्षा के पहले सेमेस्टर का हिंदी में अनुवाद किया है जिसे अगले वर्ष से पढ़ाया जाएगा। शाह ने कहा कि वह चाहते हैं कि न्यायपालिका में भी क्षेत्रीय भाषाओं में कामकाज किए जाने की दिशा में बढ़ना चाहिए।

### हिंदी की सरलता, संवेदनशीलता हमेशा लोगों को आकर्षित करती है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि हिंदी ने भारत को वैश्विक स्तर पर विशिष्ट सम्मान दिलाया है और इसकी सरलता व संवेदनशीलता हमेशा लोगों को आकर्षित करती है। हिंदी दिवस पर किए ट्वीट में मोदी ने उन सभी लोगों का दिल से आभार जताया, जिन्होंने देश में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा को समृद्ध और सशक्त बनाने में बड़ा योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने लिखा, हिंदी ने विश्वभर में भारत को एक विशिष्ट सम्मान दिलाया है। इसकी सरलता, सहजता और संवेदनशीलता हमेशा आकर्षित करती है। हिंदी दिवस पर मैं उन सभी लोगों का हृदय से अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने इसे समृद्ध और सशक्त बनाने में अपना अथक योगदान दिया है। हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

# एससीओ सम्मेलन में मोदी, शी और पुतिन होंगे शामिल

## ● समरकंद में होने वाले सम्मेलन में दो साल बाद होगी नेताओं की प्रत्यक्ष उपस्थिति

**भाषा।** बीजिंग

**शंघाई सहयोग** संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन बृहस्पतिवार को उज्बेकिस्तान के समरकंद में होगा जो कोविड महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद प्रत्यक्ष उपस्थिति वाला होगा। यह सम्मेलन समूह के सभी आठ सदस्य देशों के प्रमुखों को मुख्य बैठक से इतर साझा चिंता के ज्वलंत वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर आमने-सामने वार्ता का अवसर देगा। एससीओ का पिछला प्रत्यक्ष सम्मेलन 2019 में किर्गिस्तान के बिश्केक में हुआ था। उसके बाद 2020 में मॉस्को सम्मेलन कोविड-19 महामारी के कारण डिजिटल प्रारूप में हुआ था, वहीं 2021 का सम्मेलन दुशान्बे में मिश्रित प्रारूप में आयोजित किया गया था। एससीओ की शुरुआत जून 2001 में शंघाई में हुई थी। इसके छह संस्थापक सदस्य समेत आठ पूर्णकालिक सदस्य हैं। संस्थापक सदस्य देशों में चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके पूर्णकालिक सदस्यों के रूप में शामिल हुए थे।

एससीओ के पर्यवेक्षक देशों में अफगानिस्तान, बेलारूस और मंगोलिया शामिल हैं, वहीं संवाद साझेदारों में कंबोडिया, नेपाल, श्रीलंका, तुर्की, आर्मीनिया एवं आजरबैजान हैं। साल 2020 में कोविड महामारी सामने आने के बाद यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेंगे। कोविड की चिंताओं को छोड़ते हुए एससीओ सम्मेलन में चिनफिंग के शामिल होने की आकस्मिक घोषणा हुई। वह बुधवार को दो साल से अधिक समय की अवधि के बाद पहली बार चीन के बाहर गए हैं। वह जनवरी 2020 के बाद से अपनी पहली राजकीय यात्रा पर कजाकिस्तान गए और वहां से समरकंद में एससीओ सम्मेलन में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान जाएंगे। चीन ने अपने कार्यक्रमों से पर्दा नहीं उठाया है और शी चिनफिंग की सम्मेलन से इतर पुतिन एवं मोदी से मुलाकात की खबरों की पुष्टि नहीं की है। चीन ने गोगरा और हॉट स्प्रिंग्स में पेट्रोल प्वाइंट 15 से अपने सैनिकों को वापस लेने की भारत की मांग को पिछले दिनों स्वीकार कर लिया था। कुछ विशेषज्ञों ने इसे पूर्वी लद्दाख में जारी सैन्य गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में कदम बताया जो मई 2020 में शुरू हुआ था और जिसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव आ गया था।

### सम्मेलन से इतर मोदी और पुतिन करेंगे मुलाकात: क्रेमलिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह उज्बेकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात करेंगे और रणनीतिक स्थायित्व, एशिया प्रशांत क्षेत्र की स्थिति तथा संयुक्त राष्ट्र और जी-20 के सदस्य देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। क्रेमलिन की ओर से यह जानकारी दी गई। पुतिन और मोदी उज्बेकिस्तान के समरकंद में 15-16 सितंबर के बीच आयोजित होने वाली, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की 22वीं राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक में हिस्सा लेंगे। रूसी आधिकारिक समाचार एजेंसी टीएएसएस के अनुसार राष्ट्रपति के सहायक अधिकारी यूरी उशाकोव ने कहा, अंतरराष्ट्रीय एजेंडा पर भी मोदी के साथ बातचीत होगी तथा दोनों पक्ष रणनीतिक स्थायित्व, एशिया प्रशांत क्षेत्र की स्थिति और बड़े बहुपक्षीय संगठनों जैसे कि संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और एससीओ के सदस्य देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।



**लंदन में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी लोगों की भीड़**

## भारत के साथ अमेरिका के बेहद करीबी रक्षा संबंध : पेंटागन

**वाशिंगटन।** पेंटागन ने रूस, भारत और चीन से जुड़े ताजा बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यासों से जुड़े सवालों को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिका के भारत के साथ बहुत करीबी रक्षा संबंध हैं। पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट्रिक राइडर ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत एक संप्रभु राष्ट्र है। उसे किसके साथ सैन्य अभ्यास करना है, इसका फैसला वह खुद ले सकता है। भारत के रूस और चीन के साथ सैन्य अभ्यास में शामिल होने से जुड़े एक सवाल पर ब्रिगेडियर राइडर ने कहा, हमने निश्चित रूप से इस क्षेत्र में भारत के साथ अपनी साझेदारी की सराहना की है। जैसा कि आप जानते हैं, वे एक महत्वपूर्ण भागीदार हैं और हम उनके साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। ब्रिगेडियर राइडर से पूछा गया था, भारत ने कई अभ्यास में हिस्सा लिया है, जिसमें रूस और चीन के साथ युद्ध अभ्यास शामिल है।

## गोलाबारी के नए दौर को लेकर आर्मीनिया और आजरबैजान के बीच आरोप-प्रत्यारोप

**एपी।** एरेवान (आर्मीनिया)

**आर्मीनिया और** आजरबैजान ने बुधवार की सुबह गोलाबारी के नए दौर को लेकर एक-दूसरे पर आरोप लगाए। आर्मीनिया के रक्षा मंत्रालय ने आजरबैजान के सुरक्षा बलों पर रात भर जर्मुक के आर्मीनियाई रिजॉर्ट की दिशा में लड़ाकू ड्रोन दागने, सेवन झील के पास जर्मुक और वेरिन शोरझा गांव की दिशा में तोप और मोर्टार से हमले करने का आरोप लगाया। आजरबैजान की सेना ने भी आरोप लगाया कि आर्मीनिया सुरक्षा बलों ने अलगाववादी नागोर्नो-काराबाख क्षेत्रों में कलबजार और लाचिन जिलों में हमला किया। आर्मीनिया का कहना है कि उसके कम से कम 49 जवान मारे गए, जबकि आजरबैजान ने कहा कि उसके 50 सैनिकों की मौत हुई है।

दोनों देश नागोर्नो-काराबाख पर कब्जे के लिए पहले भी लड़ते आए हैं। यह आजरबैजान का हिस्सा है, लेकिन 1994 में एक अलगाववादी युद्ध समाप्त होने के बाद से आर्मीनिया द्वारा समर्थित जातीय अमेरिकी के सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। रूस के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दोनों पक्षों से हमलों से बचने और संयम दिखाने का आग्रह किया। मास्को दोनों पूर्व सोवियत देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने की मांग कर रहा है। आजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपील और संघर्ष विराम समझौते पर पहुंचने के बावजूद, आर्मीनिया सशस्त्र बलों ने तोपखाने और अन्य भारी हथियारों का उपयोग करके राज्य की सीमा पर हमले और उकसावे की कार्वाई जारी रखी है। मंत्रालय ने कहा कि कलबजार और लाचिन जिलों में आर्मीनियाई गोलाबारी में आजरबैजान के दो नागरिक घायल हो गए।

## गोलीबारी में एक इजराइली अधिकारी व दो फलस्तीनी आतंकवादियों की मौत

**यरूशलम।** कब्जा वाले पश्चिमी तट पर बुधवार को एक चौकी के समीप फलस्तीनी बंदूकधारियों के हमले में एक इजराइली सैन्य अधिकारी की मौत हो गई। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। उधर, फलस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि सैनिकों ने दो बंदूकधारियों को मार डाला। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली सेना के हाथों दो फलस्तीनी मारे गए। मंत्रालय ने उससे अधिक ब्योरा नहीं दिया। इजराइली सेना ने कहा कि उत्तरी पश्चिमी तट पर सैनिकों को दो व्यक्ति सीमा के समीप आते दिखे, तब उन्होंने वहां सैनिकों को भेजा। इसी दौरान दोनों संदिग्धों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिस पर सैनिकों ने जवाबी कार्वाई की। सरकारी फलस्तीनी समाचार समिति वाफा ने खबर दी है कि मारे गए फलस्तीनियों की पहचान अहमद अबेद (23) और अब्द अल रहमान अबेद (22) के रूप में की।

## रूस ने दो दर्जन देशों की घरेलू राजनीति प्रभावित करने के लिए खर्च किए 30 करोड़ डॉलर: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने खुफिया जानकारी सार्वजनिक करते हुए कहा है कि रूस ने 2014 से अब तक, दो दर्जन से अधिक देशों में नेताओं तथा अन्य अधिकारियों को प्रभावित करने के लिए गोपनीय तरीके से 30 करोड़ डॉलर से ज्यादा खर्च किए हैं। मंगलवार को जारी की गई इस सूचना में दुनियाभर में रूस के प्रति हमदर्दी दिखाने वाली नीतियों और पार्टियों के समर्थन में मास्को द्वारा चलाए जा रहे गोपनीय अभियान की समीक्षा की गई है। इसमें रूस द्वारा लक्षित किसी विशेष देश का नाम नहीं लिया गया है लेकिन यह बताया गया है कि अमेरिका चुनिंदा देशों को खुफिया सूचना मुहैया करवा रहा है। बाइडन प्रशासन की ओर से मास्को के सैन्य और राजनीतिक लक्ष्यों का खुलासा करने का यह ताजा प्रयास है। इससे पहले यूक्रेन पर रूस के हमले की सटीक भविष्यवाणी की गई थी।

## महारानी के अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति मुर्मू सहित विश्वभर के लगभग 500 नेता शामिल होंगे

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन की** महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राजकीय अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित विश्वभर के लगभग 500 नेता और विदेशी गणमान्य लोग शामिल होंगे। महारानी का अंतिम संस्कार सोमवार को वेस्टमिंस्टर एबे में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू की तीन दिवसीय ब्रिटेन यात्रा की पुष्टि की। लंदन में होने वाले राजकीय अंतिम संस्कार के लिए उन्हें भारत के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में आमंत्रित किया गया था। ब्रिटेन में पिछले 57 वर्षों में यह पहला राजकीय अंतिम संस्कार है। इससे पहले 1965 में ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का राजकीय अंतिम संस्कार किया गया था। आधिकारिक खबरों के अनुसार महाराजा चार्ल्स तृतीय रविवार शाम को लंदन के बकिंघम पैलेस में विदेशी नेताओं के सम्मान में एक समारोह की मेजबानी करेंगे। सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम संस्कार कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इससे पहले रविवार को राष्ट्रपति मुर्मू शोक पुस्तक पर हस्ताक्षर करेंगी और बकिंघम पैलेस के पास लैंकस्टर हाउस में भारत सरकार की ओर से शोक संदेश देने की भी उम्मीद है। इस बीच रूस-यूक्रेन युद्ध का भी ब्रिटेन की इस महत्वपूर्ण राजनयिक घटना पर प्रभाव पड़ा है। ब्रिटिश मीडिया की खबरों के अनुसार रूस, बेलारूस और म्यांमा को राजकीय अंतिम संस्कार के लिए निमंत्रण नहीं दिया गया है। बेल्जियम, स्वीडन, नीदरलैंड और स्पेन के नरेशों और उनकी रानियों के भी इस राजकीय अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

### महारानी का ताबूत अंतिम यात्रा के लिए बकिंघम पैलेस से रवाना

**लंदन।** महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का ताबूत बुधवार को अंतिम यात्रा पर लंदन के बकिंघम पैलेस से संसद भवन के लिए निकला जहां उसे वेस्टमिंस्टर हॉल में लाइंग-इन-स्टेट में रखा जाएगा और उसके बाद सोमवार को वेस्टमिंस्टर एबे में महारानी का राजकीय तरीके से अंतिम संस्कार किया जाएगा। ताबूत को महाराजा की ट्रूप रॉयल हॉर्स आर्टिलरी की घोड़ों वाली तोपगाड़ी में रखा गया और स्थानीय समयानुसार अपराह्न 2:22 बजे पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर तक का करीब दो किलोमीटर का रस्मी जुलूस शुरू हुआ।

## अगस्त में थोक मुद्रास्फीति घटी, 11 महीने के निचले स्तर 12.41 प्रतिशत पर आई

**नई दिल्ली।** विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी से थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में लगातार तीसरे महीने घटी और 11 महीने के निचले स्तर 12.41 प्रतिशत पर आ गई। खाद्य वस्तुओं के दामों में तेजी के बावजूद मुद्रास्फीति घटी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति में लगातार तीसरे महीने गिरावट का रुख देखने को मिला है। हालांकि, यह पिछले साल अप्रैल से लगातार 17वें महीने में दहाई अंकों में रही। डब्ल्यूपीआई पर आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने, जुलाई में 13.93 फीसदी थी। यह पिछले साल अगस्त में 11.64 फीसदी थी। डब्ल्यूपीआई इस वर्ष मई में 15.88 फीसदी के रिकॉर्ड उंचे स्तर पर पहुंच गई थी। इससे पहले मुद्रास्फीति पिछले वर्ष सितंबर में 11.8 फीसदी थी। अनाज, फल और सब्जियों के दाम बढ़ने से अगस्त में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति बढ़कर 12.37 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो जुलाई में 10.77 प्रतिशत थी। समीक्षाधीन महीने में सब्जियों के दाम 22.29 फीसदी बढ़े, जबकि आलू के दाम 43.56 फीसदी बढ़ गए। ईंधन और बिजली में महंगाई दर अगस्त में 33.67 फीसदी रही, जो इससे पिछले महीने 43.75 फीसदी थी।

# बाजार में चार दिन से जारी तेजी पर विराम

## ● ब्याज दर बढ़ने की चिंता में सेंसेक्स 224 अंक टूटा

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजारों में पिछले चार दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 224 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ उच्च मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए आक्रामक रूप से ब्याज दर बढ़ाए जाने को लेकर चिंता के बीच सूचना प्रौद्योगिकी और दवा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। अमेरिका में अगस्त महीने में मुद्रास्फीति अनुमान से अधिक रहने के बाद ब्याज दर आक्रामक तरीके से बढ़ने की आशंका को देखते हुए वैश्विक बाजारों में गिरावट का रुख रहा। घरेलू बाजार में बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी शुरुआती कारोबार में 60,000 और 18,000 अंक के स्तर के नीचे आ गए। निवेशकों ने आईटी, ऊर्जा और दवा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की। वहीं बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार को बड़ी गिरावट से उबरने में मदद मिली।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में।,150 अंक तक लुढ़क गया था। बाद में इसमें सुधार आया और अंत में यह 224.11 अंक यानी 0.37 प्रतिशत के नुकसान के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 66.30 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,003.75 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 17,771.15 अंक तक नीचे आ गया था। अमेरिका में अगस्त महीने में उम्मीद से अधिक महंगाई दर के साथ यह चिंता है कि फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) आक्रामक रूप से ब्याज दर बढ़ा सकता है। इससे दुनिया के विभिन्न बाजारों में गिरावट रही। अमेरिका में अगस्त में मुद्रास्फीति 8.3 प्रतिशत रही जबकि अर्थशास्त्री 8.1 प्रतिशत की महंगाई दर का अनुमान लगा रहे थे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वैश्विक स्तर पर नकारात्मक रुख के बीच घरेलू बाजार ने मजबूती दिखाई।उन्होंने कहा, ...खुदरा, घरेलू के साथ-साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों के मजबूत पूंजी प्रवाह से घरेलू बाजार में मजबूती बनी हुई है। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस सबसे ज्यादा 4.53 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा टीसीएस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एलएंडटी, विप्रो और रिलायंस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, एनटीपीसी, एसबीआई, कोटक बैंक और एचडीएफसी बैंक तथा एचडीएफसी लि. लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनाद नायर ने कहा कि हालांकि शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजार में तेज बिकवाली हुई। लेकिन बाद में इसमें सुधार आया।

## एनसीएलएटी ने एपीएल मेटल्स के खिलाफ दिवाला कार्रवाई शुरू करने की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बुधवार को एपीएल मेटल्स के खिलाफ दिवाला कार्रवाई शुरू करने की याचिका खारिज कर दी। हांगकांग स्थित सेंसिंग लिमिटेड ने यह याचिका दायर की थी। इसके साथ ही एनसीएलएटी ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेश को बरकरार रखा, जिसने ऐसी ही एक याचिका को पहले खारिज कर दिया था।

एनसीएलएटी की दो सदस्ईय पीठ ने कहा कि एनसीएलटी का यह निष्कर्ष सही है कि कॉरपोरेट कर्जदार एपीएल मेटल्स ने सेंसिंग द्वारा दावा किए गए कर्ज के संबंध में एक प्रमाणिक विवाद उठाया है। इसके अलावा सेंसिंग ने एचएसबीसी बैंक को कर्ज सौंपा था, जिसने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत इस कार्वाई में खुद को शामिल नहीं किया है।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Sunil Batra S/o P C Batra R/o 11/17 Old Rajender Nagar New Delhi-110060. Owner of office/shop No-227 Shopping Complex underneath Defence Colony Flyover Market has applied for conversion of the aforesaid plot from leasehold to freehold vide application / Request ID No. LD17830CE/CON/03032022 Dt. 03.03.2022 in DDA. That the original documents i.e 1. Possession Letter 2. NOC of Water & Electric, Initial Deposit slip, & Site possession. have been lost, An FIR Vide LRN0.115859/2022 Dt 10.02.2022 against this effect has been lodged in Crime Branch Police station Delhi. Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write or contact with above named person at above address/phone No. 9810116632 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or right, to Dy. Director (CE) or Director (CE) with, A-Block, 2nd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023. along with the documents.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAMOTORS TATA_LP913
REG. NO. HR73A7531
YOM 2019

2) MAHINDRA 265 DI SARPANCH
REG. NO. HR13N4823
YOM 2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : GUNJAN SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8510032426
EMAIL-gunjan.singh1@kotak.com

## इस महीने रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है रिजर्व बैंक : विश्लेषक

**भाषा।** मुंबई

**अगस्त** में मुद्रास्फीति उंची रही है और माना जा रहा है कि सितंबर में भी महंगाई दर अधिक रहेगी। ऐसे में विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक इस महीने नीतिगत दरों (रेपो रेट) में 0.35 प्रतिशत की और वृद्धि कर सकता है। दरअसल खुदरा महंगाई दर अगस्त महीने में बढ़कर सात प्रतिशत पर पहुंच गई है। एक महीने पहले जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 6.71 प्रतिशत और पिछले साल अगस्त में 5.3 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार आठवें महीने केंद्रीय बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआई ने इस साल प्रमुख ब्याज दर को तीन बार बढ़ाकर 5.40 प्रतिशत कर दिया है। इसके बावजूद मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

स्विट्जरलैंड की ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस सिक्योरिटीज में भारत के लिए मुख्य अर्थशास्त्री तन्वी गुप्ता जैन ने कहा कि सितंबर में भी मुद्रास्फीति के अगस्त महीने के स्तर पर कायम रहने की संभावना है। हालांकि, अक्टूबर से इसमें कमी आ सकती है। ऐसे में आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति 30 सितंबर की नीतिगत समीक्षा में रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला ले सकती है। बार्कलेज सिक्योरिटीज इंडिया में मुख्य अर्थशास्त्री राहुल बजोरिया ने कहा कि थोक और खुदरा दोनों मुद्रास्फीति उंचे स्तर पर बनी हुई है और ऐसा अनुमान है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति बदलते मूल्य रूझानों पर गौर करेगी। उन्होंने कहा कि समिति समय रहते 30 सितंबर तक दरें बढ़ा सकती है और यह वृद्धि 0.50 प्रतिशत की हो सकती है। मॉर्गन स्टेनली ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भी थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 5.3 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है और आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा में रिजर्व बैंक रेपो दरों में 0.35 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है।

## कार्बन उत्सर्जन कम करने में अहम भूमिका निभाएगा हरित परिवहन : नीति आयोग

**नई दिल्ली।** भारत के परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने में हरित परिवहन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) परमेश्वरन अय्यर ने बुधवार को यह बात कही। अय्यर ने शून्य फोरम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ाने के लिए वित्तपोषण की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों के वित्तपोषण से जुड़े जोखिमों को कम करने के तरीके खोजने की जरूरत पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण भारत का तेजी से शहरीकरण हो रहा है और इस तरह छोटे शहरों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की जरूरत है। नीति आयोग और रॉकी माउंटेन इंस्टिट्यूट (आरएमआई) इंडिया द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट के अनुसार बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में इलेक्ट्रिक वाहन वित्तपोषण बाजार का आकार बढ़ाने की पर्याप्त क्षमता है। यह बाजार 2025 तक 40,000 करोड़ रुपए और 2030 तक बढ़कर 3.7 लाख करोड़ रुपए हो सकता है।

## राजस्व अधिकारियों को कर चोरी रोकने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण दिया जाएगा : सीतारमण

**भाषा।** नवी मुंबई



**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों को कर चोरी रोकने के लिए जल्द ही आधुनिक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) और आंकड़ों के बेहतर विश्लेषण से अधिकारियों को राजस्व की चोरी का पता लगाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि चोरी करने वाले गलत रिफंड का दावा करके या सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के लिए फर्जी कंपनियां बनाकर प्रणाली से खेल रहे हैं और अधिकारियों विशेष रूप से कनिष्ठ अधिकारियों को प्रशिक्षण देने से इसमें मदद मिल सकती है।

सीतारमण ने यहां खारघर नोड मे एक कार्यक्रम में राजस्व विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, जल्द ही हम देश के विभिन्न हिस्सों में अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे, ताकि आप में से हर कोई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में सहज महसूस कर सके और कर चोरी को रोका जा सके। उन्होंने संकेत दिया कि मौजूदा प्रौद्योगिकी कंपनियों को भी अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने का काम सौंपा जा सकता है।

## बीओबी ने दो करोड़ रुपए से कम की जमाओं पर ब्याज दरें बढ़ाई

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने दो करोड़ रुपए से कम की खुदरा सावधि जमाओं पर ब्याज दरों में 0.20 प्रतिशत तक की वृद्धि की है। नई दरें 13 सितंबर 2022 से प्रभावी हैं। बैंक ने बुधवार को कहा कि एक साल की अवधि वाली घरेलू और एनआरओ (प्रवासी साधारण) सावधि जमा पर अब 5.50 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, जो पहले 5.30 प्रतिशत था। इसी तरह 400 दिनों से तीन साल तक की अवधि वाली जमा पर ब्याज दर 5.45 फीसदी से बढ़ाकर 5.50 फीसदी कर दी गई है। तीन साल से 10 साल तक की अवधि के लिए नई दर 5.65 प्रतिशत है, जो पहले से 0.15 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक साल की जमा पर ब्याज दर छह प्रतिशत होगी, जो पहले 5.80 प्रतिशत थी। इसी तरह अन्य अवधियों के लिए निवासी वरिष्ठ नागरिकों को अब 5.95 से 6.50 प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा। इसमें 0.15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। बीओबी ने बड़ौदा टैक्स सेविंग्स सावधि जमा और बड़ौदा एडवांटेज सावधि जमा जैसी योजनाओं पर भी ब्याज दर में बढ़ोतरी की है।

**आवश्यक सूचना**

नवीन फल-सब्जी मण्डी स्थल साहिबाबाद, गाजियाबाद की समस्त कैन्टीन (प्रवेश द्वार सं0-01) पर नवनिर्मित मल्टीस्टोरी भवन में स्थिल केन्टीनों को छोडकर) एवं नवीन खाद्यान्न मण्डी स्थल गोविन्दपुरम् की समस्त कैन्टीनों का ठेका कार्यादेश में निर्धारित तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए दोनो मण्डी स्थलों का अलग-अलग ई-नीलामी के माध्यम से ठेका कराये जाने हेतु दिनांक 12.09.2022 नियत करते हुए ऑन लाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे, परन्तु अपरिहार्य कारणों से ई-नीलामी हेतु तिथि बढाते हुए दिनांक 20.09.2022 नियत की गयी है। दोनो मण्डी स्थलों की कैन्टीन बोली में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र रू0 250/- (जी0एस0टी0 अलग) नकद भुगतान कर, समिति कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर/वेबसाईड से डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 19.09.2022 समय सांय 3:00 बजे तक www.eauction.gov.in वेबसाईट पर अपलोड कर सकते है। ई-नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु आवेदक को नवीन फल-सब्जी मण्डी स्थल साहिबाबाद हेतु रू0 4.00 लाख (रूपया चार लाख) एवं नवीन खाद्यान्न मण्डी स्थल गोविन्दपुरम हेतु रू0 50000/- (रू0 पचास हजार) की बैंक गारन्टी अथवा सचिव, ए0पी0एस0सी0 गाजियाबाद के पक्ष में बन्धक एफ0डी0आर0 प्रतिभूति के रूप में एवं आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मण्डी समिति कार्यालय में दिनांक 19.09.2022 समय सांय 5:00 बजे तक जमा करानी अनिवार्य होगी। उच्चतम बोली की धनराशि पर नियमानुसार 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अलग से देय होगी। नियम एवं शर्ते www.eauction.gov.in वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है। कैन्टीन ठेका हेतु ई-नीलामी दिनांक 20.09.2022 को समय दोपहर 12:00 बजे से प्रारम्भ होकर अपरान्ह् 2:00 बजे तक सम्पन्न की जायेगी।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
गाजियाबाद

# 35 पुलिसकर्मियों की होगी सीबीआई जांच

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिए आदेश, मथुरा जिले में एक दलित परिवार के सदस्यों के खिलाफ कथित तौर पर झूठे मामले दर्ज करने का है आरोप

**भाषा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने मथुरा जिले में एक दलित परिवार के सदस्यों के खिलाफ कथित तौर पर झूठे मामले दर्ज करने के लिए 35 पुलिसकर्मियों के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। न्यायमूर्ति सुनीत कुमार और न्यायमूर्ति सैयद वाइज मियां की पीठ ने सुमित कुमार और पुनीत कुमार द्वारा दायर एक रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ताओं ने फिरोजाबाद के रसूलपुर थाने में 24 मार्च, 2022 को दर्ज प्राथमिकी रद्द करने और इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का अनुरोध किया था। याचिका में आरोप है कि मथुरा जिले के पुलिस अधिकारियों ने याचिकाकर्ताओं के खिलाफ ढेरों फर्जी और झूठे मामले दर्ज किए हैं जिससे वे पूर्व के मामलों में समझौता करने के लिए उन पर दबाव बना सकें।

छह सितंबर को पारित आदेश में अदालत ने कहा, यह प्रत्यक्ष है कि मथुरा जिला के पुलिसकर्मी याचिकाकर्ता के परिजनों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने में कामयाब रहे जिसे राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग और अनुसूचित जाति आयोग द्वारा संज्ञान में लिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रेम सिंह नाम के एक व्यक्ति ने एक दूसरे व्यक्ति के साथ मिलकर चार अक्टूबर, 2013 को पुनीत कुमार को जान से मारने का प्रयास किया। इस घटना के बारे में पुनीत की मां माया देवी ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय पुनीत के भाई सुमित कुमार के खिलाफ झूठा मुकदमा लिख दिया। इसके बाद, माया



देवी ने अदालत का रुख किया जिसके आदेश पर चार अक्टूबर, 2013 की घटना का एफआईआर मथुरा के हाईवे पुलिस थाना में दर्ज किया गया। हालांकि इसी थाने की पुलिस ने आरोपी के साथ मिलीभगत कर याचिकाकर्ताओं और उनकी मां के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504, 506, 452, 354 के तहत झूठा मामला दर्ज कर लिया। पुलिस के इस आचरण से व्यथित होकर माया देवी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से संपर्क किया और आयोग के निर्देश पर हाईवे थाना के एसएचओ सुरेंद्र सिंह यादव और उप निरीक्षक नेत्रपाल सिंह के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया। आरोप है कि 10 जनवरी, 2018 को पुलिस की एसओजी टीम ने पुनीत कुमार और एक आटो ड्राइवर को हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें छोड़ दिया। याचिकाकर्ताओं ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, लखनऊ से संपर्क किया और आयोग ने विशेष जांच प्रकोष्ठ को जांच का आदेश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (विशेष जांच) प्रेम सिंह ने छह सितंबर, 2021 को जांच रिपोर्ट पेश की जिसमें नामजद पुलिसकर्मियों को प्रथम दृष्टया पुनीत कुमार को अवैध रूप से हिरासत में लेने, उन्हें झूठे मामलों में फंसाने और फर्जी आरोप पत्र दाखिल करने में लिप्त पाया गया। अदालत ने उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव (गृह) को अपराध संख्या 108।2022 की जांच सीबीआई को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया और जांच एजेंसी को मामला दर्ज कर जांच करने के लिए कहा।

## माफिया अतीक अहमद की 16 करोड़ की तीन संपत्तियां कुर्क

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद की लखनऊमें स्थित एक संपत्ति और यहां स्थित दो संपत्तियों को बुधवार को कुर्क कर लिया। इन तीनों संपत्तियों का अनुमानित मूल्य करीब 16 करोड़ रुपए है। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने संवाददाता ओं को बताया कि प्रयागराज पुलिस की एक टीम ने लखनऊमें कुर्की की कार्वाई की। लखनऊ में स्थित एक बंगला 800 वर्ग मीटर में फैला हुआ है जिसकी कीमत लगभग आठ करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि यह संपत्ति अतीक अहमद की पत्नी के नाम पर है, लखनऊपुलिस तथा मजिस्ट्रेट के सहयोग से कुर्की की कार्वाई की गई। पांडेय ने बताया जनपद प्रयागराज में थाना धूमनगंज अंतर्गत कसारी मसारी में दो भूखंडों (कुल रकबा एक बीघा) की कुर्की की कार्वाई की गई है, इन भूखंडों की कुल अनुमानित कीमत आठ करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि कसारी मसारी स्थित भूखंड संख्या 1326 और 1327 अतीक अहमद के नाम पर दर्ज है और आईएस-227 गिरोह के लीडर और हिस्ट्रीशीटर अपराधी अतीक अहमद के खिलाफ धूमनगंज थाना में 96 मुकदमे दर्ज हैं। पांडेय ने बताया कि अतीक अहमद द्वारा अपराध जगत से अर्जित अन्य संपत्तियों की खोजबीन की जा रही है और इन संपत्तियों का पता चलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अतीक अहमद प्रयागराज की शहर पश्चिमी सीट से लगातार पांच बार विधायक रहा है और इसने समाजवादी पार्टी के टिकट से 2004 में फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीता था।

## बाबतपुर कैम्पस बना सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिता का सिरमौर



**वाराणसी।** सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स के 43 स्कूलों के वार्षिक पुरस्कार समारोह में बनारस के बाबतपुर एवं पड़ाव कैम्पस को सर्वश्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कार प्रदान किया गया। शिक्षा व अन्य गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए यह प्रतिष्ठा परक पुरस्कार सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने प्रदान किया। साथ ही बनारस के बाबतपुर कैम्पस को जैपुरिया समूह की शीर्ष गतिविधियों क्रेसेन्डो व पिनॉकल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए फ्लैगशिप इवेंट विनर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जैपुरिया स्कूल्स बनारस की ओर से समारोह में उपस्थित प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, अधिशासी निदेशक श्याम सुंदर बजाज एवं निदेशक आयुष्मान बजाज ने यह पुरस्कार प्राप्त किया जायेगा। समारोह को सम्बोधित करते हुए सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स समुह के वाईस चेयरमैन श्रीवत्स जैपुरिया ने कहा कि सही शिक्षा के माध्यम से बेहतर भविष्य का निर्माण करना स्कूल प्रशासनों की जिम्मेदारी है। अपने संदेश में जैपुरिया स्कूल्स बनारस के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने अपने स्कूलो के शिक्षकों, बच्चों अभिभावकों व कर्मचारियों को इस उपलब्धि का श्रेय देते हुए भरोसा दिलाया कि इसे भविष्य में दोहराने का पूरा प्रयास किया जायेगा।

## आकर्षक उपहार जीतने का शानदार मौका

**वाराणसी।** सभी संगीत प्रेमियों के लिए अग्रणी टेलीकॉम ऑपरेटर वी ने आकर्षक ऑफर का ऐलान किया है। अब वी के यूज़र वी ऐप पर कम से कम पांच गानों की अपनी प्लेलिस्ट बनाकर आईपैड जीत सकते हैं और एमज़ॉन गिफ्ट वाउचर्स जीतने का मौका पा सकते हैं।ज़्यादा सुनें और ज़्यादा जीतें' के अनूठे प्रस्ताव के साथ विजेता का चयन कम से कम पांच गानों की प्लेलिस्ट बनाने के बाद इन गानों को अधिकतम समय तक सुनने के आधार पर किया जाएगा।

## आभा कार्ड बनाने के लिये आशा कर्मियों को किया तैयार

**लखनऊ।** हेल्थ टेक देश का डॉक्टर एप ने केवल 5 महीनों के भीतर ही सफलतापूर्वक डेढ़ लाख से अधिक लोगों के लिये आभा आईडी कार्ड जारी किये। दरअसल, अप्रैल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देश का डॉक्टर को भारतीय नागरिकों के लिये आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता कार्ड बनाने के लिये अधिकृत किया। इस संबंध में देश का डॉक्टर के सीईओ अनुराग पांडे ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने हमें आभा हेल्थ आईडी कार्ड बनाने की जिम्मेदारी दी थी। हमने सिर्फ5 महीने के भीतर ही डेढ़ लाख से अधिक के आंकड़े को पार कर लिया हैए और इसकी संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस प्रक्रिया को बढ़ाने और तेज करने के लिए, हमने संबंधित अधिकारियों की अनुमति सेए आशा कार्यकर्ताओं को आभा आईडी जारी करने संबंधी प्रशिक्षण देने के लिए गाजियाबाद में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। आशा कर्मी जैसे.जैसे समाज के लोगों के साथ निकटता से जुडेंगी आभा के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना आसान हो जाएगा।

# गोरक्षपीठ की परंपरा सनातन धर्म की अहम कड़ी: योगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 8वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह

**गोरक्षपीठाधीश्वर** एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति समाज, राष्ट्र व धर्म की समस्याओं से पलायन की आज्ञा नहीं देती है। समाज, राष्ट्र व धर्म की समस्या को हमें अपनी खुद की समस्या मानना होगा। हमें खुद को हर चुनौती से निरंतर जूझने के लिए तैयार रखना होगा क्योंकि समस्याओं से पलायन करने वाले, उनसे मुंह मोड़ने वाले जनविश्वास खो देते हैं। पलायन करने वालों को वर्तमान और भावी पीढ़ी कभी माफ नहीं करती है।

सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 53वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 8वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ के पूज्य आचर्यद्वय ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने ने धर्म, समाज और राष्ट्र की समस्याओं से पलायन न करने का आदर्श स्थापित किया। उनके मूल्यों, सामर्थ्य और साधना की सिद्धि का परिणाम आज गोरखपुर के विभिन्न विकल्पों के माध्यम से देखा जा सकता है। उन्होंने गोरक्षपीठ को सिर्फ पूजा पद्धति और साधना स्थली तक सीमित नहीं रखा बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा के विभिन्न आयामों से जोड़कर लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। सीएम योगी ने कहा कि गोरक्षपीठ की परंपरा सनातन धर्म की महत्वपूर्ण कड़ी है। आश्रम पद्धति कैसे संचालित होनी चाहिए, समाज, देश और धर्म के प्रति हमारी क्या जिम्मेदारी होनी चाहिए। इसका मार्गदर्शन इस पीठ ने किया है। ऐसे दौर में जब बहुतायत लोग भौतिकता के पीछे दौड़ते हैं। देशकाल व समाज के अनुरूप कार्यक्रमों से जुड़कर यह पीठ ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ व ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ द्वारा स्थापित आदर्शों को युगानुकूल तरीके से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि जब देश पराधीन था तब यह धार्मिक पीठ सीमित संसाधनों से शिक्षा का अलख जगाने के अभियान से जुड़ती है। पूज्य संतों ने आजादी के आंदोलन को नेतृत्व दिया, उसने भागीदार बने और इस दिशा में गोरक्षपीठ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। जब धर्म भी पराधीनता के दंश को झेल रहा था तो गोरक्षपीठ खुद को कैसे अलग रख सकती थी। सीएम योगी ने कहा कि आजादी का आंदोलन हो या आजादी मिलने के बाद राष्ट्र निर्माण के अभियान को गति देने की बातए गोरक्षपीठ ने महंत दिग्विजयनाथ व महंत अवेद्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के मार्ग प्रशस्त होने से भारत के लोकतंत्र व न्यायपालिका की ताकत वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित हुई है।

# जमानत अर्जी दाखिल करना हर बंदी का मौलिक अधिकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि कानून के मुताबिक और बगैर विलंब किए सक्षम अदालत के समक्ष जमानत के लिए अर्जी दाखिल करना प्रत्एक बंदी का मौलिक अधिकार है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में हत्या के आरोपी अनिल गौर नाम के एक व्यक्ति द्वारा दायर जमानत की अर्जी पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अजय भनोट ने यह टिप्पणी की।



याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि यद्यपि उसका मुवक्किल प्राथमिकी में नामजद नहीं था, फिर भी वह छह दिसंबर 2017 से जेल में निरुद्ध है। याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है और हत्या करने की उसकी कोई मंशा नहीं थी और यह परिस्थितिजन्य साक्ष्य का मामला है। सोमवार को जमानत मंजूर करते हुए अदालत ने कहा, इस मामले में न्याय मिलने में विफलता का कारण गरीबी, सामाजिक बहिष्कार, विधिक निरक्षरता और कानूनी सहायता नहीं मिलना है। अदालतों का भी यह सुनिश्चित करने का दायित्व है कि कानूनी सहायता, आपराधिक मुकदमों में पेश होने वाले बंदियों की पहुंच में हो। अदालतें मूक दर्शक नहीं बनी रह सकतीं।मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता आर्थिक रूप से वंचित तबके से है और जेल जाने के बाद उसके करीबी लोगों ने उससे मुंह मोड़ लिया। वह जेल जाने के एक साल बाद निचली अदालत में जमानत की अर्जी लगा सका जिसे चार जून, 2019 को खारिज कर दिया गया। इसके तीन साल बाद वह उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल कर सका। अदालत ने कहा कि ढेरों ऐसे मामले हैं जहां बंदियों को कानूनी सहायता नहीं मिलने की वजह से अनुचित विलंब के बाद जमानत की अर्जी दाखिल की गई।

## हत्या के मामले में सपा के पूर्व विधायक समेत चार को उम्रकैद

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने हत्या के करीब 24 साल पुराने एक मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक अभय नारायण पटेल समेत चार अभियुक्तों को बुधवार को दोषी करार देते हुए उम्रकैद और जुर्माने की सजा सुनाई।

सहायक शासकीय अधिवक्ता दीपक मिश्रा ने बताया कि एमपीएमएलए अदालत के न्यायाधीश ओम प्रकाश वर्मा (तृतीय) ने सगड़ी क्षेत्र से पूर्व सपा विधायक अभय नारायण पटेल तथा तीन अन्य अभियुक्तों लाल बहादुर, लाल बिहारी और हरेंद्र को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा 20-20 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार रौनापार थाना क्षेत्र के उर्दिहा नई बस्ती कोलवा के रहने वाले राम नयन सिंह के भाई संतराज को सरकारी गल्ले की दुकान आवंटित हुई थी। इससे पहले यह अभय नारायण पटेल को आवंटित था। अभियोजन पक्ष ने बताया कि इस बात से पटेल रंजिश रखते थे और 22 अक्टूबर 1998 की शाम को संतराज चांदपट्टी क्षेत्र से अपने घर आ रहा था, तभी रास्ते में अभय नारायण पटेल, लाल बिहारी सिंह, लाल बहादुर सिंह और हरेंद्र ने संतराज को रोक लिया तथा गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

# आजादी के अमृतकाल में और बढ़ गया हिंदी दिवस का महत्व

**पायनियर समाचार सेवा।**वाराणसी

**बनारस** रेल इंजन कारखाना राजभाषा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को बरेका प्राविधिक प्रशिक्षण केन्द्रग सभागार में हिन्दी दिवस समारोह-2022 का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्यर अतिथि एवं महाप्रबंधक सुश्री अंजली गोयल एवं विभागाध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्जयवलन तथा डा. शंशिकांत शर्मा द्वारा गाये सरस्वणती वंदना से हुआ ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने सर्वप्रथम गृहमंत्री एवं रेल मंत्री, भारत सरकार के संदेश का वाचन किया । उनके द्वारा ई-पत्रिका का लोकार्पण किया गया एवं समारोह में उपस्थित बरेका अधिकारी एवं कर्मचारी को राजभाषा प्रतिज्ञा भी दिलायी गयी । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में हिंदी दिवस का महत्व और बढ़ गया है, क्योंकि आजादी के आंदोलन में हिंदी की महत्वलपूर्ण भूमिका को देखते हुए हमारी संविधान सभा ने 14 सितम्बर 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया । इस संकल्पय मार्ग पर चलते हुए हम बहुत ही आगे बढ़ आये हैं। उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा भारतीय भाषाओं में उपलब्धु कराने के लिए भारत सरकार ने अनेक योजनाएं बनायी है ।



आवश्यकता है कि हम स्वयं अपने दैनिक कार्यों में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करें और तकनीकी ज्ञान सरल भाषा में कर्मचारियों एवं आम जनता तक पहुँचाएं । इससे न केवल स्व तंत्रता सेनानियों का सम्मामन होगा, वरन प्रधानमंत्री के आत्म निर्भर भारत का सपना भी पूरा होगा । हिंदी दिवस के अवसर पर बरेका अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी ।इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी ने 'हिन्दी दिवस' की पृष्ठ भूमि एवं बरेका में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की प्रगति एवं प्रचार-प्रसार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाप्रबंधक सुश्री अंजली गोयल की अध्यक्षता में नराकास ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार में अमिट छाप छोड़ी है । भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी में बुधवार को हिंदी दिवस समारोह को आयोजन किया गया और संस्थान के निदेशक डॉ तुषारकांति बेहेरा के देखरेख में पूरे एक माह तक चलने वाले हिंदी चेतना माह का भी शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ आर बी यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान पर की जाने वाली प्रमुख शोध कार्यों एवं हिंदी में हो रहे शोध प्रकाशनों, अभिलेखों एवं दिन प्रति कार्यालयों में हिंदी हो रहे गतिविधियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। हिंदी के बढावा देने हेतु शिक्षा व्यवस्था में सुधार और दैनिक जीवन में लेखन एवं पठन-पाठन में अधिक से अधिक हिंदी भाषा में किये जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएचयू के प्रोफेसर कृष्ण मोहन सिंह ने हिंदी दिवस के अवसर पर भाषा की महत्वा पर प्रकाश डाला और बताया की भाषा न केवल अभिव्यक्ति की माध्यम है बल्कि यह संवेदना, मनोभाव, एवं अनुभूति का भी माध्यम है, इससे हम मनोभाव को भी पहचानते है भाषा मानव जीवन की सबसे बड़ी आविष्कार है। पूरे माह तक हिंदी में चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रसन्ता व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रामेश्वर सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ भुवनेश्वरी एस विज्ञानी ने किया।

## शोहदे ने लड़की को धमकाया-मुझसे शादी नहीं की तो जान से मार दूंगा



**बाँदा।** शोहदे द्वारा लड़की को चेहरे पर तेजाब डालने और जान से मारने की धमकी दी गई है। शोहदे ने कहा, मुझसे शादी नही की तो मार डालूंगाए शादी भी तुड़वाईए बांदा में एक लड़की ने पुलिस थाना में केस दर्ज कराया हैए आरोप है एक युवक उसको फोन कर अश्लीलता करता है और कहता है मैं तुमसे शादी करूंगाए मुझसे शादी नही की मैं तुमको मार डालूंगा। लड़की की शिकायत पर पुलिस ने उस शोहदे के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मामला बदौसा थाना के एक गांव का है। बदौसा थाना क्षेत्र से एक लड़की ने एक युवक पर आरोप लगाया हैए तत्काल केस दर्ज कर लिया गया है। आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीनिवास मिश्र ने बताया कि यह घटना थाना बदौसा क्षेत्र के एक गांव की है लड़का लड़कियों का आपस में कुछ संबंध थे शुरू में उनका पहले प्रेम प्रसंग चलता रहा जब लड़की की शादी कहीं तय हुई तो उस लड़के ने और आपत्तिजनक फोटो भेज कर उसकी शादी तोड़वा दिया और बराबर फोन पर धमकी देता है सामने भी धमकी देता है कि अगर तुम मेरे साथ शादी नहीं करोगी तो मैं तुम्हें जान से मार दूंगा चेहरे पर तेजाब डलवा दूंगा तुम्हें किसी लायक नहीं छोड़ूंगा जिस तरह से तुम मेरी बात नहीं मानोगे तो तुम्हें दुनिया की कोई भी ताकत बचा नहीं सकती।पीड़िता के परिजनों का कहना है कि हम लोग बहुत दहशत में हैं किसी भी समय हमारे ऊपर वारदात हो सकती है हमारी बेटी की हत्या की जा सकती है क्या हमारे पूरे घर को जलाया जा सकता है हालांकि पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनंदन सिंह अपर पुलिस अधीक्षक श्रीनिवास मिश्र ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया है और उनका कहना जरूरत पड़ेगी तो हम सुरक्षा भी देंगे।

## सांसद का मुहर बना कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले दो लोग गिरफ्तार

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले में सांसद फजलुर्हमान की मुहर बनाकर फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप में एक जन सेवा केंद्र के संचालक समेत दो अभियुक्तों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सहारनपुर से बहुजन समाज पार्टी के सांसद फजलुर्हमान का नकली मुहर बनाकर उनके नाम से सिफारिशी पत्र जारी करने वाले मोनी और विकास तथा वंश नामक युवकों को गिरफ्तार किया गया है। टाडा ने बताया कि कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि सांसद का मुहर बनाकर कोई व्यक्ति उनके नाम का दुरूपयोग कर रहा है। इस पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की ओर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए युवकों में एक जनसेवा केन्द्र चलाता है जो सांसद के नाम पर फर्जी सिफारिशी पत्र जारी करते हुए हर पत्र के 500 से 600 रूपए लेता था। उन्होंने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि उनके कब्जे से एक मुहर भी बरामद हुई है जो फर्जी दस्तावेज बनाने में प्रयोग में लाई जाती थी। साथ ही उनके द्वारा बनाए गए दो फर्जी कागजात भी बरामद हुए हैं जो संस्तुति पत्र के रूप में तैयार किए गए थे।

## सड़क पर नमाज पढ़ने वालों को पुलिस के हवाले किया गया

**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने यहां सड़क पर नमाज पढ़ने के आरोप में पश्चिम बंगाल के लोगों के एक समूह को पुलिस के हवाले कर दिया। ए लोग अजमेर शरीफ जा रहे थे। यह घटना रविवार की शाम की है, लेकिन यह तब प्रकाश में आया जब इससे संबंधित एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पश्चिम बंगाल के लोगों का यह समूह अजमेर शरीफ जा रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव बाजपेई ने बुधवार को बताया, रविवार को लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर तिलहर थाना क्षेत्र के कपसेड़ा गांव में कुछ लोगों द्वारा सड़क पर नमाज अदा किए जाने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया, इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से 18 लोगों को थाने ले आई और बाद में उन सभी ने माफीनामा लिखकर दिया, जिसके बाद उन्हें निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया।

# यूपी के मंत्री समूह ने किया आरेडिका का भ्रमण

**संवाददाता।** लालगंज रायबरेली

**आधुनिक** रेल डिब्बा कारखाना में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद मंत्री लोक निर्माण विभाग, कपिल देव अग्रवाल (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग और मयंकेश्वर शरण सिंह राज्य मंत्री ;संसदीय कार्यए चिकित्सा स्वास्थ्यए चिकित्सा शिक्षाए मातृ एवं शिशु कल्याण विभागद्ध ने अपने रायबरेली जिले के भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन फैक्ट्री परिसर का दौरा किया।इस दौरान आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एसण्एसण्कलसी ने मंत्री समूह को आरेडिका में विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण एवं प्रोद्योगिकी के बारे मेंए आरेडिका पर बनी कॉरपोरेट फिल्म एवं प्रजेंटेसन के द्वारा अवगत कराया। मंत्री समूह ने आरेडिका के कोचों की तकनीकीए डिजाइन एवं गुणवता देख कर प्रसन्नता व्यक्त



की।मंत्री महोदयए ने पद्मश्री सम्मानित आरेडिका की विषेष खेल.कूद अधिकारी सुश्री सुधा सिंह को सम्मानित कियाए इसी कड़ी में राष्ट्रीय कौषल विकास योजना के तहत प्रषिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को मंत्रीगण द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। सभी को सम्बोधित करते हुए माननीय जितिन प्रसाद ने आरेडिका की प्रसन्नता करते हुए कहा किए ये फैक्ट्री प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान पर खरी उतरती हैएयहाँ की हरियाली और साफसफाई एवं सुन्दरता देखते ही बनती है।कारखाना निरीक्षण के दौरान मंत्रीगण ने सेल असेम्बली लाइन व इकोनॉमी कोच की फिनिशिंग देखकर अत्यंत प्रसन्नता जाहिर की। प्रेसइसी के साथ.साथ आरआईएनएल के अधिकारियों ने फोर्जड व्हील बनाने की तकनीक के संबंध में प्रेजेंटेशन दीए मंत्री महोदय ने रायबरेली में बन रहे फोर्जड व्हील निर्माण की तकनीक को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और उम्मीद जताई किशीघ्र ही लालगंज स्थित इस कारखाने से रेल डिब्बों के पहिये रेल पथ पर दौड़ने व विदेशी मुद्रा की बचत होगी।इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री एनण्डीण्रावए पीएफए श्री जेएन पाण्डेयए सीक्यूएम श्री आर के एम पासीए आरआईएनएल के डा0 वी आर वापराव मुख्य महाप्रबंधकए श्री सदानंद सरकार जीएम डिजाइन इंजीण् एवं रायबरेली जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित आरेडिका के उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित ट्रक चाय की दुकान में घुसा तीन की हुई मौत

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में बुधवार को सुबह अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग-330पर कूरेभार बाजार में तेज रफ्तार से आ रहा एक ट्रक टायर फट जाने के बाद अनियंत्रित हो कर एक अन्य ट्रक से टकराया और फिर सड़क के किनारे चाय की एक दुकान जा घुसा, जिससे दो स्थानीय लोगों और ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हुए है। राहत एवं बचाव कार्य के लिए क्रेन और जेसीबी की मदद ली गई। कूरेभार के थानाध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्र ने बताया कि कूरेभार बाजार में पवन नामक व्यक्ति की चाय की दुकान है। रोज की तरह बुधवार को सुबह भी उसने 5 बजे के आसपास दुकान खोला। तभी अयोध्या की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक का टायर फट गया और वह अनियंत्रित हो कर दूसरे ट्रक से टकराने के बाद सीधे पवन की दुकान में जा घुसा। मिश्र के अनुसार, हादसे में दुकान पर मौजूद राजेश अग्रहरी (38), निवासी कस्बा कूरेभार, राजन तिवारी (58), निवासी चमुरखा कूरेभार और राकेश कसौधन (35), निवासी कस्बा कूरेभार की मौके पर ही मौत हो गई है।

# तीरंदाजी, मुक्केबाजी व महिला हाकी के विकास को मिलेंगे 215 करोड़

## ● खेल मंत्रालय ने एनटीपीसी, आरईसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

भाषा। नई दिल्ल

**खेल** मंत्रालय ने बुधवार को देश के सबसे बड़े ऊर्जा समूह एनटीपीसी और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसमें दोनों सार्वजनिक उपक्रमों ने राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) को 215 करोड़ रुपए देने का वादा किया।

एनटीपीसी जहां तीरंदाजी के विकास के लिए 115 करोड़ रुपए देगी, वहीं आरईसी महिला हॉकी और मुक्केबाजी के लिए 100 करोड़ रुपए देगी। समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर के दौरान खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, बिजली और नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह, एनटीपीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह और आरईसी के मुख्य प्रबंध निदेशक विवेक कुमार सहित अन्य लोग शामिल मौजूद थे। एनटीपीसी 2018 से खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के साथ साझेदारी में तीरंदाजों का समर्थन कर रहा है। इसका उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। अपनी सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) पहल के तहत एनटीपीसी ने तीरंदाजी के विकास के लिए पांच वर्षों में 115




करोड़ रुपए की प्रतिबद्धता जताई है। इसमें से प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना, धनुष और तीर जैसे उपकरणों के लिए 15 करोड़ रुपए एकमुश्त खर्च किए जाएंगे। बाकी के 100 करोड़ रुपए अगले पांच साल में खर्च किए जाएंगे। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि देश में खेलों को बढ़ावा देने के पीछे वित्तीय सहायता काफी अहम है और भारत को एक खेल राष्ट्र बनाने के सरकार के प्रयास में सार्वजनिक उपक्रमों से इस तरह की अधिक मदद की जरूरत है।

उन्होंने कहा, जैसे किसी एथलीट को ताकत की आवश्यकता होती है, वैसे ही खेलों को बढ़ावा देने के लिए धन की आवश्यकता होती है। एनटीपीसी और आरईसी की यह पहल एथलीटों को देश के लिए पदक जीतने का मनोबल देगा। आर.के. सिंह ने कहा, मैं अन्य कंपनियों, सार्वजनिक उपक्रमों और व्यक्तियों से इस तरह ही पहल के लिए आगे आने और खेलों को बढ़ावा देने का आग्रह करता हूं।

## मंत्रिमंडल ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी के लिए गारंटी पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप फुटबॉल 2022 की मेजबानी के लिए गारंटी पर हस्ताक्षर करने को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी। सूचना प्रसारण तथा युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 भारत में 11 से 30 अक्टूबर 2022 तक खेला जाना है। सरकारी बयान के अनुसार, इस द्विवार्षिक प्रतियोगिता का सातवां सत्र भारत में होने जा रहा है जो देश में आयोजित की जाने वाली पहली फीफा महिला प्रतियोगिता होगी। इसमें कहा गया है कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को खेल के मैदान के रख-रखाव, स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता, ऊर्जा एवं केबल बिछाने तथा मैदान व प्रशिक्षण स्थल की ब्रांडिंग आदि के लिए 10 करोड़ रुपए की सहायता का वित्तीय परिव्यय राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को सहायता योजना के लिए बजटीय आवंटन से वहन किया जाएगा।

बयान में कहा गया है कि फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप एक प्रतिष्ठित आयोजन है और यह भारत में पहली बार आयोजित किया जाएगा। यह अधिक संख्या में युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा और भारत में फुटबॉल के खेल को विकसित करने में मदद करेगा।

# स्मृति का अर्द्धशतक, भारत ने इंग्लैंड को हराकर शृंखला बराबर की

**भारतीय महिला दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच**

भाषा। डर्बी




**सलामी** बल्लेबाज स्मृति मंधाना के नाबाद अर्धशतक और आफ स्पिनर स्नेह राणा के तीन विकेट से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंगलवार को यहां इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला।-। से बराबर कर दी। इंग्लैंड का पहले बल्लेबाजी करने का फैसला गलत साबित हुआ जब भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर के अंदर मेजबान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 54 रन कर दिया।

इंग्लैंड की बल्लेबाजों को शुरुआत में रन बनाने में परेशानी हुई और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। फ्रेया केंप (37 गेंद पर नाबाद 51) और माइया बाउचियर (26 गेंद पर 34 ने) ने छठे विकेट के लिए 65 रन जोड़कर पारी को संभाला और इंग्लैंड को छह विकेट पर 142 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। सत्रह वर्षीय फ्रेया ने अपनी पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए जबकि माइया ने चार बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। स्नेह (24 रन पर तीन विकेट) ने खतरनाक दिख रही इस साझेदारी को 18वें ओवर में माइया को विकेटकीपर रिचा घोष के हाथों स्टंप कराके तोड़ा। फ्रेया ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और सोफी एक्लेस्टोन (नाबाद 07) के साथ मिलकर बाकी बची 15 गेंद पर 23 रन बटोरे।

भारत की ओर से रेणुका सिंह (30 रन एक विकेट) और दीप्ति शर्मा (21 रन पर दो विकेट) ने स्नेह का अच्छा साथ निभाया। भारत ने इसके जवाब में स्मृति (53 गेंद पर नाबाद 79 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 29) और शेफाली वर्मा (20) की पारियों की बदौलत 3.2 ओवर शेष रहते दो विकेट पर 146 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। स्मृति और शेफाली ने पावरप्ले के छह ओवर में 55 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। सोफी ने आखिरकार इंग्लैंड को सफलता दिलाई जब उन्होंने अपनी ही गेंद पर गोता लगाते हुए शेफाली का कैच लपका। डायलन हेमलता (09) ने एक बार फिर निराश किया। उन्हें फ्रेया ने बोल्ड किया। उन्होंने 16 गेंद खेली। हरमनप्रीत और उप कप्तान स्मृति ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए नाबाद 69 रन की साझेदारी निभाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। स्मृति ने 17वें ओवर में फ्रेया पर तीन चौके लगाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। भारतीय बल्लेबाजों ने कोई छक्का नहीं मारा लेकिन स्मृति के बल्ले से 13 चौके निकले जबकि हरमनप्रीत और शेफाली ने भी चार-चार चौके मारे। मेजबान टीम की ओर से सोफी (22 रन पर एक विकेट) और फ्रेया (30 रन पर एक विकेट) ही विकेट चटका पाए। तीन मैच की श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच 15 सितंबर को ब्रिस्टल में खेला जाएगा।

## आत्मविश्वास के कारण बराबरी हासिल कर पाए: हरमनप्रीत

**डर्बी (भाषा)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि आत्मविश्वास और गणनात्मक दृष्टिकोण ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आठ विकेट की जीत से तीन मैच की श्रृंखला।-। से बराबर कराने में मदद की। पहले मैच में निराशाजनक हार के बाद भारत ने वापसी करते हुए मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल की जिससे सभी की नजरें अब ब्रिस्टल में गुरुवार को होने वाले श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले पर टिकी हैं। हरनमप्रीत ने मंगलवार रात मैच के बाद कहा, मैं बेहद खुश हूं, हमने अच्छा खेल दिखाया। हर कोई आज जीतने की उम्मीद कर रहा था, यही वह चीज है जिससे मैं खुश हूं। हमारे पास सभी बल्लेबाजों के लिए योजनाएं हैं लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि हम उन्हें लागू करें। क्षेत्ररक्षकों ने गेंदबाजों का अच्छी तरह से समर्थन किया। उन्होंने कहा, हम एक



क्षेत्ररक्षण टीम के रूप में सुधार कर रहे हैं। राधा ने जिस तरह से क्षेत्ररक्षण किया, वह पिछले मैच में चोटिल हो गई थी। मैं आज उसके प्रयास से खुश हूं। जब भी हम (स्वयं और स्मृति) एक साथ बल्लेबाजी करते हैं तो हमारे पास आत्मविश्वास होता है, हम गणना कर सकते हैं कि क्या रुख अपनाना है, दाएं-बाएं हाथ की बल्लेबाजों का संयोजन हमेशा हमारे लिए सकारात्मक होता है। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 53 गेंद में नाबाद 79 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने महत्वपूर्ण जीत हासिल करते हुए श्रृंखला बराबर की।

## क्विक न्यूज

### घुड़सवारी: फवाद मिर्जा की नजरें विश्व चैम्पियनशिप में अच्छे प्रदर्शन पर



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष घुड़सवार फवाद मिर्जा इटली के ऐतिहासिक शहर प्राटोनी डेल विवरेस में गुरुवार से शुरू होने वालइ अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी संघ (एफईआई) विश्व चैम्पियनशिप की इवेंटिंग स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे। एशियाई खेलो मे दो रजत पदक जीतने वाले मिर्जा इवेंटिग विश्व चैम्पियनशिप का टिकट पक्का करने वाले इक्लौते भारतीय घुड़सवार है। प्राटोनी डेल विवरेस ने 1960 में रोम ओलंपिक के दौरान इवेंटिग स्पर्धा की मेजबानी की थी। विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन 25 सितंबर तक होगा। तीस साल के मिर्जा ने यहां जारी विज्ञप्ति मे कहा, मै ऐतिहासिक स्थल पर विश्व चैपियनशिप मे भाग लेने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यहां दुनिया भर के शीर्ष घुड़सवार प्रतिस्पर्धा करेंगे। मैने इसकी तैयारी के दौरान जर्मनी में कड़ी मेहनत की है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार हूं।

### अभिजीत ने आठ अंडर 62 का शानदार कार्ड खेला

**जयपुर।** चंडीगढ़ के गोल्फर अभिजीत सिंह चड्ढा ने जयपुर ओपन के शुरुआती दौर मे बुधवार को यहां आठ अंडर 62 के शानदार स्कोर के साथ बढ़त हासिल की। पीजीटीआई मे तीन बार के विजेता अभिजीत ने 15 होल में 25 फुट दूर से गेंद को होल में पहुंचा कर बर्डी बनाई। अहमदाबाद के अंशुल पटेल ने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन छह अंडर 64 के कार्ड के साथ दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से काबिज चार गोल्फर चंडीगढ़ के अमृत लाल और अक्षय शर्मा, कोलकाता के अर्जुन पुरी और बेंगलुरु के मारी मुथु ने 65 का कार्ड खेला।

### आर्सेनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच मैच को स्थगित किया गया

**लंदन।** आर्सेनल और पीएसवी आइंडहोवेन के बीच स्थगित यूरोपा लीग का मुकाबला अगले महीने होगा क्योंकि प्रीमियर लीग लंदन के फुटबॉल क्लब के मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ होने वाले मुकाबले को स्थगित करने को राजी हो गया है। यूरोपीय फुटबॉल की संचालन संस्था यूएफा ने कहा है कि आर्सेनल और पीएसवी के बीच होने वाला मैच 20 अक्टूबर को होगा। यह मुकाबला गुरुवार को होना था लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि रानी एलिजाबेथ द्वितीय की राजकीय अंत्येष्टि की तैयारी के दौरान पुलिस के पास लंदन में संसाधन नही है। प्रीमियर लीग की मौजूदा दो शीर्ष टीम के बीच होने वाले मुकाबले में आर्सेनल को 19 अक्टूबर को मैनचेस्टर सिटी की मेजबानी करनी थी। प्रीमियर लीग ने कहा है कि आर्सेनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच मुकाबले की नई तारीख पर सहमति नही बनी है। कतर में 20 नवंबर से 18 दिसंबर तक होने वाले विश्व का को देखते हुए प्रीमियर लीग का कार्यक्रम पहले ही काफी व्यस्त है।

### डेविस कप के पूर्व कप्तान और लिएंडर पेस के मार्गदर्शक नरेश कुमार का निधन

**कोलकाता।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के शुरुआती दिनो के कोच और भारत के पूर्व डेविस कप कप्तान नरेश कुमार का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 93 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, बेटा अर्जुन, बेटी गीता तथा परिहा हैं। नरेश की कप्तानी में डेविस कप में पदार्पण करने वाले जयदीप मुखर्जी ने पीटीआई-भाषा से कहा, वह पिछले हफ्ते से उम्र संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। मुझे बताया गया कि उनके बचने की संभावना बहुत अच्छी नही थी। मैने एक महान मार्गदर्शक खो दिया है। नरेश का जन्म एकीकृत भारत के लाहौर में 22 दिसंबर 1928 को हुआ था। टेनिस में उनके सफर की शुरुआत 1949 एशिया कप से हुई। इसके बाद वह और रामनाथन कृष्णन 1950 के दशक में भारतीय टेनिस का चेहरा बने रहे।

# बांग्लादेश की टी20 विश्व कप टीम से महमूदुल्लाह बाहर

एपी। ढाका

**बांग्लादेश** ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह को 15 सदस्ईय टीम से बाहर कर दिया है। मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदीन ने बुधवारक को टीम चयन के बाद कहा कि टी20 प्रारूप में बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले और सबसे अधिक रन बनाने वाले महमूदुल्लाह टीम के तकनीकी सलाहकार श्रीधरन श्रीराम द्वारा निर्धारित एक साल की योजना में फिट नहीं बैठ रहे है।

उन्होंने कहा, महमूदुल्लाह ने हमें कई अच्छी यादें दी हैं। हमारे मौजूदा तकनीकी सलाहकार ने हमें एक साल की जो योजना दी है, उसे ध्यान में रखते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं। इस के मुताबिक टीम प्रबंधन के साथ चर्चा के बाद महमूदुल्लाह को बाहर रखा गया है। महमूदुल्लाह ने हाल ही में संपन्न हुए एशिया कप के दो मैचों में अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ 25 और 27 रन बनाए थे। टीम की घोषणा से एक दिन पहले बोर्ड के निदेशक खालिद महमूद ने कहा कि महमूदुल्लाह ने कम स्ट्राइक रेट से रन बनाए, जिससे टीम प्रबंधन संतुष्ट नहीं हुआ। महमूदुल्लाह के अलावा एशिया कप टीम में शामिल रहे इनामुल हक बिजॉय, मेहदी हसन, मोहम्मद नईम और परवेज हुसैन को भी बाहर कर दिया गया। टीम के एक और



अनुभवी खिलाड़ी मुशफिकुर रहीम ने एशिया कप के बाद इस प्रारूप से संन्यास ले लिया है। सलामी बल्लेबाज लिटन दास, विकेटकीपर बल्लेबाज नूरुल हसन सोहन और तेज गेंदबाज हसन महमूद को चोट से उबरने के बाद टीम में शामिल किया गया। श्रीराम की सलाह पर बांग्लादेश ने यासिर अली चौधरी और नजमुल हुसैन शन्तो को भी टी20 टीम में जगह दी है।

**टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश की टीम:** शाकिब अल हसन (कप्तान), नूरुल हसन सोहन (उपकप्तान), सब्बीर रहमान, मेहदी हसन मिराज, अफिफ हुसैन, मोसादेक हुसैन, लिटन दास, यासिर अली चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मोहम्मद सैफुद्दीन, तस्कीन अहमद, इबादत हुसैन चौधरी, हसम महमूद, नसुम अहमद, नजमुल हुसैन। स्टैंड बाय: शोरीफुल इस्लाम, रिशाद हुसैन, मेहदी हसन, सौम्य सरकार।

## रोबिन उथप्पा ने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम (2007) के सदस्य पूर्व सलामी बल्लेबाज रोबिन उथप्पा ने बुधवार को भारतीय क्रिकेट के सभी रूपों से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए आखिरी बार 2015 में खेलने वाले 36 वर्षीय उथप्पा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी की। उथप्पा ने कहा, अपने देश और अपने राज्य कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा है। सभी अच्छी चीजों का हालांकि अंत होता है। मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज कहा, मुझे पेशेवर क्रिकेट खेलना शुरू किए हुए 20 साल हो गए हैं, और अपने देश और राज्य (कर्नाटक) का प्रतिनिधित्व करना सबसे बड़ा सम्मान रहा है। उतार-चढ़ाव भरी यह अद्भुत यात्रा शानदार रही है। इसने मुझे एक इंसान के रूप में विकसित होने का मौका दिया। इस घोषणा के साथ ही वह अन्य देशों की लीग क्रिकेट में खेलने के योग्य हैं। उथप्पा ने 2004 अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इसके दो साल बाद उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया। भारत के लिए उन्होंने 46 एकदिवसीय और 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय में क्रमश: 934 और 249 रन बनाए है। उन्होंने इसके साथ ही प्रथम श्रेणी में 9446 और लिस्ट ए में 6534 रन बनाए है। उथप्पा के नाम इंडियन प्रीमियर लीग की दो (2014 और 2021) ट्रॉफी है।

## मुंबई इंडियन्स ने जयवर्धने और जहीर को नई भूमिकाएं सौंपी

**मुंबई (भाषा)।** इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियन्स ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ियों महेला जयवर्धने को नई भूमिकाएं सौंपते हुए उन्हें क्रमश: वैश्विक प्रदर्शन प्रमुख और वैश्विक क्रिकेट विकास प्रमुख बनाया। ए नियुक्तियां मुंबई इंडियन्स की केंद्रीय विस्तार योजना का हिस्सा हैं। मुंबई इंडियन्स के बयान के अनुसार जसवर्धने समूह के वैश्विक क्रिकेट संचालन को नेतृत्व प्रदान करेंगे जिसमें समग्र रणनीतिक योजना, एकीकृत वैश्विक उच्च प्रदर्शन पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण और साथ ही प्रत्एक टीम की कोचिंग और सहायक संरचनाओं की जिम्मेदारी शामिल है। वह तालमेल सुनिश्चित करने के लिए टीम के मुख्य कोच के साथ मिलकर काम करेंगे, क्रिकेट का एक ब्रांड तैयार करेंगे और फ्रेंचाइज़ी द्वारा निर्धारित सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करेंगे।

## विनेश फोगट ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता




**बेलग्रेड (भाषा)।** भारतीय पहलवान विनेश फोगट (53 किग्रा) विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के कांस्य पदक मुकाबले में स्वीडन की एम्मा जोना मालमग्रेन को हराकर इस स्पर्धा में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं। विनेश ने 2019 सत्र में नूर-सुल्तान (कजाकिस्तान) में भी कांस्य पदक जीता था। क्वालीफिकेशन राउंड में हार के बाद विनेश ने शानदार वापसी की। उन्होंने कांस्य पदक के दौर में मालमग्रेन को 8-0 से हराया था। अपने पहले मुकाबले में मंगलवार को 2022 एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंगोलिया की खुलन बटखुयाग से हारने के बाद विनेश ने रेपचेज दौर के माध्यम से कांस्य प्ले-ऑफ में जगह बनाई थी।

## कोहली टी20 रैंकिंग में 15वें स्थान पर पहुंचे, सूर्यकुमार चौथे पायदान पर बरकरार

भाषा। दुबई

**दिग्गज** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हाल ही में संपन्न एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में 14 स्थान के सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गए। कोहली ने यूएई में खेले गए एशिया कप में पांच मैचों में 276 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीन साल में अपना पहला शतक जड़ा। इस सूची की अगुवाई पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान



(810 रेटिंग अंक) कर रहे हैं जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव (755 रेटिंग अंक) चौथे स्थान के साथ सर्वश्रेष्ठ भारतीय बल्लेबाज हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (606 रेटिंग अंक) इस सूची में 14वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों की सूची में भुवनेश्वर कुमार एक स्थान के नुकसान के साथ सातवें पायदान पर खिसक गए जबकि रविचंद्रन अश्विन



(नौ स्थान के सुधार के साथ 41वें) और अक्षर पटेल (14 स्थान के सुधार के साथ 57वें) अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे। पाकिस्तान के हारिस रउफ (नौ स्थान के सुधार के साथ 25वें) और मोहम्मद नवाज (सात स्थान के सुधार के साथ 25वें) भी एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन से अपनी रैंकिंग को बेहतर करने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं।

# बायर्न ने बार्सीलोना को हराया, लीवरपूल भी जीता



एपी। लंदन

**बायर्न** म्यूनिख ने बार्सीलोना पर दबदबा बरकरार रखते हुए मंगलवार को यहां चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में उसे 2-0 से हराया। बायर्न की टीम को इस मैच में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की बिलकुल भी कमी नहीं खली जो आफ सत्र में उसका साथ छोड़कर बार्सीलोना से जुड़ गए थे।

बायर्न ने शुरुआत से ही बार्सीलोना पर दबदबा बनाया। लेवानदोवस्की के पहले हाफ में गोल करने के कई अच्छे मौके गंवाने के बाद लुकास हर्नांडिज और लेरॉय साने ने दूसरे हाफ में पांच मिनट के अंतराल में गोल करके बायर्न को 2-0 से बढ़त दिलाई जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इस जीत से बायर्न ग्रुप सी में दो मैच में दो जीत के साथ शीर्ष पर है। स्पोर्टिंग लिस्बन भी ग्रुप डी में छह अंक पर पहुंच गया है। टीम ने स्वदेश में अंतिम मिनटों में दो गोल दागकर टोटेनहैम को 2-0 से हरा दिया।

लीवरपूल ने 89वें मिनट में जोएल माटिप के गोल से अजाक्स को 2-। से हराकर यूरोपीय चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की। पिछले साल के उप विजेता लीवरपूल को 17वें मिनट में मोहम्मद सालाह ने बढ़त दिलाई लेकिन मोहम्मद कुडुस ने 27वें मिनट में स्कोर।-। कर दिया।

## लीवरक्युसेन ने चैंपियन्स लीग मे एटलेटिको मैड्रिड को हराया

एपी। लीवरक्युसेन (जर्मनी)

**बायर** लीवरक्युसेन ने मंगलवार को यहां चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी मुकाबले में एटलेटिको मैड्रिड पर 2-0 से जीत दर्ज की। रॉबर्ट एंड्रिच (84वें मिनट) और मौसा डायबी (87वें मिनट) ने जेरेमी फ्रिमपोंग की मदद से तीन मिनट में दो गोल दागकर लीवरक्युसेन की जीत सुनिश्चित की। सभी प्रतियोगिताओं में आठ मैच में छह हार के बाद लीवरक्युसेन की यह सत्र की दूसरी जीत है।

लीवरक्युसेन के कोच गेरार्डो सियोने पर दबाव बढ़ रहा था विशेषकर पिछले हफ्ते ग्रुप बी के शुरुआती मैच में क्लब ब्रूग के खिलाफ 0-। की हार के बाद। एंड्रिक और डायबी ने हालांकि एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ टीम को जीत दिलाकर कोच के ऊपर से दबाव को कुछ कम किया।

## फ्रेंकफर्ट ने मार्सिले को हराया

**मार्सिले (एपी)।** डिफेंस की नाकामी का खामियाजा मार्सिले को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एक और हार के साथ चुकाना पड़ा जब मंगलवार को यूरोपा लीग विजेता एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट ने स्वदेश में उसे।-0 से हरा दिया। कोच इगोर ट्यूडर की टीम फ्रेंच लीग में अजेय है लेकिन इस स्तर पर कड़ी चुनौती पेश करने के लिए उसके पास पर्याप्त सक्षम खिलाड़ी नहीं हैं। मार्सिले की टीम 43वें मिनट में पिछड़ गई जब डिफेंस की गलती का फायदा उठाते हुए मिडफील्डर जेस्पर लिंडस्ट्रॉम ने गोल दागा। जापान के मिडफील्डर दाइची कमादा ने 79वें मिनट में फ्रेंकफर्ट की ओर से एक और गोल किया लेकिन यह आफ साइड हो गया। दूसरे ग्रुप डी मैच में टोटेनहैम को स्पोर्टिंग ने 2-0 से हराया और टीम छह अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गई है। टोटेनहैम और फ्रेंकफर्ट के तीन-तीन अंक हैं। टोटेनहैम की टीम बेहतर गोल अंतर के कारण दूसरे स्थान पर है। मार्सिले अंतिम स्थान पर है। मार्सिले और फ्रेंकफर्ट के बीच मुकाबले के दौरान स्टेड वेलोड्रोम में अशांत माहौल था।

## करमन की हार से चेन्नई ओपन के एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त

भाषा। चेन्नई

**कनाडा** की यूजिनी बूचार्ड ने चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के एकल प्री- क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यहां करमन कौर थांडी को हराकर इस वर्ग से भारतीय चुनौती को खत्म कर दी।

करमन ने दूसरे सेट में शानदार जज्बा दिखाया और वापसी की पूरी कोशिश की लेकिन बुचर्ड का अनुभव उन पर भारी पड़ी। विश्व रैंकिंग की पांचवें स्थान पर रह चुकी बूचर्ड ने दूसरे दौर का यह मुकाबला 6-2, 7-6 से जीता। इससे पहले देश की नंबर एक एकल महिला खिलाड़ी अंकिता रैना मंगलवार को पहले दौर में ही ततजाना मारिया से हार गई थीं। करमन ने पहले सेट को आसानी से गंवाने के बाद विम्बलडन की पूर्व उपविजेता को कड़ी टक्कर दी। चौबीस साल की भारतीय खिलाड़ी ने 2-2 से सेट बराबर होने के बाद लगातार तीन सेट जीतकर उम्मीदें जगा दी थी लेकिन बुचार्ड ने वापसी कर स्कोर 6-6 किया। उन्होंने इसके बाद



टाई-ब्रेकर में करमन को कोई मौका नहीं दिया और 7-2 से इसे जीतने के साथ मैच अपने नाम कर लिया। एकल में हार के बाद युगल वर्ग में भी अंकिता को निराशा हाथ लगी। अनास्तासिया गासानोवा और ओक्साना सेलेकमेतेवा की जोड़ी ने अंकिता रैना और रोजली वान डेर होक की जोड़ी को 6-।, 6-4 से हराया।